www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

अहिंसा परमो धर्मः / प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 14 मई 2026 शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 94 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# छत्तीसगढ़ भाजपा में बड़े बदलावों की आहट: कोर ग्रुप पुनर्गठन से सत्ता-संगठन में नई हलचल

**पंकज शर्मा**

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी के भीतर चल रही बैठकों और संगठनात्मक गतिविधियों ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। राजधानी रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 12 और 13 मई को हुई कोर कमेटी, प्रदेश पदाधिकारियों और प्रदेश कार्यसमिति की बैठकों को पार्टी के भीतर बड़े बदलावों की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि पार्टी की ओर से इन्हें नियमित संगठनात्मक समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रणनीतिक बैठक बताया जा रहा है, लेकिन सत्ता और संगठन दोनों स्तरों पर संभावित पुनर्संतुलन की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

बुधवार को आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश पदाधिकारी, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### अब तक सरकार क्या कर रही थी: बैज

ओपी चौधरी के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, 'यह शर्मनाक बयान है कि समीक्षा करेंगे। अब तक सरकार क्या कर रही थी? पहले कहा जा रहा था कि किसी तरह की कोई किल्लत नहीं है और अब लीपापोती की जा रही है।' उन्होंने कहा कि केवल काफिला कम करने से समस्या हल नहीं होगी। सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और विपक्ष से भी चर्चा करनी चाहिए।

### सत्ता-संगठन में बदलाव की चर्चा क्यों?

सरकार अपने कार्यकाल के ढाई वर्ष पूरे होने की ओर बढ़ रही है वहीं संगठन में कई बड़े पदाधिकारियों के कार्यकाल को लेकर समीक्षा चल रही है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के भविष्य को लेकर भी पार्टी के भीतर चर्चा तेज बताई जा रही है। भाजपा सूत्रों का दावा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ में सरकार और संगठन दोनों को लेकर फीडबैक और सर्वे कराया है। उसी आधार पर आगे की रणनीति बनाई जा रही है।

### कोर कमेटी में बड़े बदलाव, नए चेहरों की एंट्री

मंगलवार को हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक सबसे ज्यादा चर्चा में रही। इस बैठक में संगठनात्मक ढांचे में अहम बदलाव करते हुए कई नए नेताओं को शामिल किया गया, जबकि कुछ वरिष्ठ नेताओं की भूमिका में परिवर्तन के संकेत दिखाई दिए। सूत्रों के मुताबिक उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व मंत्री-विधायक अमर अग्रवाल को नई कोर कमेटी में शामिल किया गया है। इसे भाजपा के भीतर नई पीढ़ी और आक्रामक राजनीतिक शैली वाले नेताओं को आगे बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

### भाजपा में गुटबाजी को लेकर कांग्रेस का हमला

नई कोर कमेटी को लेकर विपक्षी कांग्रेस ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के भीतर गुटबाजी चरम पर पहुंच चुकी है। दीपक बैज ने कहा, 'बृजमोहन अग्रवाल पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। भाजपा उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। एक अनुभवी नेता को नजरअंदाज करना भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी को उजागर करता है।' उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा में लगातार अंदरूनी खींचतान बढ़ रही है और संगठनात्मक बदलाव उसी का परिणाम हैं।

### मुझे कोई किनारे नहीं कर सकता: बृजमोहन

कांग्रेस के आरोपों पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'भाजपा कोर कमेटी में रखना और निकालना बेहद सामान्य प्रक्रिया है। मैं पिछले दस वर्षों तक कोर कमेटी का हिस्सा रहा हूं। मेरे साथ कोई सौतेला व्यवहार नहीं कर सकता।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं जब तक सक्रिय हूं, तब तक मुझे कोई किनारे नहीं कर सकता और न ही मेरे साथ कोई सौतेला व्यवहार कर सकता है। कोई भी व्यक्ति एक ही जगह जिंदगी भर नहीं रहेगा और समय-समय पर लोग बदलते रहते हैं।

## आज बेबाक

पीएम मोदी की अपील पर लोग एक साल तक सोना खरीदना बंद करेंगे या नहीं यह आने वाला वक्त ही बताएगा क्योंकि इस अपील का विरोध करने वाले विपक्षी अपनी जमीन जायदाद बेचकर सोना खरीदने उमड़ सकते हैं। आम आदमी जो चांदी नहीं खरीद पाता वह क्या खाक सोना खरीदेगा। खास आदमी सोना के बदले हीरे जवाहरात खरीदेगा। हां अब - सोना कितना सोना है, सोने जैसा तेरा मन..., ओ मेरे सोना रे सोना दे दूंगी जान जुदा मत होना रे .., चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल.... और सोना लई जा रे....जैसे गाने गुनगुनाना लोग बंद कर देंगे।

| तापमान | |
|---|---|
| अधिकतम 44° | न्यूनतम 27° |

| बाजार भाव | |
|---|---|
| गोल्ड 1,51,140 | सिल्वर 2,54,798 |

| शेयर बाजार | |
|---|---|
| सेंसेक्स 77,328.19 | निफ्टी 24,176.15 |

| विश्व जनसंख्या | भारत जनसंख्या |
|---|---|
| 8,291,743,121 | 1,474,975,253 |

### सट्टा सिंडिकेट के 3 आरोपी गिरफ्तार, एक करोड़ कैश बरामद

**रायगढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायगढ़ जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मास्टरमाइंड सट्टे की कमाई को अलग-अलग कारोबारियों के यहां छिपाकर रखता फिर उसे हवाला चैनल के जरिए आगे ट्रांसफर करता था। वहीं, गिरफ्तार बाप-बेटे आरोपी सट्टे से मिले ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में बदलते थे। पुलिस ने उनके पास से 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपए कैश, एक नोट गिनने की मशीन, 4 मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया है। कुल मिलाकर पुलिस ने करीब 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 रुपए की संपत्ति जब्त की है। जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल को साइबर सेल, कोतवाली पुलिस और घरघोड़ा थाना की संयुक्त टीम ने शहर और घरघोड़ा क्षेत्र में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा नेटवर्क पर एक साथ दबिश दी।

## गरमा-गरम

**पीएम ने आधा किया काफिला:** मोदी की अपील के बाद अमित शाह, योगी के काफिले में कम हुई गाड़ियां

# तेल बचाना है, देश चलाना है

**नई दिल्ली/ए.।** मिडिल ईस्ट संकट गहराने के बाद सरकार ने पेट्रोल-डीजल बचत करने के उपायों पर तेजी से अमल करने को कहा है, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी पहल की है।

पीएम मोदी ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या आधी कर दी है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी काफिले में शामिल वाहनों की संख्या घटाकर अब आधे से भी कम कर दी है। पीएम ने कहा है कि उनके काफिले में इलेक्ट्रिक वाहन बढ़ाए जाएं। इसके लिए नए वाहन न खरीदे जाएं। केंद्र सरकार के मंत्रालयों ने भी ईंधन बचत की कवायद शुरू कर दी है।

बीजेपी शासित राज्यों के कुछ मुख्यमंत्रियों ने भी अपने काफिले में कटौती का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश और राजस्थान के सीएम ने यह निर्णय लिया है। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने एस्कॉर्ट वाहन न लेने का फैसला किया है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल:** प्रधानमंत्री ने अपने सुरक्षा बेड़े में बड़ी कटौती के निर्देश दिए। गाड़ियों की संख्या में 50% तक की कटौती करने को कहा है। बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाने को कहा गया है।

### बिहार सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद बिहार में सीएम काफिले में वाहनों की संख्या कम होगी। मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से बिना अतिरिक्त वाहन कार्यक्रम में आने की अपील की गई है। सरकारी बैठकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराने का निर्देश दिया गया है। सरकारी कैंटीन में पाम ऑयल के कम इस्तेमाल का निर्देश है। सरकारी और निजी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की सलाह है। सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे मनाने की अपील है।

### यूपी में नौकरशाहों की गाड़ियों में 50% कटौती

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काफिले, मंत्रियों और नौकरशाहों की गाड़ियों की संख्या में 50% की कमी का आदेश दिया है। हफ्ते में एक दिन नो व्हीकल डे और सरकारी बैठकों को 50% तक ऑनलाइन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का भी आग्रह किया है। सीएम ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या भी कम कर ऊर्जा बचत का संदेश दिया है।

### ऊर्जा संरक्षण का हर कदम राष्ट्रनिर्माण में योगदान: साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में ईंधन संरक्षण एवं संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर किए गए आह्वान का समर्थन करते हुए कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस दौर में पेट्रोल-डीजल जैसे मूल्यवान संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इसी भावना से प्रेरित होकर राज्य शासन द्वारा शासकीय स्तर पर ईंधन की खपत कम करने और संसाधनों के विवेकपूर्ण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने घटाया अपना काफिला

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए देशवासियों से की गई अपील का सम्मान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डॉ. रमन सिंह ने अपने प्रोटोकॉल काफिले से 4 वाहनों का उपयोग कम करने का फैसला लिया है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रहित में संसाधनों के संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक कर्तव्य की भावना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, तब परिवार के मुखिया के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसाधनों के संरक्षण का संदेश हम सभी भारतवासियों के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## ट्रम्प का 8 साल बाद चीन दौरा, 9 लाख करोड़ की विमान डील संभव

■ **ट्रम्प 15 मई तक बीजिंग में रहेंगे**

**वॉशिंगटन डीसी/ए.।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार को 8 साल बाद चीन दौरे पर पहुंचे। उनका विमान बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया, जहां चीनी उपराष्ट्रपति हान जेंग और चीनी डिप्लोमैट शी फेंग ने उन्हें रिसीव किया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ट्रम्प के बीच गुरुवार और शुक्रवार को अलग-अलग दौर की बातचीत होगी। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, ताइवान, रेयर अर्थ मिनरल्स एआई और ईरान युद्ध जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। ट्रम्प 15 मई तक बीजिंग में रहेंगे। यह 2017 के बाद उनका पहला चीन दौरा है।

इस दौरे में 9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोइंग विमान डील हो सकती है। चीन 500 बोइंग 737 एमएएक्स 100 बोइंग 787 ड्रीमलाइन और कई 777 एक्स वाइडबॉडी विमान खरीद सकता है। अगर करार हुआ तो यह इतिहास का सबसे बड़ा विमान सौदा होगा। ट्रम्प के साथ इलॉन मस्क, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### ट्रम्प ने कहा था- ईरान जंग खत्म करने के लिए चीन की जरूरत नहीं

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए उन्हें चीन की मदद की जरूरत नहीं है। ट्रम्प ने यह बयान वॉशिंगटन से बीजिंग रवाना होते समय दिया था। पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा था कि मुझे नहीं लगता कि हमें ईरान के मामले में किसी मदद की जरूरत है। अमेरिका यह युद्ध किसी भी तरह जीत जाएगा। जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या अमेरिका में लोगों की आर्थिक परेशानियां उनके फैसलों को प्रभावित कर रही हैं, तो उन्होंने कहा, मैं अमेरिकियों की आर्थिक स्थिति के बारे में नहीं सोचता।

## विजय सरकार फ्लोर टेस्ट में पास 118 वोट चाहिए थे, 144 मिले

■ **एआईएडीएमके के 25 बागी विधायक साथ आए, डीएमके का वॉकआउट**

**चेन्नई (ए.)।** तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री विजय की टीवीके सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग के वक्त सदन में 171 विधायक मौजूद थे। इनमें 144 ने टीवीके का समर्थन किया। टीवीके के पक्ष में एआईएडीएमके के 25 बागी विधायकों नें भी वोट डाला। एआईएडीएमके के 47 विधायक हैं। 22 ने टीवीके सरकार का विरोध किया। फ्लोर टेस्ट में 59 विधायकों वाली डीएमके ने वॉकआउट कर दिया। सदन मे मौजूद पीएमके के 4 और बीजेपी के एक विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए।

फ्लोर टेस्ट के साथ एआईएडीएमके में फूट भी पड़ गई । पार्टी पलानीस्वीमी और सीवी षणमुगम में गुट में बंट गई। सदन में विपक्ष के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### एन. रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के सीएम बने

**तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी/ए.।** एन. रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने हैं। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने लोक भवन में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद रहे। रंगासामी के अलावा भाजपा के ए नमस्सिवायम और एआईएलआरसी नेता मल्लादी कृष्णा राव ने मंत्री पद की शपथ ली। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## वीर शहीद गुंडाधुर के पैतृक गांव नेतानार जाएंगे गृहमंत्री अमित शाह

■ **केंद्रीय गृहमंत्री अमिक शाह बस्तर के गांव में करेंगे रात्रि विश्राम**

■ **मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में भी होंगे शामिल**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगामी 18 मई को दो दिवसीय बस्तर दौरा प्रस्तावित है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। गृहमंत्री अपने प्रवास के पहले दिन जगदलपुर शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित नेतानार गांव जाएंगे। यह गांव भूमकाल आंदोलन के जननायक वीर शहीद गुंडाधुर का पैतृक गांव है।

गृहमंत्री अमित शाह नेतानार गांव स्थित सीआरपीएफ कैंप में जवानों से मुलाकात करेंगे तथा उनके साथ रात्रि विश्राम भी करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय ग्रामीणों एवं बस्तर की विभिन्न जनजातियों के प्रमुखों से भी मुलाकात करेंगे। गृहमंत्री के आगमन को लेकर गांव में तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों में भी उनके प्रवास को लेकर काफी उत्साह और खुशी देखी जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार होगा जब कोई केंद्रीय मंत्री उनके गांव पहुंचेगा। नेतानार गांव कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। इसी गांव में नक्सलियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### अखिलेश यादव के भाई प्रतीक का निधन

**लखनऊ/ए.।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

**पेपर लीक:** एनटीए से भरोसा उठा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा-रीएग्जाम कराए, सीबीआई ने महाराष्ट्र से 2 को हिरासत में लिया

# केवल परीक्षा नहीं, लाखों परिवारों के सपनों पर चोट

**हेमंत धोटे**

देश में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाएं केवल छात्रों की योग्यता जांचने का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि इनके साथ लाखों परिवारों की उम्मीदें, त्याग और वर्षों की मेहनत जुड़ी होती है। विशेषकर NEET जैसी परीक्षाएं, जिनके लिए छात्र दिन-रात एक कर देते हैं और माता-पिता अपनी जरूरतों को पीछे छोड़ बच्चों के भविष्य को संवारने में लग जाते हैं।

ऐसे में जब पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तो यह केवल परीक्षा प्रणाली की विफलता नहीं होती, बल्कि लाखों मेहनती छात्रों और उनके परिवारों के विश्वास पर सीधा प्रहार होता है। आज स्थिति यह है कि पेपर लीक देश की शिक्षा और भर्ती व्यवस्था की सबसे गंभीर समस्याओं में बदल चुका है।

हर वर्ष किसी न किसी बड़ी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की खबर सामने आती है। 2014 के CPMT से लेकर 2015 के AIPMT, 2016 के यूपीपीएससी RO/ARO और PCS, 2018 के CBSE बोर्ड परीक्षा, 2021 के UPTET और

नीट का पेपर लीक, परीक्षा रद्द सीबीआई को जांच का जिम्मा

NEET, 2024 के UGC NET तथा यूपी पुलिस भर्ती तक अनेक परीक्षाएं इस समस्या की शिकार हो चुकी हैं। वर्ष 2026 में भी NEET UG परीक्षा से पहले कथित गेस पेपर वायरल होने और लगभग 125 प्रश्न मिलने के दावे के बाद परीक्षा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली/ए.।** नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा परीक्षा कराने की मांग की। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एटीए) की कार्यप्रणाली से अब भरोसा उठ चुका है। इसलिए मौजूदा गवर्निंग बॉडी का पुर्नगठन किया जाना चाहिए। सीबीआई ने नासिक से शुभम खैरनार और अहिल्याबाई नगर से धनंजय को हिरासत में लिया। धनंजय पर शुभम को पेपर देने का आरोप है। मुंबई कोर्ट ने सीबीआई को शुभम कह 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड दी। वहीं, राजस्थान पुलिस ने गुरुग्राम से बीएएमएस फर्स्ट ईयर के छात्र को पकड़ा है। दरअसल, एनटीए ने 12 मई को पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी थी। एनटीए ने माना कि गड़बड़ी हुई है। एग्जाम 3 मई को हुआ था, जिसमें 22.79 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

## हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका, घर में दीया जलाना भी काफी : सुप्रीम कोर्ट

■ **सबरीमाला केस में कोर्ट ने कहा- हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं, घर में दीया जलाना भी काफी**

**नई दिल्ली/ए.।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या खास पूजा-पाठ जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि घर में दीया जलाना भी आस्था दिखाने के लिए पर्याप्त है।

यह टिप्पणी चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ ने की। बेंच धार्मिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### सबरीमाला मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई हुई

सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है। इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

# बाघ की सुपारी, ओडिशा के सात शिकारी गिरफ्तार, जंगल में हाई अलर्ट

- **बाघ मारने की साजिश नाकाम, उदंती टाइगर रिजर्व में जहर और शिकारी गैंग खुलासा**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ के शिकार की खौफनाक साजिश का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। वन विभाग की एंटी पोचिंग टीम ने ओडिशा के 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर बाघ के शिकार की बड़ी योजना को समय रहते नाकाम कर दिया। आरोपियों के पास से जहरए चीतल के सींगए जहरीली मछलियां और केकड़े बरामद किए गए हैं। मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपियों को 7 साल तक की सजा हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के कुछ शिकारी उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सक्रिय बाघ को मारने की साजिश रच रहे थे। सूचना मिलते ही वन विभाग ने 5 दिन पहले ही ओडिशा बॉर्डर से लगी पहाड़ियों और बीहड़ों में 3 विशेष चौकी और कैंप स्थापित कर निगरानी शुरू कर दी थी।

कार्रवाई के दौरान 9 मई को ओडिशा निवासी 76 वर्षीय रमन हेरना को पकड़ा गया। उसके पास से चीतल का सींग बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उसने बाघ की खाल हासिल करने के लिए कुसुमखूंटा गांव के व्यक्ति को श्कॉन्ट्रैक्टश् दिया था। आरोप है कि बाघ को जहर और तीर.कमान से मारने की योजना बनाई गई थी और कटफड़ गांव के कई लोगों को इसमें शामिल किया गया था।

इसके बाद एंटी पोचिंग टीम ने जांच आगे बढ़ाई और 10 मई को कटफड़ गांव के 6 आरोपियों को रानीबरझोला नाला में जहर डालकर शिकार करते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी बाघ और हाथियों के विचरण क्षेत्र में नाले का पानी जहरीला कर वन्यजीवों को मारने की कोशिश कर रहे थे। मौके से जहर की शीशीए मरी हुई मछलियां और केकड़े जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में बुधराम पहरियाए अनंतराम पहरियाए मनलाल पहरियाए दिगसन पहरियाए धनु चिड़ा और मधुराम पहरिया शामिल हैं। सभी को श्रडथ्थ् राजिम कोर्ट में पेश किया गयाए जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। वन विभाग अब थर्मल ड्रोनए बॉर्डर कैंप और लगातार पेट्रोलिंग के जरिए जंगल की निगरानी कर रहा है। गरियाबंद पुलिस की फॉरेंसिक टीम की मदद से जब्त जहर को रायपुर एफएसएल लैब भेजा जा रहा है।

वन विभाग का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और वन्यजीवों के खिलाफ किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

गरीब माता-पिता ने बीमार पुत्र के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लगाई गुहार

# राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कमार जनजाति के गरीब माता-पिता की गुहार, मेरे बच्चे को बचाव सरकार

- **स्थानीय अधिकारियों से लेकर कलेक्टर तक लगा चुके फरियाद**
- **अब स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से बंधी है आस**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति के लोगो को राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र कहा जाता है और इनके विकास और उत्थान के लिए राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित करने की दावा करते थकती नही सरकार और तो और पीएम जनमन योजना के तहत कमार जनजातियो को समाज के मुख्यधारा मे लाने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे है इन सबके बावजूद गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र मे कमार जनजाति के लोगो को सरकार की योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है।

यह कहना कोई गलत नही होगा क्योकि तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 08 किमी दूर ग्राम बेहराडीह मे एक गरीब कमार परिवार अपने तीन वर्षीय बच्चे के इलाज के लिए पिछले तीन वर्षो से दर .दर की ठोकरे खा रहे है।

स्थानीय अधिकारियो से लेकर कमार विकास अभिकरण के अधिकारी और जिले के कलेक्टर तक से फरियाद लगा चुके है लेकिन अब तक उन्हे हर जगह निराशा ही हाथ लगी है। अब गरीब कमार परिवार के माता पिता ने थक हारकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गुहार लगाई है कि मेरे बच्चे का इलाज करावो सरकार। ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह मे निवास करने वाले फ्लेश नेताम एवं धनेश्वरी नेताम के पुत्र का जन्म आज से 03 वर्ष पहले मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे हुआ था तो परिवार मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी लेकिन बच्चा युवराज जन्म से ही एनोरेक्टल मालफॉर्मेशन नाम की बीमारी से ग्रसित है बच्चे का मलद्वार जन्म से नही है जन्म के बाद बच्चे को जिला अस्पताल रिफर किया गया और उसके बाद रायपुर रिफर कर दिया गया लेकिन गरीब परिवार के पास पैसे की कमी के चलते उनका इलाज नही हो पाया और पेट के पास एक पाईप लगा दी गई। युवराज के माता पिता फ्लेश नेताम एवं धनेश्वरी नेताम ने बताया कि उनके बच्चे का इलाज कराने के लिए मैनपुर जनपद के अधिकारियो से लेकर जिला चिकित्सा अधिकारी और कमार परियोजना एवं सहायक आयुक्त के अलावा जिले के कलेक्टर से फरियाद लगा चुके है सबको आवेदन दिया गया है लेकिन उन्हे सिर्फ आश्वासन मिला आज 03 वर्षो बाद भी बच्चे का इलाज नही हो पाया। कमार परिवार ने बताया वह बेहद गरीब है मेहनत मजदूरी के अलावा बांस बर्तन बनाकर जीविका उपार्जन करते है जिससे उनके परिवार के पांच सदस्यो का पालन पोषण करते है। इलाज के लिए अपने स्तर पर घर के छोटे मोटे समान को बेच बाचकर कोशिश किया गया लेकिन रायपुर के डॉक्टरो ने बताया पैसा अधिक लगेगा तो मां बाप थक हारकर अब छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इलाज के लिए गुहार लगाई है।

**मां-बाप खून के आसु रोने को मजबूर**

युवराज के माता पिता ने बताया उनके तीन वर्ष का बच्चा मलद्वार नही होने के कारण भरपेट भोजन भी नही कर पाता रात को बहुत तड़पता है थोड़ा खाने पर मुंह से उल्टी कर देता है बच्चे को तड़पते देख माता पिता और मोहल्ले के लोग परेशान हो जाते है। ग्रामीण ने बताया इन दिनो छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार चल रहा है हमारे बच्चे के तरफ सरकार ध्यान दे तो उसकी जीवन बच सकती है।

**क्या कहते है डॉक्टर**

मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बीएमओ डॉ गजेन्द्र ध्रुव ने बताया इसकी जानकारी आपके माध्यम से लगा है मै पता करवाता हूॅ। इसे एनोरेक्टल मालफॉरमेशन कहा जाता है और इसका इलाज संभव है।

---

## घर की अनुपयोगी वस्तुएं बनेंगी जरूरतमंदों का सहारा

- **नगर पालिका के आरआरआर सेंटर से जुड़ने की अपील**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में संचालित आर.आर.आर. ( रिड्यूस रीयूज रिसाइकिल) सेंटर के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की पहल की जा रही है। इस सेंटर का उद्देश्य घरों में पड़ी ऐसी उपयोगी वस्तुओं का पुनः उपयोग सुनिश्चित करना है, जिन्हें लोग अक्सर अनुपयोगी समझकर फेंक देते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने घरों में रखी पुरानी लेकिन उपयोग योग्य सामग्री जैसे कपड़े, पुस्तकें, खिलौने, जूते, बैग, फर्नीचर एवं अन्य घरेलू वस्तुएं आर.आर.आर. सेंटर में जमा करें। इससे जरूरतमंद लोगों को सहायता मिलेगी और शहर में कचरे की मात्रा कम करने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में ÷रिड्यूस रीयूज और रिसाइकिल÷ की आदत अपनाकर न केवल नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

नगर पालिका परिषद के अनुसार आर.आर.आर. सेंटर के माध्यम से एकत्रित सामग्री को जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे सामाजिक सहयोग और सेवा की भावना भी मजबूत होगी।

---

## आचार संहिता के चलते रेवे में प्रस्तावित समाधान शिविर स्थगित, अब 10 जून को

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी अर्धशासकीय पत्र 16 अप्रैल 2026 के तहत प्राप्त निर्देशानुसार जिले में ÷सुशासन तिहार 2026÷ के अंतर्गत 01 मई 2026 से 10 जून 2026 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवे में 15 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित था।

किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत 08 मई 2026 के अनुसार जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07, जिसमें ग्राम पंचायत रेवे, पतोरा, सिलघट (प.) एवं भरचट्टी शामिल हैं, में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत रेवे में 15 मई को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में आंशिक संशोधन किया गया है। अब उक्त समाधान शिविर का आयोजन आगामी प्रस्तावित तिथि 10 जून को किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से निर्धारित नवीन तिथि पर शिविर में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं समस्या निराकरण सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

## एनएच पर कंटेनर और कार में भीषण भिड़ंत, तीन घायल

**महासमुंद/नवप्रदेश।** खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-353 पर ग्राम मामाभांचा के पास तेज रफ्तार कंटेनर और वेगनआर कार के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए, जबकि कंटेनर पलटकर सड़क पर जा गिरा। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार बागबाहरा निवासी चंदीप सिंग सलूजा 9 मई को अपने परिवार के साथ कार क्रमांक सीजी 06 जीटी 3196 से महासमुंद की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे मामाभांचा के पास सामने से आ रहे कंटेनर क्रमांक ओडी 02 सीएक्स 3897 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कंटेनर सड़क पर पलट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को वाहन से बाहर निकाला।हादसे में कार चालक चंदीप सिंग सलूजा को जांघ और पसली में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं पृथ्वी राजपूत के सिर पर चोट लगी है तथा मासूम गुरजस सिंग सलूजा के चेहरे पर भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जनसमस्या निवारण शिविर बना सुशासन व जनसेवा का सशक्त मंच

- **विधायक दीपेश साहू ने सुनीं आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** शासन की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा बेसिक स्कूल मैदान स्थित गांधी भवन में भव्य जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनसेवा का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा, जहां बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे।

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक के नागरिकों ने शिविर में भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया। शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों द्वारा मौके पर कार्रवाई की गई, जिससे आमजन में संतोष और उत्साह देखने को मिला 7 कार्यक्रम मे विधायक साहू स्वयं शिविर में पहुंचे और आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु है। ऐसे शिविरों के माध्यम से प्रशासन स्वयं जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है, जिससे लोगों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है।

## शराब के नशे में बाइक चालक ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, बुजुर्ग गंभीर

**महासमुंद/नवप्रदेश।** कोमाखान थाना क्षेत्र के सिवनी कला-केरामुड़ा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक चालक ने पिता-पुत्र की मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता देवचंद चौहान अपने पिता भारत चौहान के साथ 3 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तालाब के पास सामने से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 7083 के चालक देवेंद्र साहू ने लापरवाहीपूर्वक और तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में था और गलत दिशा से वाहन चला रहा था।

हादसे में भारत चौहान के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद डायल 112 की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें उच्च अस्पताल रेफर कर दिया, जहां वर्तमान में एक निजी अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

## गुप्त चेंबर में छिपाकर ले जाया जा रहा था गांजा, अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

- **ओड़िशा से नागपुर ले जाई जा रही थी खेप**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं बसना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 किलो 100 ग्राम गांजा, परिवहन में प्रयुक्त अशोक लीलैंड वाहन और मोबाइल फोन समेत कुल 9 लाख 10 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में लगातार वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार 13 मई को पलसापाली बैरियर पर ओड़िशा की ओर से आ रहे सफेद रंग के अशोक लीलैंड वाहन क्रमांक एम एच 45 एएफ4521 को रोककर जांच की गई। पूछताछ के दौरान चालक शफीक खान (40) पिता रसीद खान निवासी महारानी लक्ष्मी स्कूल के पास, सुभाष मैदान, अशोक नगर, पारडी, नागपुर (महाराष्ट्र) का व्यवहार संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। इस दौरान चालक ने वाहन के डाला के नीचे बनाए गए विशेष गुप्त चेंबर में गांजा छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो गुप्त चेंबर से खाकी और पीले रंग के टेप से लिपटे कुल आठ पैकेट गांजा बरामद हुए। जब्त गांजा का कुल वजन 8 किलो 100 ग्राम बताया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपये है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजे की खेप ओड़िशा के बरपाली से लेकर नागपुर, महाराष्ट्र पहुंचाने जा रहा था। पुलिस अब इस मामले में गांजा सप्लाई करने वाले स्रोत और खरीदारों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बसना में धारा 20(ख)(द्बद्ब)(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## गौ माता के खिलाफ अन्याय की लड़ाई लड़ने में भाजपाइयों से नहीं झुकेंगे आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने गौ माता के झिरिया में हुए निर्मम मृत्यु के खिलाफकांग्रेस पदाधिकारी द्वारा किए गए आंदोलन के फल स्वरुप नवागढ़ के विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री दयाल दास बघेल के सांकेतिक पुतला दहन कार्यक्रम के विरोध में उनके पुत्र एवं जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता अंजू बघेल द्वारा किए गए एफआईआर को निरस्त किये जाने की बात करते हुए कहा कि कांग्रेस जन गौ माता के सच्चे सेवक हैं उन्हें किसी से प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं है।

भाजपा के मंत्री दयाल दास बघेल के क्षेत्र में ग्राम झिरिया के पास तीन सौ की तादाद में गौ माता की निर्मम मृत्यु होती है गौ माता को बिना पानी और चारे के एक स्थान में बंद करके रखा गया था उनके लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई आखिरकार गौ माता एवं गौ वंश के सैकड़ो पशुओं की मृत्यु हो गई इस पर प्रशासन ने आवश्यक कार्यवाही करने एवं गौ माता के लिए चारे तथा पानी का प्रबंध करने की बात कही थी आज लगभग वर्ष पर्यंत होने जा रहा है किंतु इस मामले में प्रशासन एवं शासन के द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई आज भी गौ माता की मृत्यु उसे क्षेत्र में लगातार हो रही है जिस पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने एवं कुंभकरणीय निद्रा से जागने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं जिसमें कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव सहित पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे एवं जिला युवक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रांजल तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं पर जो मामला दर्ज किया गया है वह दुर्भावना तथा अंग्रेजों की प्रशासन नीति से प्रेरित है जिसमें आम जनता की आवाज को कुचलने का प्रयास किया जाता था कांग्रेस तब भी नहीं झुकी थी तो आज उन अंग्रेजों के पाले हुए माफी वीर भाजपाइयों के आगे कांग्रेस जन झुकने वाले नहीं है यह लड़ाई गौ वंश की रक्षा के लिए है यह लड़ाई हमारी अस्मिता की लड़ाई है और लगातार जारी रहेगी भाजपा तथा प्रशासन के आल्हा अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन जान ले की सत्ता आनी और जानी है किंतु जनहित के मामले में किसी प्रकार से कोई समझौता नहीं होगा।

---

**स्वास्थ्य सेवा में अव्यवस्था:** बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, धरने के बाद गांव पहुंचा स्वास्थ्य अमला

# बोराई सिविल अस्पताल में एक आरएमए और नर्सिंग ऑफिसर की नियुक्ति

**नगरी/नवप्रदेश।** वनांचल क्षेत्र के लिए संजीवनी बनने का सपना दिखाने वाला बोराई सिविल अस्पताल खुद बीमार है। पांच साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बोराई स्वास्थ्य केंद्र को 18 पदों के साथ सिविल अस्पताल में उन्नत किया था। उम्मीद थी कि अब 50-60 किमी दूर धमतरी-सिहावा नहीं भागना पड़ेगा लेकिन रविवार रात लिखमा निवासी दुलारसिंह की सड़क दुर्घटना ने सिविल अस्पताल के नाम पर चल रहे धोखे की पोल खोलकर रख दी। रात करीब 11 बजे घायल दुलारसिंह को परिजन बोराई सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। पर अस्पताल के गेट पर ताला लटका था। न इमरजेंसी सेवा, न डॉक्टर, न कोई स्टाफ। नियमानुसार सिविल अस्पताल को 24 घंटे खुला रहना चाहिए,

लेकिन यहां रात में सिर्फ ऑन-कॉल व्यवस्था है। ग्रामीणों का आरोप है कि एकमात्र आरएमए की ड्यूटी रात 8 से सुबह 8 बजे तक है, मगर वे विश्रामपुरी में रहते हैं। मरीज आने पर फोन कर बुलाना पड़ता है। इधर अस्पताल में ताला व घायल को तड़पता देखकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। रात के समय ही ग्रामीण धरने पर बैठ गये, वही उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सुबह खुद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनेंगे तथा व्यवस्था सुधारा जाएगा, काफी देर समझाइश के बाद ग्रामीणों ने धरना खत्म किया, वही घायल को इलाज के किए नगरी अस्पताल भेजा गया।

**बोर्ड सिविल अस्पताल का लेकिन सुविधा पीएचसी से भी कम**

;ामीणों ने बताया कि बोराई सिविल अस्पताल में 18 स्वीकृत पदों के विरुद्ध एक भी स्थायी मेडिकल ऑफिसर नहीं है। पदस्थ डॉक्टर पीजी कोर्स के लिए चली गईं। पूरे अस्पताल में सिर्फ 1 आरएमए और स्टाफ नर्स हैं। दिन के समय अस्पताल प्रभारी डॉक्टरों के भरोसे चलता है। कभी सिहावा, कभी सांकरा तो कभी दुगली से डॉक्टर बुलाकर काम चलाया जाता है। ग्रामीण सोनराज वट्टी, माखन लाल सलाम, दुलारसिंह, खुमान सिंह, वीरेन्द्र यादव, जुगलकिशोर, लखन मरकाम, चंद्रप्रकाश नेताम और लिलेश्वर नेताम ने बताया कि बोराई सिविल अस्पताल का सिर्फ बोर्ड लगा है, अस्पताल में रात्रि में डॉक्टर नहीं रहते, दिन में भी रोजाना बदल-बदलकर डॉक्टर आने से परेशानी होती है।

**अब नहीं सुधरे हालात तो सुशासन तिहार का करेंगे बहिष्कार**

बैठक में ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि बोराई सिविल अस्पताल की व्यवस्था स्थायी रूप से नहीं सुधरी तो बोराई, घुटकेल, मैनपुर और लिखमा पंचायत के ग्रामीण सुशासन तिहार का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल की बदहाली को लेकर पहले भी चक्काजाम कर चुके हैं। हर बार आश्वासन मिलता है, पर जमीन पर कुछ नहीं बदलता।

# पदनाम में परिवर्तन: नर्सिंग सिस्टर अब कहलाएंगी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर

■ स्टाफनर्स का नाम होगा नर्सिंग ऑफिसर

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर राज्य की नर्सों के सम्मान में नर्सिंग संवर्ग के पदनाम परिवर्तन की बड़ी घोषणा की है। इस घोषणा के अनुसार नर्सिंग सिस्टर अब सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कहलाएंगी जबकि स्टाफ नर्स का नाम नर्सिंग ऑफिसर होगा। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ये घोषणा की है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नर्सिंग अधिकारी व नर्सिंग छात्र-छात्राओं के साथ अस्पताल के

अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मरीजों की सेवा में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो दिन-रात समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल कर उन्हें नया जीवन देने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा में मानवीय संवेदनाओं और सेवा भाव का सबसे बड़ा उदाहरण नर्सिंग स्टाफ प्रस्तुत करता है। उन्होंने कोविड काल में नर्सिंग स्टाफ की सेवाओं को याद करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी नर्सों ने समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य किया। चिकित्सा सेवा में नर्स माँ के समान होती है। उनका दर्जा माँ के समान उच्च है क्योंकि वे मरीजों की देखभाल परिवार की तरह करती हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्षों से लंबित कई सुविधाओं और व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने सीनियर नर्सिंग ऑफिसर डॉ. रीना राजपूत, नीलिमा शर्मा, रंजना सिंह ठाकुर, सुमन देवांगन, कोमेश्वरी नवरंगे, प्रगति सतपुते, शीतल सोनी और नमिता डेनियल सहित पूरे नर्सिंग ऑफिसर को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी, अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, उप नर्सिंग अधीक्षक डॉ. अश्लेषम, रश्मि मसीह एवं अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सकगण तथा बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफउपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### डीआर में देरी से पेंशनरों को आर्थिक चोट, पुनर्गठन पर उठे सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) देने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर कहा कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 (6) का हवाला देकर डीआर स्वीकृत करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। इससे प्रदेश के पेंशनरों को केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के पेंशनरों की तुलना में कम महंगाई राहत मिल रही है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि अधिनियम में मध्यप्रदेश शासन की सहमति लेने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और झारखंड में पेंशनरों को डीआर देने के लिए मूल राज्यों की सहमति नहीं ली जाती। फेडरेशन ने केंद्र सरकार की दरों के अनुरूप डीआर स्वीकृत करने की मांग की है।

### पानी टैंकर टेंडर में गड़बड़ी के आरोप आकाश तिवारी ने की जांच की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के पानी टैंकर टेंडर में गड़बड़ी और अधिकारियों ठेकेदारों की मिलीभगत के आरोप लगे हैं। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। तिवारी ने आरोप लगाया कि वर्षों से सिंडिकेट बनाकर कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को ही पानी सप्लाई का काम दिया जा रहा है। उनका कहना है कि पिछले वर्ष जिन छह निविदाकारों को टेंडर मिला था, इस वर्ष भी उन्हीं को काम आवंटित किया गया। उन्होंने मेसर्स केशव प्रसाद पांडे, प्रज्ञा कंस्ट्रक्शन, परिमल कश्यप, अरविंद सिंह ठाकुर, प्रवीण दीक्षित और रफीक अहमद के नाम लेते हुए कहा कि निविदा की शर्तें भी इन्हीं ठेकेदारों के अनुसार तय की जाती हैं। तिवारी ने सवाल उठाया कि सभी निविदाकारों के रेट और तारीख समान कैसे हो सकते हैं और लगातार इन्हीं ठेकेदारों को काम क्यों दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2025 में एक करोड़ रुपए के टेंडर के बदले 2.06 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

### मैग्नेटो पार्किंग में दो गुटों में मारपीट, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के मैग्नेटो मॉल की पार्किंग में दो गुटों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक 9 मई की रात करीब 8:30 बजे मैग्नेटो मॉल की पार्किंग में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो बाद में मारपीट में बदल गया। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पहले पक्ष की शिकायत पर खरोरा सारागांव निवासी रूपेश साहू के खिलाफमामला दर्ज किया गया। वहीं दूसरे पक्ष से डीडी नगर निवासी रोहन नरवाल, सोमा देवांगन और कोटा निवासी गरिमा राजपूत के खिलाफअपराध दर्ज किया गया। सोमवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जमानतीय धाराएं होने के कारण रूपेश साहू, सोमा देवांगन और गरिमा राजपूत को मुचलके पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने रोहन नरवाल के खिलाफकार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बजट कामों में तेजी, सरकारी भवन अब आधुनिक वर्टिकल डिजाइन में बनेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग ने बजट में शामिल निर्माण कामों को तेजी देने के लिए सभी मुख्य अभियंताओं को प्राथमिकता क्रम में प्राक्कलन तत्काल भेजने के निर्देश दिए हैं। विभागीय सचिव मुकेश कुमार बंसल ने सोमवार को नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में समीक्षा बैठक के दौरान भू-अर्जन, वन-विभागीय स्वीकृति, पोल शिफ्टिंग और कोर्ट प्रकरण जैसी बाधाओं को समय-सीमा में दूर करने पर जोर दिया। सचिव ने स्पष्ट किया कि हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, छात्रावास और अन्य शासकीय भवनों के निर्माण में अब पारंपरिक क्षैतिज मॉडल की बजाय वर्टिकल और आधुनिक डिजाइन को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि कम भूमि में बेहतर अधोसंरचना विकसित हो सके। नई तकनीक, बेहतर डीपीआर और आधुनिक निर्माण प्रणाली अपनाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने 2025-26 और 2026-27 बजट के कामों में देरी पर नाराजगी जताते हुए मासिक योजना तैयार करने को कहा।

### मंडी बोर्ड में 11 पद खत्म, संविदा पर अधीक्षण अभियंता का नया पद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड ने अपने प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए 11 पदों को समाप्त कर दिया है। इनमें सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 6 और अन्वेषक के 5 पद शामिल हैं। मंडी बोर्ड की हाल ही में हुई संचालक मंडल की बैठक में इन पदों को अनुपयोगी बताते हुए आधिकारिक तौर पर विलोपित करने का फैसला लिया गया। जानकारी के अनुसार, इन पदों पर पिछले कई वर्षों से भर्ती नहीं हुई थी। बैठक में यह तर्क दिया गया कि भविष्य में भी इन पदों की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसके साथ ही सहायक संचालक के पद अनुभाग अधिकारी की 100 प्रतिशत पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बताया गया कि सहायक सांख्यिकी अधिकारी का कार्य विभागीय आंकड़ों का संग्रह, विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करना होता है, जबकि अन्वेषक फील्ड स्तर पर जानकारी जुटाने और सत्यापन का काम करते हैं। इधर, एक ओर जहां पुराने पद समाप्त किए गए हैं, वहीं मंडी बोर्ड में कार्यभार बढ़ने का हवाला देते हुए अधीक्षण अभियंता (एसई) का नया पद सृजित किया गया है। खास बात यह है कि इस पद को नियमित भर्ती के बजाय संविदा नियुक्ति के माध्यम से भरा जाएगा।

प्रति एकड़ खाद की मात्रा में कटौती, नैनो यूरिया-नैनो डीएपी अनिवार्य करने से नाराजगी

## खाद नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश, कई जगह विरोध-प्रदर्शन, पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच खाद वितरण को लेकर लागू नई व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। खाद लेने के लिए पंजीयन और टोकन सिस्टम की अनिवार्यता से किसानों को सहकारी समितियों और राजस्व कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं प्रति एकड़ खाद की मात्रा में कटौती और नैनो यूरिया-नैनो डीएपी को अनिवार्य किए जाने से किसानों में नाराजगी बढ़ गई है। कई समितियों में किसानों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

रायपुर जिले की सारागांव समिति क्षेत्र के किसानों ने प्रदर्शन करते हुए पुरानी व्यवस्था बहाल करने, एग्री स्टैक पंजीयन और टोकन सिस्टम खत्म करने की मांग की। किसानों ने नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन भी सौंपा। किसानों का कहना है कि सरकार की नई व्यवस्था से खाद वितरण में देरी होगी और कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा। किसानों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी की तरह अब खाद वितरण को भी नियमों और प्रक्रियाओं में उलझा दिया गया है। समय पर खाद नहीं मिलने से बोवाई और नर्सरी का काम प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन के महत्वपूर्ण समय में खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती पर सीधा असर पड़ेगा। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही खाद वितरण की प्रक्रिया सरल नहीं की गई और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो वे हाईवे पर चक्काजाम करेंगे। प्रदर्शन में किसान नेता उधोराम वर्मा सहित बीरेंद्र वर्मा, घनश्याम वर्मा, यशवंत साहू, कन्हैया यादव, भरत साहू समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### प्रति एकड़ खाद की मात्रा घटाने पर भी नाराजगी

किसानों के मुताबिक सरकार ने प्रति एकड़ खाद वितरण की मात्रा में कटौती कर दी है। डीएपी, यूरिया, सुपर फॉस्फेट और पोटाश जैसी जरूरी खादों की मात्रा कम कर दी गई है। साथ ही यह निर्देश भी दिए गए हैं कि जिन किसानों को डीएपी दिया जाएगा, उन्हें राखड़ नहीं मिलेगा। किसानों का कहना है कि इससे उत्पादन घटने और आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

## 24 घंटे में दो नाबालिग बालिकाएं अन्य राज्यों से सकुशल बरामद

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षा के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग राज्यों से दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद किया है। पुलिस की विशेष टीमों ने मध्य प्रदेश के अनूपपुर और झारखंड के जसीडीह रेलवे स्टेशन से बालिकाओं को सुरक्षित खोज निकाला। पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित टीमों ने रेलवे नेटवर्क, सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल इनपुट के आधार पर लगातार निगरानी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। इस अभियान में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच प्रभावी समन्वय देखने को मिला। पहले मामले में थाना आमानाका में 11 मई 2026 को धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी नाबालिग बालिका को ट्रेन के जरिए

उत्तर प्रदेश ले जाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश के अनूपपुर रेलवे स्टेशन के पास बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले में आरोपी अयान अली और चाँद बाबू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों और पीड़िता को रायपुर वापस ला रही है, जहां आगे पूछताछ की जाएगी। दूसरे मामले में थाना न्यू राजेंद्र नगर में 11 मई 2026 को अपराध क्रमांक 182/26 के तहत धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल इनपुट से पता चला कि बालिका रक्सौल एक्सप्रेस से झारखंड की ओर जा रही है।

## मिड-डे-मील योजना: भोजन, स्वच्छता व उपस्थिति पर बनेगी स्कूलों की रैंकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अब संकुल और विकासखंड स्तर पर स्कूलों की रैंकिंग की जाएगी। यह रैंकिंग भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, छात्रों की उपस्थिति, शाला पोषण वाटिका, एमएमएस पोर्टल में डाटा अपडेट, न्योता भोजन आयोजन और मध्याह्न भोजन दिवस जैसे मानकों के आधार पर तय होगी। दरअसल, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण वाटिका जैसी व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करने के लिए 3 सदस्यीय निर्णायक दल होगा। इसमें एक सक्रिय जनप्रतिनिधि और एक महिला सदस्य शामिल होंगी। निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए संकुल स्तर की रैंकिंग में संकुल के बाहर और विकासखंड स्तर की रैंकिंग में विकासखंड के बाहर के सदस्यों को शामिल किया जाएगा। शिक्षक, प्रधान पाठक और संकुल समन्वयक भी दल का हिस्सा बन सकेंगे। इस प्रक्रिया को साल में कम से कम दो बार अनिवार्य रूप से आयोजित करना होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को जिला और विकास खंड स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली शालाओं को पुरस्कार मिलेगा। वहीं, प्रथम स्थान वाले स्कूलों को प्रशिक्षक शाला के रूप में विकसित कर उनके मॉडल को अन्य स्कूलों में लागू किया जाएगा।

## चाकू दिखाकर युवक से 10 हजार रुपए लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में युवक को चाकू दिखाकर मारपीट करने और एटीएम से 10 हजार रुपए निकलवाकर लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विशाल बृजवानी के रूप में हुई है, जो आदतन अपराधी बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ थाना मौदहापारा में एक और थाना टिकरापारा में चार सहित कुल पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उसे गुंडा बदमाश सूची में शामिल करने वरिष्ठ कार्यालय को प्रतिवेदन भेजा गया है। घटना 8 मई 2026 की है। प्रार्थी विशाल सोनकर शाम

करीब 5:30 बजे कुशालपुर से ई-स्कूटी से शंकर नगर जा रहा था। इस दौरान वह साहू कॉम्प्लेक्स गोंडवाना भवन के पास सिगरेट पीने रुका था। तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ-मुक्के और डंडे से मारपीट की। इसके बाद दो आरोपी उसकी स्कूटी पर बैठ गए और चाकू दिखाकर सिद्धार्थ चौक की ओर ले गए। वहां एटीएम से 10 हजार रुपए निकलवाकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 403/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त संदीप पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त नवनीत पाटिल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। थाना प्रभारी राजेश कुमार मरई के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार दबिश देकर आरोपी विशाल उर्फ दीनू बृजवानी को गिरफ्तार किया।

## नशीली कफ सिरप तस्करी में आरोपी को 15 साल की सजा

रायपुर/नवप्रदेश। नशीली कफसिरप की तस्करी और अवैध भंडारण के मामले में विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने आरोपी अजय दखवानी को 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट किरण थवाईत की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू ने बताया कि 15 मार्च 2021 की रात सिटी कोतवाली थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि शैलेन्द्र नगर स्थित एक किराए के मकान में आरोपी ने अवैध बिक्री के लिए नशीली कफसिरप छिपाकर रखी है। पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी और आरोपी के कब्जे से एक कार्टन में रखी 80 नग ऑनरेक्स सिरप बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। मामले की जांच के दौरान राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला की रिपोर्ट में भी सिरप में प्रतिबंधित द्रव्य होने की पुष्टि हुई।

## महापौर मीनल चौबे ने नालों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को नगर निगम जोन 5 और जोन 6 अंतर्गत कुशालपुर एवं प्रोफेसर कॉलोनी क्षेत्र में निर्माणाधीन नालों की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया। महापौर ने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य तत्काल गति देने तथा बारिश से पहले कार्य पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। महापौर ने जोन 5 अंतर्गत पंडित वामनराव लाखे वार्ड के कुशालपुर क्षेत्र तथा जोन 6 अंतर्गत महामाया मंदिर वार्ड की प्रोफेसर कॉलोनी में अधोसंरचना मद से बन रहे नालों का

प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नालों के निर्माण का उद्देश्य बारिश के दौरान जलभराव की समस्या दूर कर गंदे पानी की सुगम निकासी सुनिश्चित करना है, इसलिए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर मीनल चौबे ने क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। वार्ड में गंदगी मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि यदि बारिश पूर्व नाला निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराया जाए, ताकि नागरिकों को बारिश में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान पंडित वामनराव लाखे वार्ड के पार्षद कृष्णा सोनकर, अधीक्षण अभियंता इमरान खान, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास, एवं उपअभियंता अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे।

**बोर्ड परीक्षा परिणाम:** शिक्षक संगठन ने कहा- अच्छे रिजल्ट का श्रेय लेते हैं, खराब का दोष दूसरों पर मढ़ देते हैं

## खराब रिजल्ट पर प्राचार्यों के खिलाफ कार्रवाई से भड़के शिक्षक संगठन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में खराब परिणाम आने के बाद बालोद जिले में प्राचार्यों पर की गई कार्रवाई को लेकर शिक्षक संगठनों में नाराजगी बढ़ गई है। कलेक्टर द्वारा 8 प्राचार्यों को निलंबित करने और 14 प्राचार्यों की वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई का विभिन्न शिक्षक संघों ने विरोध किया है।

संगठनों का कहना है कि कलेक्टर को सीधे निलंबन का अधिकार नहीं है और बिना पक्ष सुने एकपक्षीय कार्रवाई करना अनुचित है। दरअसल, माशिमं ने 29 अप्रैल को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे। 10वीं में प्रदेश का कुल

परीक्षा परिणाम 77.15 प्रतिशत और 12वीं में 83.04 प्रतिशत रहा। वहीं बालोद जिला इस बार प्रदर्शन में काफी पीछे रहा। 10वीं में जिला 33 जिलों में 29वें और 12वीं में 30वें स्थान पर रहा। खराब परिणाम से नाराज कलेक्टर ने संबंधित प्राचार्यों पर कार्रवाई की।

शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे ने कहा कि खराब रिजल्ट के लिए केवल प्राचार्यों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जब अच्छे परिणाम आते हैं तो जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग उसका श्रेय लेते हैं, लेकिन खराब परिणाम आने पर पूरी जिम्मेदारी शिक्षकों और प्राचार्यों पर डाल दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान भी शिक्षकों को विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया गया, जिससे पढ़ाई प्रभावित हुई। हर काम में शिक्षकों को लगाने से पढ़ाई भी प्रभावित होती रही है।

### कलेक्टर केवल अनुशंसा कर सकते हैं

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कार्रवाई को अनुचित बताते हुए कहा कि प्राचार्यों को सस्पेंड करने का अधिकार कलेक्टर को नहीं है। वे केवल शासन को कार्रवाई की अनुशंसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी भी परिणामों के लिए जिम्मेदार हैं, इसलिए उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। संगठन ने आरोप लगाया कि किसी भी प्राचार्य का पक्ष सुने बिना और स्पष्टीकरण लिए बिना कार्रवाई की गई, जिससे शिक्षकों का मनोबल गिरेगा।

### कई प्राचार्य हाल ही में पदस्थ हुए

प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने कहा कि कई प्राचार्यों की पदस्थापना दो-तीन महीने पहले ही हुई थी। ऐसे में सीधे उन्हें खराब परिणाम के लिए जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सालभर शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लिए गए, जिसका असर पढ़ाई पर पड़ा। उन्होंने डीईओ पर भी कार्रवाई की मांग की है। इधर, जानकारी मिली है कि कार्रवाई से प्रभावित कई प्राचार्य अब न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## सुविचार

आज के दौर में बिना मतलब तो कोई किसी से बात भी नहीं करता ऐसे में कोई साथ क्या देगा, इसलिए किसी से ज्यादा उम्मीद न करें

# मिडिल ईस्ट में फिर जंग के हालात

अमेरिका ने ईरान के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के माध्यम से भेजे गये प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्होंने ईरान के प्रतिनिधियों का प्रस्ताव पढ़ा है जो मुझे पसंद नहीं आया है। इसी के साथ अब मिडिल ईस्ट में शांति की आखिरी उम्मीद भी टूटती नजर आ रही है और वहां फिर से युद्ध के हालात निर्मित हो रहे हैं। हालांकि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम अभी भी जारी है और पकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत भी हो रही है लेकिन परमाणु कार्यक्रम की शर्तों को लेकर पेंच फंसा हुआ है जिसपर सहमति कायम नहीं हो पा रही है। न तो ईरान अमेरिका की शर्त को कबूल करने के लिए राजी है और न ही अमेरिका अपनी शर्त से पीछे हटने को तैयार है। यही वजह है कि 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध विराम के भी टूटने की आशंका पैदा हो गई है। अमेरिका और ईरान के बीच यदि युद्ध होता है तो जाहिर है कि इसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा अभी भी होर्मूज पर ईरान की नाकेबंदी के कारण दुनिया के अनेक देशों में तेल और गैस की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है और पेट्रोल व डीजल के दाम आसमान छु रहे हैं। रसोई गैस का संकट भी लगातार गहराता जा रहा है। अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्ताव को ठुकरा देने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर आग लग गई है। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमत में चार प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। यह दाम और बढ़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में भारत सहित एशिया और यूरोप के कई देशों में पेट्रोल व डीजल का संकट विकराल रूप धारण कर सकता है। इसी आशंका के मद्देनजर कई देशों ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए कई तरह के प्रतिबंध लगाएं हैं। भारत में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल व डीजल का कम से कम उपयोग करने की और निजी वाहनों की जगह पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करने की अपील की है। यदि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर सहमति नहीं बनती तो निश्चित रूप से एक बार फिर मिडिल ईस्ट जंग की आग में झुलसेगा और इसका गंभीर दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। यह संभावित जंग कितनी लंबी चलेगी इसका कोई अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। ईरान भी आखिरी दम तक जंग लड़ने के लिए तैयार है। ईधर अमेरिका भी लगातार ईरान को अपनी शर्तें कबूल करने के लिए धमकी दे रहा है जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं और जंग की नौबत आ सकती है।

# वस्तुओं के दाम बांधने प्रभावी पहल जरूरी

मिडिल ईस्ट में छाये युद्ध के बादल की वजह से पेट्रोल डीजल और रसोई गैस की किल्लत भारत में भी महसूस की जा रही है हालांकि अभी हालात काबू में है लेकिन कमर्शियल गैस की कीमतों में सरकार को एक हजार रूपये प्रति सिलेन्डर की वृद्धि करनी पड़ी है। इसका असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने लगा है। आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि हो रही है। खासतौर पर खाने पीने के समान महंगे हो रहे हैं। अधिकांश होटलों में कमर्शियल गैस का ही उपयोग होता है इसलिए वे खाने पीने की वस्तुओं के दाम मनमाने ढंग से बढ़ाने लगे हैं। यदि उपभोक्ता उनकी इस मनमानी का विरोध करता है तो वे कमर्शियल गैस के दाम में हुई बढ़ौत्तरी का हवाला देते हैं जिन छोटे होटलों में रसोई गैस का इस्तेमाल नहीं होता और वे तंदूर में कोयले व लकड़ी का उपयोग कर भोजन बनाते हैं उन्होंने भी खाने पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ा दिये हैं। इसलिए शासन प्रशासन को चाहिए कि इनकी मनमानी पर रोक लगाने प्रभावी पहल करे। ताकि कमर्शियल गैस सिलेन्डर महंगे होने की आड़ में आम उपभोक्ताओं के साथ की जा रही लूटमार बंद हो। गौरतलब है कि बहुत बड़ी संख्या में लोग नाश्ते और भोजन के लिए होटलों पर ही निर्भर होते हैं ऐसे लोगों को खाने पीने की चीजों सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल के दाम में भी वृद्धि हो सकती है और यदि ऐसा हुआ तो महंगाई और ज्यादा बढ़ेगी। और इसकी वजह से आम आदमी का घरेलू बजट गड़बड़ा जाएगा । ऐसा न हो इसके लिए आवश्यक वस्तुओं के दाम बांधना निहायत जरूरी है।

## सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

u बंधुओं !! अपने जीवन में परिवेश बड़ा सुंदर रखना। सुंदर हरे-भरे लोग और हरा-भरा कौन है? जो हरे-हरे करता है; हरे कृष्ण, हरे कृष्ण वाले 'हरे' हैं। 'हरे कृष्ण' से जुड़े हुए, 'हरे राम' से जुड़े हुए लोग हरे-हरे हैं, बाकी सब सूखे हैं।

u भगवान श्री रामचंद्र का जीवन कितना पवित्र है क्योंकि इनके जीवन का हर काम गुरु की आज्ञा से होता है। ठाकुर जी एक कदम बढ़ावें तो पहले गुरु की आज्ञा लेवें।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1610 - फ्रांस में हेनरी IV की हत्या और लुईस XIII फ्रांस की गद्दी पर बैठा। 1702 इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस और स्पेन के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की। 1908 पहली बार किसी व्यक्ति ने हवाई जहाज में उड़ान भरी। 1941 36000 परशियन यहूदी को गिरफ्तार किया गया। 1948 - इजराइल ने अपनी आजादी की घोषणा की। 1981 नासा ने स्पेश व्हिकल S-192 लांच किया। 1984 फेसबुक के जनक मार्क एलियट ज़ुकरबर्ग का जन्म 14 मई को 1984 को अमेरिका में हुआ था। 1992 भारत ने तमिल टाइगर्स के नाम से मशहूर श्रीलंकाई विद्रोही संगठन एलटीटीई पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारत के अतिरिक्त कई अन्य देशों ने भी तमिल टाइगर्स पर प्रतिबंध लगाया। 1999 पाकिस्तानी पत्रकार जनम सेठी की पत्रिका फ्राइडे टाइम्स की जब्ती, सदी का आखिरी विश्व कप क्रिकेट की लॉडर्स में शुरुआत। 2004 डेली मिरर नामक पत्रिका ने ईराक में युद्धबंदियों पर कथित अत्याचार को दर्शाने वाली झूठी तस्वीरों के प्रकाशन के लिए ब्रिटेन से माफी मांगी।

# परिवार है तो आप हैं

*हमारा महान भारत भाव, रस और ताल से मिलकर बना ऐसा धार्मिक देश है जहां भावना ही जीवन का सबसे प्रबल प्रवाह है। हमारे देश की राजनैतिक, सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था में धर्म एक बेहद महत्वपूर्ण आधार है। लिहाज़ा यहां इंसानों की भावनाओं की काफी कद्र की जाती है। अथर्ववेद में पृथ्वी को माता की संज्ञा दी गई है। तभी तो यह प्राचीन और अर्वाचीन हमारा देश भारत सत्य सनातन की परम्परा पर चलता हुआ वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा को शिरोधार्य करता हुआ समूची दुनिया को अपना परिवार मानता है।*

बृजमोहन अग्रवाल

सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़


जब हम सारी दुनिया को परिवार मान लेते हैं तो ऐसे में हमारी सामाजिक व्यवस्था का आधार यानी हम सभी का अपना खुद का परिवार हमारे लिए सबसे अहम स्वतः सिद्ध हो जाता है। मेरी नजर में परिवार यानी सगे सम्बन्धी सुख- दुःख के साथी आपसी मेल जोल और कार्य व्यवहार के साथ सामाजिक संबल भी हो जाते हैं। और इसलिए ही सामाजिक प्राणी हम मनुष्यों के लिए परिवार जीवन की सबसे अहम कड़ी है। कितना भी कठिन काम मनुष्य अपनों की शाबाशी के साथ संपन्न कर डालता है। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में आदमी अपनों का साथ पाकर मजबूत बना रहता है। मित्रों हम सभी धर्म प्रयाण देश भारत में रहते हैं,जहां इंसानों की भावनाओं को मान सम्मान देते हुए हम सबसे पहले परिवार की सामाजिक धुरी यानी मनुष्यों के विवाह को एक संस्कार का दर्जा देते हैं और इसी की वज़ह से हमारे लिए परिवार एक धर्म, एक शक्ति, एक संचेतना का एक सार्वभौम सहारा स्वरूप मूर्त आकार ले लेता है। जबकि पाश्चात्य देशों में हमसे ठीक उलट विवाह महज एक कांट्रेक्ट माना जाता है लिहाज़ा उनके लिए परिवार, समाज और संसार एक बेमानी चीज़ हो जाती है बस महज यही एक अन्तर हमारे प्यारे और न्यारे न्यारे भावुक देश को मानवीय धर्म, संस्कृति और सभ्यता का सबसे सजग प्रहरी की संज्ञा दिला देता है। ऐसे भावुक संस्कार अपने भारत देश को मानवता का एक तेज़ प्रताप पुंज स्वतः समूची दुनिया के सामने सिद्ध करते जा रहे हैं। धर्म का हमारे यहां सबसे बड़ा स्थान है। धर्म के साथ साथ हम सबसे पहले आपस की भावनाओं को प्रमुखता से लेते हैं और यह भावनाएं ही हमें एक दूसरे से जोड़ती हैं। परिवार हमारी इसी भावनाओं का एक सामूहिक संगठित रूप होता है।

### अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस 15 मई विशेष

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस हर साल 15 मई को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य परिवारों के महत्व, उनके सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 में घोषित, यह दिवस परिवारों के सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा का मंच प्रदान करता है। दुनिया भर में परिवारों के महत्व को उजागर करना और परिवार-केंद्रित नीतियों को बढ़ावा देता है।

परिवार मतलब शक्ति, परिवार मतलब संस्कार, परिवार मतलब भावना सहयोग की भावना और इसी भावना से हम एक दूसरे को देखते हुए आपस के संबल को बढ़ाते हुए अपने जीवन को आगे मुक्ति की ओर ले जाते हुए सबको सुख देते हुए सबको शांति देने की कोशिश करते हैं। क्योंकि सुख और शांति ही जीवन का सबसे अहम सार है। भारतीय संस्कृति के सबसे अहम स्रोत वेदों में परिवार की महत्ता का बेहद संजीदा वर्णन है। ऋग्वेद में सहयोग, संवाद और एकजुट संकल्प के महत्व पर बल दिया गया है। यह बताता है कि समाज की प्रगति तभी संभव है, जब लोग विभाजन के बजाय एक समुदाय के रूप में एक साथ सोचें और एक ही उद्देश्य के लिए कार्य करें। ठीक उसी प्रकार जैसे प्राचीन ऋषि और देवता मिलकर कार्य करते थे और सुख शांति प्राप्त करते थे। इसी परिपाटी को हम सभी आगे बढ़ाते हुए भारतीय परंपरा में मानव बंधुत्व को केवल सामाजिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और नैतिक अनिवार्य तत्व मानते हैं। इसमें यह विश्वास समाया है कि समस्त मानवता एक ही मूल से उत्पन्न हुई है और एक ही लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। वह है सभी को सुख देते हुए सभी को शांति की ओर प्रवहित करना। हम सभी में ऐसे भाव पैदा करने वाले परिवार शब्द का सटीक अर्थ है कि आपस में मिलकर चलो, एक साथ बोलो और अपने मन मस्तिष्क को एक समान बनाते हुए अधिक से अधिक मजबूत बनाओ। हमारे देश में परिवार की इस अवधारणा से सामाजिक समरसता और संसाधनों पर सबके समान अधिकार की बात को बल मिलता है। जिससे आगे हमें जीवन पथ पर नित दिन नई सीख मिलती जाती है कि मनुष्यों को एक-दूसरे से प्रेम ही करना चाहिए। हमारे वेद स्पष्ट करते हैं कि मानव बंधुत्व के लिए संसाधनों का साझा होना आवश्यक है। इस प्रकार वेदों में दिए गए समानता के उपदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति जन्म से ऊंचा या नीचा नहीं है। सच्चे लोकतंत्र की पहचान यही है कि वैचारिक मतभेद के बावजूद लक्ष्य जनकल्याण होना चाहिये। जब हम दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखते हैं, तो संघर्ष की संभावना समाप्त हो जाती है। और ऐसी सार्वभौम प्रेम भावना का आधार आदमी का अपना स्वयं का परिवार होता है। अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर मैं ईश्वर,से प्रार्थना करता हूं कि देश के सभी मेरे गणमान्य नागरिकों के हृदय, मन मस्तिष्क में अपने परिवार के सदस्यों के साथ साथ समस्त संसार के लिए भी आपसी प्रेम भावना का सार्वभौम स्वरूप हर दिन नित नई उमंगों के साथ बहुआयामी आकार लेता रहे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ।

# अंतरिक्ष से आई 'संगीत' जैसी लहरें

महेन्द्र तिवारी


मानव सभ्यता ने सदियों तक आकाश को केवल चमकते तारों की दुनिया माना। कभी उसे देवताओं का निवास कहा गया, कभी भाग्य का दर्पण और कभी अनंत रहस्यों का महासागर। लेकिन विज्ञान ने जब दूरबीनों और रेडियो उपकरणों की सहायता से अंतरिक्ष को सुनना शुरू किया, तब पता चला कि ब्रह्मांड केवल दृश्य संसार नहीं है, बल्कि वह लगातार संकेतों, तरंगों और अदृश्य कंपन से भरा हुआ है। हाल के वर्षों में खगोलविदों ने ऐसी अनेक रेडियो तरंगें पकड़ी हैं, जिन्होंने वैज्ञानिकों को चौंका दिया। अब एक बार फिर अंतरिक्ष से आने वाली एक रहस्यमयी रेडियो लहर चर्चा में है। इस संकेत में एक निश्चित लय है, जो सुनने में किसी तबले की थाप जैसी प्रतीत होती है। वैज्ञानिक इसे किसी न्यूट्रॉन तारे की गतिविधि से जोड़ रहे हैं, जबकि सामान्य लोग इसे "ब्रह्मांड का संगीत" कहकर रोमांचित हो रहे हैं।

यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्यतः अंतरिक्ष को मौन माना जाता है। वास्तव में अंतरिक्ष में ध्वनि वैसे नहीं फैलती जैसे पृथ्वी के वातावरण में फैलती है, क्योंकि वहाँ हवा नहीं होती। लेकिन रेडियो तरंगें अंतरिक्ष में बहुत आसानी से यात्रा करती हैं। वैज्ञानिक इन रेडियो तरंगों को विशेष उपकरणों की सहायता से पकड़ते हैं और फिर उन्हें श्रव्य रूप में परिवर्तित करते हैं। जब यह परिवर्तन किया जाता है तो कई बार इन संकेतों में लय, ताल और दोहराव सुनाई देता है। यही कारण है कि लोग उन्हें संगीत जैसा अनुभव करने लगते हैं। जिस संकेत की चर्चा हो रही है, उसमें कुछ मिनटों या घंटों के अंतराल पर नियमित धड़कन जैसी तरंगें दर्ज की गई हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार यह किसी अत्यंत घने मृत तारे से आ सकती हैं। ऐसे तारों को न्यूट्रॉन तारा कहा जाता है। जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंतिम चरण में विस्फोट करता है, तब उसके केंद्र का भाग अत्यधिक संकुचित होकर न्यूट्रॉन तारे में बदल जाता है। इन तारों का आकार बहुत छोटा होता है, लेकिन उनका घनत्व इतना अधिक होता है कि एक चम्मच पदार्थ का भार करोड़ों टन तक हो सकता है। न्यूट्रॉन तारे अत्यंत तीव्र गति से घूमते हैं। कई तारे प्रति सेकंड कई बार घूम सकते हैं। जब उनके चुंबकीय ध्रुवों से रेडियो तरंगें निकलती हैं और वे पृथ्वी की दिशा में आती हैं, तब हमें वे नियमित अंतराल पर दिखाई देती हैं। इस प्रक्रिया को समझाने के लिए वैज्ञानिक अक्सर प्रकाश स्तंभ का उदाहरण देते हैं। जैसे समुद्र में खड़ा प्रकाश स्तंभ घूमते हुए समय समय पर जहाजों की दिशा में प्रकाश भेजता है, उसी प्रकार न्यूट्रॉन तारा भी घूमते हुए पृथ्वी की ओर रेडियो संकेत भेजता है। इन्हें पल्सर कहा जाता है। अब तक वैज्ञानिकों ने 3000 से अधिक पल्सर खोजे हैं, लेकिन हाल की खोजों ने पुराने सिद्धांतों को चुनौती दी है। कुछ संकेत ऐसे मिले हैं जिनकी धड़कनें बहुत धीमी हैं। एक संकेत हर 22 मिनट में दोहराता पाया गया, जबकि एक अन्य स्रोत लगभग 54 मिनट बाद सक्रिय होता था। इतना ही नहीं, 2025 में वैज्ञानिकों ने एक ऐसे न्यूट्रॉन तारे का संकेत दर्ज किया जिसकी घूर्णन अवधि लगभग 6.45 घंटे थी। यह खोज वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत आश्चर्यजनक थी क्योंकि पुराने सिद्धांतों के अनुसार इतनी धीमी गति वाले न्यूट्रॉन तारों से रेडियो तरंगें नहीं निकलनी चाहिए थीं। इन संकेतों को ÷लॉन्ग पीरियड ट्रांजिएंट÷ नाम दिया गया है। इसका अर्थ है ऐसे स्रोत जो लंबे अंतराल के बाद दोहराए जाने वाले रेडियो संकेत उत्पन्न करते हैं। वैज्ञानिक अभी तक यह पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि ये संकेत आखिर उत्पन्न कैसे होते हैं। कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि यह अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले मैग्नेटार नामक तारों से जुड़े हो सकते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि दो तारों की परिक्रमा के कारण भी ऐसी लय उत्पन्न हो सकती है। हाल ही में एक अध्ययन में यह संभावना व्यक्त की गई कि एक मृत तारा और एक लाल बौने तारे की संयुक्त गतिविधि भी ऐसी रेडियो धड़कनें पैदा कर सकती है। वैज्ञानिकों के लिए सबसे रोचक बात यह है कि इन संकेतों में नियमितता दिखाई देती है। अंतरिक्ष में अधिकांश घटनाएँ अव्यवस्थित और अनियमित होती हैं, लेकिन जब कोई संकेत लगातार एक निश्चित समयांतराल पर प्राप्त होता है तो वह किसी व्यवस्थित भौतिक प्रक्रिया की ओर संकेत करता है। यही नियमितता लोगों को संगीत का अनुभव कराती है। जब कंप्यूटर इन संकेतों को ध्वनि में बदलते हैं तो वे कभी ढोलक, कभी तबले और कभी इलेक्ट्रॉनिक संगीत जैसी प्रतीत होती हैं। सोशल मीडिया ने इस विषय को और भी लोकप्रिय बना दिया है। लाखों लोग इन संकेतों को सुनकर आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं। कई लोग इसे ÷ब्रह्मांड की धड़कन÷ कह रहे हैं, तो कुछ इसे किसी अनजानी सभ्यता का संदेश मानने लगे हैं। हालांकि वैज्ञानिक इस संभावना को बहुत कम मानते हैं। उनके अनुसार अब तक प्राप्त सभी प्रमाण प्राकृतिक खगोलीय प्रक्रियाओं की ओर संकेत करते हैं। फिर भी यह सच है कि ब्रह्मांड का यह रहस्य आम लोगों की कल्पना को गहराई से प्रभावित कर रहा है।



मानव इतिहास में पहली बार 1967 में जब नियमित रेडियो संकेत खोजे गए थे, तब कुछ वैज्ञानिकों ने मजाक में उन्हें "छोटे हरे जीवों" का संकेत कहा था। बाद में स्पष्ट हुआ कि वे पल्सर थे। आज भी जब कोई नया और असामान्य संकेत मिलता है, तो लोगों की कल्पनाएँ सक्रिय हो जाती हैं। लेकिन विज्ञान का कार्य कल्पना नहीं, बल्कि प्रमाणों के आधार पर सत्य तक पहुँचना है। इन रेडियो संकेतों को पकड़ने के लिए अत्यंत विशाल रेडियो दूरबीनों का उपयोग किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका जैसे देशों में स्थापित रेडियो वेधशालाएँ लगातार आकाश का निरीक्षण करती रहती हैं। कनाडा का सीएचआईएमई उपकरण और ऑस्ट्रेलिया का एएसकैप तंत्र हाल की कई महत्वपूर्ण खोजों में शामिल रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले वर्षों में और अधिक शक्तिशाली दूरबीनें स्थापित की जाएँगी, जिनसे ऐसे संकेतों की संख्या तेजी से बढ़ सकती है। इन खोजों का महत्व केवल रोमांच तक सीमित नहीं है। इनके माध्यम से वैज्ञानिक ब्रह्मांड की संरचना, तारों के जीवनचक्र और अत्यधिक चुंबकीय क्षेत्रों के व्यवहार को समझने का प्रयास कर रहे हैं। न्यूट्रॉन तारे पदार्थ की ऐसी अवस्था प्रस्तुत करते हैं जिसे पृथ्वी पर प्रयोगशाला में बनाना लगभग असंभव है। इसलिए इनके अध्ययन से भौतिकी के कई अनसुलझे प्रश्नों के उत्तर मिल सकते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि तेज रेडियो विस्फोट, जिन्हें "फास्ट रेडियो बर्स्ट" कहा जाता है, भी न्यूट्रॉन तारों से जुड़े हो सकते हैं। ये संकेत केवल कुछ मिलीसेकंड तक रहते हैं, लेकिन उनकी ऊर्जा इतनी अधिक होती है कि वे पूरी आकाशगंगा से अधिक चमकदार हो सकते हैं।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नई नई नौकरी का उत्साह नया खुली हवा में सांस नया नया आत्मबल नया स्वाभिमान स्वयं से साक्षात्कार का आरंभ नया... पहली तनख्वाह पहला कोर्ट पहला हीरे का बेसर अपनी पहली कमाई बाबूजी के हाथों में रखने का उत्साह नया ... नया आत्मविश्वास नयी -नयी दुनियां में नए- नए दोस्त स्नेह नया प्यार नया अषाढ़ की पहली बारिश में आकंठ तक भींगना जीवन नया जीवन अमृत नया...।

**- कुमुद अनुन्जया**

जब भी हो बात, मुस्कुराया करो, ज़िंदगी जैसी भी हो, खिलखिलाया करो। राहें कठिन हों या हों आसान, हर पल को हँसकर अपनाया करो। जो भी मिले दर्द, सह जाया करो, पर दर्द ज़्यादा हो तो अपनों से कह जाया करो। दिल में कभी अँधेरा मत बसने देना, उम्मीद का दीप हमेशा जलाया करो। बहुत सुंदर है ये सारा संसार, इसे अपने प्यार से और सजाया करो। हर चेहरे पर मुस्कान बिखेरते चलो, जीवन को खुशियों से महकाया करो।

**- नेहा श्रीवास्तव**

दिन की शुरूआत भी तुम झिड़कियों से करते हो घर की बात क्यूँ जाहिर खिड़कियों से करते हो दिल में जो भी है तुम्हारे, खुलकर क्यूँ नहीं बताते इश्क़ भी तो तुम,पड़ौस की लड़कियों से करते हो।

**- जे डी कुदाल**

एक स्त्री का चेहरा उसके अस्तित्व की अभिव्यक्ति है, तुम्हारी टिप्पणियों का विषय नहीं। वो उम्र, संघर्ष, जिम्मेदारियाँ, त्याग और अनुभव लेकर चलती है इसलिए उसके चेहरे को जज करने से पहले अपनी सोच का आईना देख लेना चाहिए। स्त्री की खूबसूरती चेहरे में नहीं, व्यक्तित्व में होती है। **- रेनु सिंघल**

छत्तीसगढ़ म मूंगफली के तेल नंदागे अब भूंसा के तेल म साग भुंज बघार कावत हन फेर हमर प्रधानमंत्री ह कहत हे तेल ल चिटुकुन कम खावा काजू किसमिस बदाम के भाव ल 50 रुपया कर दब जी तेल के जरूरत नी लागे।

**- लक्ष्मी नारायण लहरे**

लोग लहजा बदलते हैं ध्यान रखना कुछ तो रस्ता बदलते हैं ध्यान रखना बात करने लगोगे गर गल्तियों पर लोग किस्सा बदलते हैं ध्यान रखना एक दिन वो बदल जाएंगे अचानक जो भी थोड़ा बदलते हैं ध्यान रखना दुश्मनों से रखोगे तुम सावधानी दोस्त कितना बदलते हैं ध्यान रखना बनके "चमचा" रहोगे तो क्या मिलेगा लोग "चमचा" बदलते हैं ध्यान रखना। **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीज़ल बचाने, सोना न ख़रीदने, विदेश यात्रा पर न जाने की अपील की है। इन पर पाबंदी नहीं लगाई है। आपको कोई नहीं रोक रहा कि आप अपना घर गिरवी रख सोना ख़रीदें, लोन लेकर विदेश यात्रा करें और अपनी गाड़ी का इंजन चौबीसों घंटों चालू रखें.. ??सरकार के निर्णय के साथ डट कर खड़े रहिए, क्योंकि आप डोभाल, जयशंकर सेना अध्यक्षों रक्षा सचिवों से ज्यादा बड़े ज्ञानी नही हो?

**- वंदना गोयल**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष** : आज का दिन किसी न किसी रूप में हानि देकर जाएगा विशेषकर व्यावसायिक कार्यो में जदबाजी ना करें धोखा होने की संभावना है।

**वृषः** आज के दिन आपका व्यवहार अनाड़ियों जैसा रहेगा स्वयं को अन्य लोगो की तुलना में श्रेष्ठ दिखाने के चक्कर मे उल्टे हास्य के पात्र बनेंगे। आज आपका दिमाग धन संचय की जगह जमा पूंजी से शौक पूरे करने पर रहेगा।

**मिथुनः** आज का दिन सफलता दायक है दिन के आरंभ से ही लक्ष्य बनाकर धर्य से कार्य करे जो भी कार्य करेंगे उसमे थोड़ी बहुत परेशानी के बाद सफलता अवश्य मिलेगी।

**कर्कः** आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी किसी भी कार्य मे बुद्धि विवेक का कम ही इस्तेमाल करेंगे। कार्य व्यवसाय में भी जोखिम लेने से डरेंगे जिसके फलस्वरूप सीमित साधनों से काम चलाना पड़ेगा।

**सिंहः** आज का दिन बीते कल की तुलना में विपरीत फलदायी रहेगा अपने रूखे व्यवहार के कारण जो लोग आपको सम्मान दे रहे थे वे ही मन ही मन कोसेंगे। कार्य क्षेत्र पर स्वतः बन रहे सौदों को नासमझी में बिगाड़ लेंगे।

**कन्याः** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा लेकिन आज आपको पूर्व में किसी की सहायता ना कर पाने का अफसोस भी होगा। घर मे भाई बहनों का स्वभाव जिद्दी रहेगा घर की तुलना में बाहर का वातावरण अधिक शांति देगा।

**तुलाः** आज के दिन आपके घर मे किसी महिला का जिद्दी व्यवहार परेशानी में डालेगा अपनी जिद के कारण स्वयं शारीरिक एवं मानसिक कष्ट भोगेंगी साथ मे आपसे भी भागदौड़ करवाएंगी।

**वृश्चिकः** आज के दिन आप अपनी छवि सुधारने का प्रयास करेंगे दिखावे की मानसिकता रहेगी जिससे व्यक्तित्त्व सुधारने की जगह लोग आपको चापलूस समझेंगे। संतान अथवा अन्य मित्र रिश्तेदार की बीमारी पर खर्च करना पड़ेगा।

**धनुः** आज के दिन आपके ऊपर आवेश हावी रहेगा। बुद्धि विवेक रहने के बाद भी अपनी बात मनवाने के लिये किसी पर भी अनैतिक दवाब डालेंगे।

**मकरः** आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा प्रयास करने पर ही काम बनते नजर आएंगे थोड़ा भी आलस्य पहले की मेहनत पर भी पानी फेर सकता है। माता से आज विशेष बना कर चले आकस्मिक लाभ मिल सकता है।

**कुंभः** आज का दिन सावधानी से बिताए लोगो को आपकी भले के लिये कही बात भी बुरी लगेगी स्वयं का पराक्रम भी आज कमजोर रहेगा जल्दी से किसी निर्णय लेने में परेशानी आएगी।

**मीनः** आज के दिन चंचलता मन पर हावी रहेगी दिन के आरंभिक भाग में अपने हास्य परिहास से घर का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) मत्स्य विभाग ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को किस योजना के तहत टूना क्लस्टर के रूप में नामित किया है?

2) राजस्थान के सांभर झील में प्रवासी पक्षियों की सामूहिक मृत्यु का मुख्य कारण एवियन बोटुलिज़्म क्या है?

3) मैसूर के किस जन आंदोलन को पारंपरिक खेती पद्धतियों के संरक्षण के लिए 31वां डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार मिला?

4) राजाजी नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?

5) हाल ही में निधन होने वाले बोरिस स्पास्की किस खेल से जुड़े थे?

उत्तरमाला- (1) प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (2) क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम जीवाणु (3) अप्पिको आंदोलन (4) उत्तराखंड (5) शतरंज

## पहेली

### शब्द सामर्थ्य -037



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 036 का हल

# स्टील लैडल लाइफ में बीएसपी का ऐतिहासिक प्रदर्शन एसएमएस 2 और एसएमएस 3 ने बनाए नए कीर्तिमान

**भिलाई/नवप्रदेश।** बीएसपी ने इस्पात निर्माण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्टील मेल्टिंग शॉप-2 और स्टील मेल्टिंग शॉप-3 दोनों इकाइयों में अब तक की सर्वश्रेष्ठ स्टील लैडल लाइफ दर्ज की है। संयंत्र ने एसएमएस- 3 में 153 हीट्स और एसएमएस 2 में 151 हीट्स की रिकॉर्ड लैडल लाइफ प्राप्त कर उल्लेखनीय ट्विन सक्सेस स्टोरी स्थापित की है। इस उपलब्धि में सेल की रिफ्रैक्टरी निर्माण इकाइयों सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड और एसआरयू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों इकाइयों द्वारा गुणवत्तापूर्ण रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की आपूर्ति, तकनीकी सहयोग व उत्कृष्ट कार्य निष्पादन ने लैडल प्रदर्शन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह सफलता मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास, मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल और मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा के कुशल नेतृत्व व समन्वित प्रयासों से मिली। यह संपूर्ण उपलब्धि पूर्ण सुरक्षा मानकों के पालन और शून्य दुर्घटना के साथ हासिल की गई। उपलब्धि के उपलक्ष्य में 12 मई को रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग में केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने आरईडी टीम को बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल ने कहा कि लैडल लाइफ में सुधार तभी सार्थक है, जब इसे सुरक्षा और निर्बाध संचालन के साथ प्राप्त किया जाए। मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण राय भल्ला ने आरईडी टीम की प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन की सराहना की। महाप्रबंधक प्रभारी सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग संजय अग्रवाल ने कार्यकुशलता और कार्यस्थल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु निरंतर कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) प्रोसेनजीत दास ने इस सफलता का श्रेय कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार के सतत मार्गदर्शन और सहयोग को दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा एसएमएस-3 में महत्वपूर्ण उत्पादन उपलब्धियों, बेहतर स्टील लैडल प्रदर्शन और टॉरपीडो लैडल लाइफ में सुधार सहित अनेक महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं।

# 17.35 करोड़ रुपए से बनेगा मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स, 298 कार पार्किंग की होगी सुविधा

**■ महापौर अलका बाघमार ने किया स्थल निरीक्षण**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुराना बस स्टैंड स्थित इंदिरा मार्केट में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण कार्य का महापौर अलका बाघमार ने निगम अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों व संबंधित एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य प्रारंभ कर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि शहरवासियों को बेहतर पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, निलेश अग्रवाल, हर्षिका जैन, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थवानी, राजेन्द्र ढबाले, पंकज साहू, सिद्धार्थ साहू सहित ठेकेदार मौजूद रहे। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से इंदिरा मार्केट और पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और आम नागरिकों, व्यापारियों व बाहर से आने वाले लोगों को व्यवस्थित पार्किंग सुविधा मिल सकेगी।

प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना में बेसमेंट, ग्राउंड और दो फ्लोर के साथ लगभग 298 कार पार्किंग की क्षमता विकसित की जाएगी। परिसर में 11 दुकानों का भी निर्माण किया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### बेलौदी में उल्टी-दस्त की शिकायत अब तक 56 मरीज मिले

**दुर्ग।** पाटन विकासखण्ड के ग्राम बेलौदी में उल्टी-दस्त की शिकायत मिलने पर डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर डॉ. सीबीएस बंजारे, जिला सर्वलेंस अधिकारी, डॉ. भुनेश्वर कठौतिया, खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, डॉ उमेश मिर्जा, उत्तम मधुकर सुपरवाईजर व स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। प्रभावित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में कुल 180 घरों का सर्वे किया गया, यहां उल्टी-दस्त के 7 नये मरीज मिले हैं। 11 मई से आज तक कुल 56 मरीज मिले, जिनमें से 11 मरीजों का इलाज जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। 4 मरीज सीएचसी पाटन, 2 मरीज जिला अस्पताल, 3 मरीज सेलूद हॉस्पिटल 1 मरीज आस्था हॉस्पिटल व 1 मरीज महिमा हॉस्पिटल में भर्ती हैं। अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले रहे है।

### प्रमुख सचिव से मिले कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र के सदस्य

**भिलाई।** दुर्ग सर्किट हाउस में जिला प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा ने दुर्ग प्रवास के दौरान दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह की उपस्थिति में 'कल्याणी नशामुक्ति केंद्र' के निदेशक अजय कल्याणी व उनकी टीम से औपचारिक भेंट की। उन्होंने प्रभारी सचिव को नशामुक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन व्यक्तियों से भी मुलाकात की गई जो नशे के चंगुल से मुक्त होकर अब समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं।

### अवैध रूप से वाहन पार्किंग करने पर निगम ने वसूला 3200 रुपए का जुर्माना

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई द्वारा बेतरतीबी से वाहन खड़ी कर सड़क बाधा करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर सुपेला आकाश गंगा क्षेत्र में सड़क बाधा करने पर कुल 3200 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है। जोन-1 नेहरू नगर के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वार्ड 17 आकाश गंगा परिसर में प्रतिष्ठानों के सामने अवैध रूप से वाहन खड़ा करने पर गौरी शंकर, मनोज कुमार, सौरभ, प्रकाश हलधर, भोले बाबा, पवन कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता से दो-दो सौ रुपए वसूल किये गए। राखी फर्नीचर के सामने रोड पर अवैध रूप से सब्जी ट्रक पार्किंग किये जाने पर आवागमन बाधित करने पर 1800 रुपए का चालान वसूल किया गया।

### शासकीय महाविद्यालय अहिवारा में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला

**अहिवारा।** शासकीय महाविद्यालय अहिवारा के कैरियर मार्गदर्शन व प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कैरियर मार्गदर्शन व प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ आर एन टंडन ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमताओं और व्यक्तित्व के अनुसार कैरियर का चुनाव करने और बेहतर भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान कर लक्ष्य निर्धारण करने के लिये प्रेरित किया। व्यापमं, एसएससी, पीएससी, बैंकिंग, रेल्वे, भारतीय सेना, नेट और सेट परीक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. सीमा गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को उचित निर्णय लेने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सफलता प्राप्त करने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर एमकॉम के भूतपूर्व छात्र योगेश्वर का चयन छग पुलिस में आरक्षक पद, बीए अंतिम वर्ष की छात्रा रीना का नगर सैनिक और एम कॉम की भूतपूर्व छात्रा प्रतिमा का नेट परीक्षा और एम. कॉम के भूतपूर्व छात्र उमेश का सीजी सेट में शोध कार्य (पीएचडी) हेतु चयन होने पर प्रतीक चिह्न, मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# दुर्ग जिले में बनेगा फिजियोथेरेपी कॉलेज मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा देने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल हुई। कचांदूर स्थित चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज के पास नवीन फिजियोथेरेपी कॉलेज निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि फिजियोथेरेपी चिकित्सा पद्धति आज स्वास्थ्य सेवाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। बदलती जीवनशैली, दुर्घटनाओं, खेल संबंधी चोटों, लकवा, कमर और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं के उपचार में फिजियोथेरेपी की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दुर्ग जिले में इस कॉलेज की स्थापना से आम नागरिकों को आधुनिक और वैज्ञानिक उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

यादव ने कहा कि यह संस्थान केवल उपचार केंद्र ही नहीं बल्कि दुर्ग जिले के चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण का भी प्रमुख केंद्र बनेगा, जहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण तथा बेहतर करियर अवसर प्राप्त होंगे। इससे जिले सहित पूरे संभाग के युवाओं को स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

केबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश के विभिन्न जिले में फिजियोथेरेपी कॉलेज बनाने बजट में स्वीकृति प्रदान किये थे जिसका आज भूमिपूजन किया गया। स्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी तथा मरीजों को बिना ऑपरेशन और कम दवाइयों के माध्यम से उपचार की प्रभावी सुविधा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह संस्थान दुर्ग जिले की पहचान बनेगा और बड़ी संख्या में मरीजों को लाभान्वित करेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और मेडिकल कॉलेज स्टॉफ ने भी इस पहल को जिले के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। भूमिपूजन अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र यादव, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकगण, स्टॉफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवसायिक परिसर के रिक्त भूखण्डों की नीलामी जारी

**■ 24 भूखंडों की नीलामी से प्राप्त हुई 57 लाख 50 हजार रुपए तक की दरें**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** शासन द्वारा नगर निगम भिलाई चरोदा के अंतर्गत हथखोज क्षेत्र में भव्य ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर अंतर्गत व्यावसायिक परिसर के रिक्त भूखण्डों की आम नीलामी 11 मई से की जा रही है। 14 और 15 मई को भी नीलामी जारी रहेगी। निगम आयुक्त दशरथ राजपूत ने बताया कि 11 मई की आम नीलामी में कुल 30 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया। 12,71,300/- रुपये के निर्धारित ऑफसेट प्राइस (सरकारी दर) के विरुद्ध 15 भूखंडों की नीलामी की गई, जिसमें न्यूनतम 25 लाख रुपये से लेकर अधिकतम 38,50,000/- रुपये तक की बोलियां प्राप्त हुईं। यह राशि सरकारी दर से लगभग दोगुनी है।

13 मई को 9 भूखंडों की नीलामी कार्यवाही हुई। 13 मई को प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा और भी अधिक रही, जहां 3,81,390 रुपए की सरकारी बोली राशि के विरुद्ध न्यूनतम 10,50,000 रुपए से लेकर अधिकतम 19,00,000 रुपए तक की दरें प्राप्त हुईं। इस प्रकार 24 भूखंडों की नीलामी से कुल 57 लाख 50 हजार रुपये तक की दरें प्राप्त हुई है। प्राप्त दरें सरकारी मूल्य से तीन गुना से भी ज्यादा हैं। निगम प्रशासन ने सूचित किया है कि शेष बचे हुए भूखंडों की आम नीलामी 14 और 15 मई को निगम सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में एमवीएन के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई/नवप्रधेश।** मैत्री विद्या निकेतन विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता से संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के शीर्ष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों में आदित्य कैमल 94.2 प्रतिशत, विधि दरसेना 93.8 प्रतिशत, मोनिश कुमार साहू 93.6 प्रतिशत, ऋशु 92.6 प्रतिशत, अथर्व ठाकुर 92.4 प्रतिशत, हर्षिका दिल्लीवार 92 प्रतिशत, चित्रांश वर्मा 90.2 प्रतिशत शामिल हैं। विद्यालय के 19 छात्रों ने सभी विषयों में विशिष्टता प्राप्त की है। उत्साहजनक और सराहनीय परिणाम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों और प्राचार्य के सक्षम मार्गदर्शन का प्रमाण हैं। मेका की अध्यक्षा के. राजम सुधाकरण, निदेशक एस सजीव और एस साजन, निदेशक व प्राचार्य डॉ. सजिथा थम्बी, उप-प्राचार्य डॉ. बीना सजीव और प्रधानाध्यापिका निशी साजन, शिक्षकों व स्टाफ ने छात्रों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## उत्कृष्ट परिणाम के साथ केपीएस के होनहारों ने परचम लहराया

**भिलाई/नवप्रदेश।** कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई के कक्षा बारहवीं और दसवीं के छात्रों ने भिलाई, दुर्ग सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। सीबीएसई 2026 बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस वर्ष कुल 448 छात्रों ने बारहवीं बोर्ड की परीक्षा दी, जिसमें 33 छात्रों ने 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। कक्षा बारहवीं में अभिनव केशवानी 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। ईशा सूर्यवंशी 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर और यशजीत साहू 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। गणित संकाय से अभिनव केशवानी नें 97 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, संदेश जैन 95.2 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान और आयुष कुमार साहू ने 94.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स संकाय से यशजीत साहू 95.6 प्रतिशत प्रथम स्थान, वेद अग्रवाल 95.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान और तनिष्का प्रियदर्शनी 95 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय से ईशा सूर्यवंशी 95.8 प्रतिशत प्रथम, सौदर्य दीक्षित 90.8 प्रतिशत द्वितीय और सम्राट तिवारी 91.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय से सौम्या मिश्रा 91.2 प्रतिशत प्रथम, सोनम प्रसाद 90.2 प्रतिशत द्वितीय और जान्हवी वर्मा 85.6 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे।

## गुरुनानक स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई में बेहतर प्रदर्शन

**भिलाई/नवप्रदेश।** गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6, भिलाई के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में इस साल शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासित वातावरण का प्रतीक है। विज्ञान संकाय में विद्यालय के छात्र अनिवेश राणा (89 प्रतिशत) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयुष चौधरी (79 प्रतिशत) ने दूसरा स्थान और सौम्या यादव (78 प्रतिशत) ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वाणिज्य संकाय में विद्यालय के छात्र करणदीप सिंह भाटिया (91 प्रतिशत) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खुशी मौर्य (84 प्रतिशत) ने दूसरा स्थान और दिलराज कौर (81 प्रतिशत) ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है।

विद्यालय की प्रबंधन समिति, श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। समिति के अध्यक्ष सरदार गुरुदेव सिंह, महासचिव सरदार सौदागर सिंह और प्राचार्य विशाल वधावन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विद्यालय के समर्पित और अनुभवी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों के अथक परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति के कारण ही यह भव्य सफलता संभव हो सकी है।

## एमडीएस पार्ट-2 के नतीजे घोषित, रूंगटा डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स बने यूनिवर्सिटी टॉपर

Dr. Debalina Baidya Dr. Pallavi Bhyri Dr. Shivran Dr. Malaika Deepak
Dr. Kilari AnjuNaidu Dr. Sanjana Agrawal Dr. Shivani Sayankar Dr. Shrushti Prakash

**भिलाई/नवप्रदेश।** आयुष विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च प्राप्तांक के अनुसार सत्र 2024 और सत्र 2025 के टॉप 10 व टॉप 5 छात्र-छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की गई है। सूची में आयुष यूनिवर्सिटी के एमडीएस पार्ट - 2 के मेरिट लिस्ट में रूंगटा डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट हैं। आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च प्राप्तांक की सूची के अनुसार यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता में टॉप 10 में से टॉप 9 स्थान रूंगटा डेंटल कॉलेज के होनहार छात्र-छात्राओं ने हासिल किया। देबलीना वैद्य ने प्रथम स्थान, बी पल्लवी ने द्वितीय, शिवरान तृतीय, वर्मा मलाईका दीपक ने चतुर्थ, किलारी अंजू नायडू ने पांचवा, अग्रवाल संजना सुरेश ने छठवां, चंदन सिंह ने सातवां, शिवानी किरण ने नवा और जाधव श्रृष्टि प्रकाश ने दसवां स्थान प्राप्त किया। रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च लगातार उत्कृष्टता में अग्रणी रहा है। हाल ही में इंडिया टुडे द्वारा मध्य भारत का नंबर 1 डेंटल कॉलेज घोषित किया गया है। विवि द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में एम.डी.एस. पार्ट-2 में पेरियोडॉन्टिक्स में टॉप 5 में से टॉप 4 रुंगटा डेंटल कॉलेज के छात्र छात्राएं शामिल हैं। इनमें शिवानी किरण ने प्रथम, राउत आकांक्षा विनोद ने द्वितीय, अध्यलकर निधि दीपक ने चतुर्थ और वियंका शर्मा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। पीडोडॉटिक्स में देबलीना बाध्या ने प्रथम और बी. पल्लवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रोस्थोडोन्टिक्स में अग्रवाल संजना सुरेश प्रथम, अंकिता ठाकुर ने तृतीय स्थान और वजनी महिमा हरीश ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। रूंगटा समूह के चेयरमैन संजय रूंगटा ने छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देते हुए उनकी कड़ी मेहनत को सराहा।

# विधायक ललित ने निवास पर सुनी जनता की समस्याएं

**दुर्ग/नवप्रदेश।** पं. बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार-प्रसार से लौटने के बाद दुर्ग ग्रामीण के विधायक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने पूर्व की भांति सिविल लाइन स्थित निवास स्थान पर जनदर्शन कार्यक्रम दोबारा प्रारंभ कर दिया है। विधायक चंद्राकर रोज सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने निवास स्थान पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनते हैं। आज बड़ी संख्या में नागरिकों ने व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याओं की जानकारी दी। मुख्य रूप से राशन कार्ड, पेंशन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास, बिजली, पानी, सड़क, नाली, स्वास्थ्य, राजस्व प्रकरणों और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें बताई गई। विधायक चंद्राकर ने कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। विधायक चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 'जनता के द्वार, सरकार हर बार' के संकल्प को हम जमीन पर उतार रहे हैं। प्रयास है कि क्षेत्र के किसी भी नागरिक को अपनी समस्या लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के सभी नागरिक समस्या, सुझाव या मांग को लेकर चर्चा कर सकते है।

**निरीक्षण:** प्रमुख सचिव ने पीएमश्री सेजस विद्यालय कुम्हारी के स्टूडेंट्स की उपलब्धियों की सराहना की

# अनुशासित परिश्रम, तप और त्याग से मिलती है सफलता : बोरा

**दुर्ग/नवप्रदेश।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव और दुर्ग जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि वोरा ने आज दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी विभागों का बारीकी से अवलोकन किया। बोरा ने विद्यालय की लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, अटल लैब, स्पोर्ट्स रूम सहित सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विभाग में संचालित जादुई पिटारा गतिविधियों और मिडिल विभाग में स्मार्ट क्लास के माध्यम से कराए जा रहे शिक्षण कार्य को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर पढ़ाई व खेलकूद की गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर अभिजीत सिंह उपस्थित थे। प्रमुख सचिव बोरा ने विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान कहा कि अनुशासित परिश्रम, तप और त्याग से सफलता मिलती है। उन्होंने पीएमश्री विद्यालय निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए प्रारंभिक पायदान से ही विद्यार्थियों को विद्या अध्ययन के साथ ही ज्ञान पिपासु शिक्षार्थी और अभ्यर्थी भी बनना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की। सभी कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित भी किया। प्रमुख सचिव बोरा और कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया और यह भी पूछा कि वे जीवन में क्या बनेंगे। यह पूछने पर टॉपर्स ने सीए, साइबर इंजीनियर, कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की और विद्यालय की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों को सराहनीय बताया।

सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 12 वीं की छात्रा रिया साहू शामिल थी। रिया ने राज्य स्तर पर मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 10 वीं की छात्रा साक्षी देवांगन ने जिला स्तर पर आठवां स्थान हासिल किया है। कक्षा 8 वीं में पायल रजानी और नैतिक आमटे ने संकुल स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया है। कक्षा 5 वीं की छात्रा शिवानी पटेल प्रथम स्थान पर रही, जबकि भव्या साहू और रूपाली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## न्यूज गैलरी

### सोलर पावर प्लांट में लाखों की चोरी, फेंसिंग काटकर ले गए वायर और कनेक्टर

**महासमुंद/नवप्रदेश।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम साल्हेभांठा स्थित 'विपुल विद्युत प्राइवेट लिमिटेड' के सोलर पावर प्लांट में अज्ञात चोरों ने फेंसिंग काटकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर प्लांट से हजारों रुपये कीमत के डीसी वायर, एमसी-4 कनेक्टर और पाइप चोरी कर ले गए। तेंदूकोना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्लांट के साइड इंचार्ज महेश कुमार तारम ने पुलिस को बताया कि चोरी की घटना 12 से 14 नवंबर के बीच हुई। 13 नवंबर की शाम बिजली उत्पादन में अचानक गिरावट दर्ज हुई थी, जिसे शुरुआत में तकनीकी खराबी समझा गया। लेकिन 14 नवंबर की शाम पीवी वार्ड का निरीक्षण करने पर वायरिंग कटी और क्षतिग्रस्त मिली। बताया गया कि 14 नवंबर की रात प्लांट में दो सुरक्षा गार्डों सहित तीन अन्य लोगों की ड्यूटी लगी थी, इसके बावजूद चोर दूसरे ब्लॉक में चोरी करने में सफल रहे। चोरों ने प्लांट के पीछे लगी फेंसिंग काटकर अंदर प्रवेश किया था।

### जलाऊ लकड़ी ले जाने का विरोध करने पर मजदूर से मारपीट

**महासमुंद/नवप्रदेश।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम बैहाडीह में जलाऊ लकड़ी ले जाने का विरोध करने पर एक मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी ने कुल्हाड़ी के बैट से हमला कर मजदूर को घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नारायण चक्रधारी ने खेत के पास जलाऊ लकड़ी इकट्ठा कर रखी थी। आरोप है कि गांव के ही लिकेश साहू ने उक्त लकड़ी को ट्रैक्टर में भरकर अपने घर ले गया। 11 मई की सुबह करीब 9:30 बजे दुर्गा चौक के पास नारायण ने जब लिकेश से लकड़ी ले जाने के संबंध में पूछा, तो वह भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने टंगिया के बैट से नारायण पर हमला कर दिया। मारपीट में नारायण की भौंह और दाहिने हाथ की कोहनी में चोटें आई हैं। घटना के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद रूपसिंह बरिहा एवं अन्य ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

### वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण खरे का निधन

**महासमुंद/नवप्रदेश।** वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण खरे का बुधवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत सहित महासमुंद और रायपुर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। वे पिछले करीब तीन माह से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचाररत थे। बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रवीण खरे ने पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय तक सक्रिय रहते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय समाचार पत्रों में रिपोर्टर और ब्यूरो चीफके रूप में कार्य करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। महासमुंद जिले में पत्रकारिता को नई दिशा और पहचान दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। पत्रकारिता के प्रति उनकी निष्ठा, निष्पक्ष कार्यशैली और बेबाक लेखनी के कारण वे पत्रकारों और आमजन के बीच बेहद सम्मानित थे। पिछले कई वर्षों से वे राजधानी रायपुर में रहकर सक्रिय पत्रकारिता कर रहे थे। मृदुभाषी, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रवीण खरे अपने व्यवहार और कार्यशैली के कारण सभी के प्रिय थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकार संगठनों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय पहल

**नगरी/नवप्रदेश।** -नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा में मखाना खेती ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और रोजगार का नया माध्यम बनकर उभर रही है। इसी क्रम में उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक पूजा साहू ने ग्राम पंचायत सांकरा के बांध में संचालित मखाना खेती का निरीक्षण किया तथा वहां किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ अरुण सार्वा भी उपस्थित रहे। उन्होंने मखाना उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों को देखा और 17 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। सहायक संचालक पूजा साहू ने कहा कि मखाना खेती ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल है, जिससे महिलाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने महिलाओं को उन्नत खेती तकनीक, बेहतर उत्पादन के उपाय, बाजार संभावनाएं तथा

मखाना उत्पादन से होने वाले आर्थिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यदि इसी तरह समूहबद्ध होकर महिलाएं कार्य करती रहेंगी तो आने वाले समय में यह क्षेत्र मखाना उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन सकता है। महिलाओं ने बताया कि अरुण सार्वा के प्रयासों से क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ भूमि में मखाना खेती की शुरुआत हुई है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि महिलाएं समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच नागेंद्र बोरझा सहित महेश साहू, बलदाऊ यादव, रमेश साहू, साधुराम साहू, भीखम साहू, सतीश साहू, रवि भट्ट एवं हनी कश्यप उपस्थित रहे।

वहीं स्व-सहायता समूहों की महिलाएं दुर्गा बाई, रीना बाई, सकून बाई, हेमा बाई, गोदावरी बाई, निर्मला बाई, भारती, पीलेश्वर, राजकुमारी, पिंकी, नूतन, लता, मोहनी, संतोषी एवं राधा ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

महिलाओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे गांव की महिलाएं काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मखाना खेती जैसी योजनाएं ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

डिजिटल कैमरा लेकर परीक्षा कक्ष में पहुंचा परीक्षार्थी, वीडियो-ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर कार्रवाई

# भंवरपुर परीक्षा केंद्र में नकल और दुर्व्यवहार मामला, 5 निलंबित

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय भंवरपुर स्थित हाई एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा केंद्र क्रमांक 171031 में नकल कराने और दुर्व्यवहार से जुड़ी शिकायत के मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर केंद्राध्यक्ष सहित पांच कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई। आदेश 12 मई 2026 को लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर से जारी किया गया।

## जांच में क्या पाया गया

जांच प्रतिवेदन के अनुसार परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश से पहले नियमानुसार सघन जांच नहीं की गई। इसी लापरवाही के चलते एक छात्र इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (डिजिटल कैमरा) लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने में सफल रहा।

बताया गया कि परीक्षा के दौरान वीडियो एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग की गई, जिसे बाद में सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया। इस घटना से शिक्षा विभाग की छवि धूमिल होने की बात आदेश में कही गई है।

जांच में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक तथा अन्य कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध मानी गई तथा ड्यूटी निर्वहन में घोर लापरवाही को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचार माना गया।

निलंबित कर्मचारियों में एक भृत्य और 4 शिक्षक शामिल है। इनमें गंगा प्रसाद पटेल केन्द्राध्यक्ष व्याख्याता, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिठिया, विकासखंड बसना, अनिरुद्ध भोई व्याख्याता, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय भंवरपुर (सहायक केंद्राध्यक्ष),

दिनेश कुमार दास, व्याख्याता, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय भंवरपुर (सहायक केंद्राध्यक्ष), दुर्गाप्रसाद पटेल, सहायक शिक्षक एलबी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय भंवरपुर (पर्यवेक्षक), श्रीमती विजिया बुड़ेके नियमित भृत्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय भंवरपुर को निलंबित किया गया है।

### इन कर्मचारियों पर गिरी गाज

लोक शिक्षण संचालनालय ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के उपनियम 1(क) के तहत निम्न कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### निलंबन अवधि में मिलेगा जीवन निर्वाह भत्ता

आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। साथ ही सभी निलंबित कर्मचारियों का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद नियत किया गया है।

### शिक्षा विभाग की सख्ती

इस कार्रवाई को परीक्षा केंद्रों में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में विभाग की सख्त पहल माना जा रहा है। सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो के बाद मामले ने तूल पकड़ा था, जिसके बाद विभागीय जांच कर कार्रवाई की गई।

**आज से अनिश्चितकालीन धरना का ऐलान**

## गैंदाटोला-नुन्हाटोला मार्ग की शराब दुकान हटाने की मांग

**छुरिया/नवप्रदेश।** गैंदाटोला क्षेत्र के ग्रामीणों ने गैंदाटोला-नुन्हाटोला मार्ग स्थित शासकीय शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपते हुए 14 मई 2026, गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त शराब दुकान के कारण मार्ग पर आए दिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे लड़ाई-झगड़े, गाली-गलौज और अन्य असामाजिक गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसका सबसे अधिक असर इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**पहले भी हुआ था आंदोलन, मिला था लिखित आश्वासन,फिर भी नहीं हटी शराब दुकान :** ग्रामीणों ने बताया कि शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर कुछ माह पूर्व भी आंदोलन किया गया था। आंदोलन के बाद आबकारी विभाग की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक दुकान हटाने को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी और आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब केवल आश्वासन नहीं, जमीनी कार्रवाई चाहिए। इसी के विरोध में समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी 14 मई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए शराब दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और आमजन को राहत मिल सके।

# शहर में तेज आंधी-तूफान से कई स्थानों पर पेड़ की डंगाल टूट कर बिजली तार पर गिरा

- **भाटापारा में रेलवे का ओएचई टूटा**
- **घंटों बिजली गुल, जनजीवन अस्त व्यवस्त**

**भाटापारा/नवप्रदेश।** नगर में दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली,और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बिजली की गर्जना और तेज बारिश ने आम जन मानस को तर बतर कर दिया।इन तेज हवाओं से ना केवल शहर की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई,बल्कि भाटापारा रेलवे प्लेटफार्म का ओ एच ई वायर भी टूट गया। शहर के अनेक स्थानों पर पेड़ टूट कर बिजली तार में गिरने से अनेकों जगह तार टूट गया।

बुधवार की दोपहर बाद मौसम ने एकाएक अपना मिजाज बदला।कुछ देर बादल छाए रहे,,फिर देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश चालू हो गई।हवाओं की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है शहर के कई स्थानों पर लगे

फ्लेक्स बोर्ड बिजली के वायर में गिर गए,वही कई स्थानों में सड़क किनारे पेड़ो के गिरने, उनकी डंगाल टूट कर सीधे बिजली तार में गिरने से तार टूट गया, जिससे शहर की विद्युत व्यवस्था दोपहर से बंद पड़ी हुई है,वही भाटापारा रेलवे प्लेटफार्म नंबर 3 के यार्ड पर ओ एच ई वायर टूट गया।शाम 4 बजकर 12 मिनट पर टूटे इस वायर को जोड़ने बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, हालांकि इस घटना से कोई यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ,क्योंकि मिडिल लाइन यार्ड होने के कारण ट्रेनों को अप लाइन और डाउन लाइन से निकाला जा रहा है।रेल्वे अधिकारियों के मुताबिक इस सुधार कार्य में लगभग 4 घंटे का समय लग सकता है।

वही इस अकस्मात आए तूफान के चलते पूरा जन जीवन प्रभावित हो गया। दोपहर बाद से बंद हुई बिजली रात में कितने समय तक आती है,फिलहाल इसका सही अनुमान बिजली अधिकारी भी नहीं लगा पा रहे है,लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के लग कर विद्युत व्यवस्था बहाल करने में लगे हुए है।

## इंस्टाग्राम पर निजी तस्वीरें वायरल कर ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- **पश्चिम बंगाल निवासी युवक ने फर्जी आईडी बनाकर महिला की फोटो-वीडियो किए सार्वजनिक, साइबर जांच से पुलिस ने दबोचा**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिला पुलिस ने महिलाओं की निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर ब्लैकमेल करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने पीड़िता का मोबाइल फोन लेकर उसमें मौजूद निजी तस्वीरें और वीडियो अपने मोबाइल में ट्रांसफर कर लिए थे। बाद में उसने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उन तस्वीरों को सार्वजनिक कर पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी रोनोजीत दोलाई के रूप में हुई है। बताया गया कि आरोपी ने विश्वास में लेकर पीड़िता से मोबाइल फोन लिया और उसकी निजी फोटो एवं वीडियो अपने मोबाइल में सेव कर लिए। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तब आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर तस्वीरें वायरल कर दीं।

इतना ही नहीं, आरोपी पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल भी कर रहा था। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने साइबर तकनीक और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की लोकेशन और सोशल मीडिया गतिविधियों का पता लगाया गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन तथा आपत्तिजनक डिजिटल डेटा भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि निजी तस्वीरें एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें और सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करें।

## चार महीने बाद भी नवापारा ज्वेलरी चोरी कांड का खुलासा नहीं, पुलिस की सक्रियता पर उठ रहे सवाल

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** रायपुर के शंकर नगर स्थित लक्ष्य ज्वेलर्स में हुई करीब 90 लाख रुपए की चोरी का खुलासा पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर कर अपनी सक्रियता दिखाई, लेकिन दूसरी ओर गोबरा नवापारा की बहुचर्चित ज्वेलरी चोरी आज भी पुलिस की फाइलों में दबी नजर आ रही है। चार महीने बीत जाने के बाद भी गोबरा नवापारा पुलिस न तो किसी आरोपी तक पहुंच सकी है और न ही चोरी गए लाखों के जेवरात का कोई सुराग लगा पाई है। इससे पुलिस की कार्यशैली और जांच क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

13 जनवरी 2026 की रात नगर के गिट्टी मार्केट स्थित प्रतिष्ठित कमलेश ज्वेलर्स और उत्तमचंद संतोष कुमार वस्त्रालय में नकाबपोश बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश दुकान के पीछे बने वेंटिलेशन और बेसमेंट के रास्ते अंदर घुसे और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी पार कर फरार हो गए। व्यापारी के अनुसार करीब 2

लाख रुपए नकद, 20 किलो चांदी और लगभग 70 ग्राम सोने के जेवर चोरी हुए थे। घटना के बाद पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम बुलाकर औपचारिक जांच शुरू जरूर की, लेकिन चार महीने बाद भी परिणाम शून्य है। दुकान के पीछे हथियार मिलने और वारदात के तरीके से साफ संकेत मिल रहे थे कि यह किसी संगठित और पेशेवर गिरोह का काम है, बावजूद इसके पुलिस अब तक केवल ÷जांच जारी है÷ का रटा-रटाया जवाब देती नजर आ रही है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी से कुछ दिन पहले ही नगर में 5-6 नकाबपोश युवकों के घूमने का सीसीटीवी वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में कुछ युवकों के हाथों में हथियार भी दिखाई दिए थे। व्यापारियों ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर सुरक्षा बढ़ाने और संदिग्धों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने चेतावनी को गंभीरता से लेने के बजाय लापरवाही बरती। यही ढिलाई बाद में बड़ी चोरी की वजह बनी।

अब व्यापारियों और आम लोगों में पुलिस के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते संदिग्धों की जांच और निगरानी की जाती, तो इतनी बड़ी वारदात टाली जा सकती थी। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं और निष्क्रिय जांच से नगर में असुरक्षा का माहौल गहराता जा रहा है।

व्यापारियों का आरोप है कि गोबरा नवापारा पुलिस केवल घटनाओं के बाद खानापूर्ति करती है, लेकिन अपराधियों तक पहुंचने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब बड़े शहरों की पुलिस घंटों में हाई-प्रोफाइल चोरी का खुलासा कर सकती है, तो नवापारा पुलिस चार महीने में भी खाली हाथ क्यों है? आखिर पुलिस की जांच किस दिशा में चल रही है।

## कैलाश पवार के निधन पर ग्रामीणों और मंदिर समिति ने दी श्रद्धाजलि

**नगरी/नवप्रदेश।** कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक एवं जय मां शीतला धर्मार्थ सेवा समिति सिहावा के अध्यक्ष स्वर्गीय कैलाश पवार के अंतिम संस्कार में क्षेत्रभर से पहुंचे लोगों ने नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें अंतिम बिदाई दी । अंतिम यात्रा में मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण, ग्रामीणजनो की भीड़ उमड़ी।

स्वर्गीय कैलाश पवार ने कर्णेश्वर ट्रस्ट के सर्वराकार सहित लगभग 40 वर्षों तक आजीवन जय मां शीतला धर्मार्थ सेवा समिति सिहावा की कमान संभालते हुए धार्मिक, सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में समिति ने अनेक धार्मिक आयोजनों एवं जनहित कार्यों को नई दिशा प्रदान की।

उनके निधन से सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बेश,पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, निकेश ठाकुर,नागेन्द्र शुक्ला,भरत निर्मलकर,रवि ठाकुर, रवि भट्ट,मोहन पुजारी, सचिन भंसाली,शीतला समिति के संरक्षक नरेंद्र नाग,नारद निषाद, बुधेस्वर साहू,रामलाल नेताम,गगन नाहटा,तुका राम साहू,गेंद लाल यादव ,ज्ञान सागर पटेल, बलदेव निषाद,राजेश यदु सहित ग्रामीणों में गहरा शोक व्याप्त है। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को सदैव स्मरणीय बताया।

# सुशासन तिहार बना जनविश्वास का सशक्त माध्यम

- **शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध: अश्वनी शर्मा**

**भाटापारा/नवप्रदेश।** ÷सुशासन तिहार के द्वितीय चरण अंतर्गत इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में जनकल्याणकारी गतिविधियों एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रही। आयोजन का उद्देश्य शासन की योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुँचाना, नागरिक समस्याओं का त्वरित निराकरण करना तथा जनता और प्रशासन के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस अवसर पर सभी स्टालों का अवलोकन कर विभाग प्रमुखों से चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आमजन से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। साथ ही संबंधित विभागों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने वाला प्रभावी मंच बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचे।

इस अवसर पर सभापति गोविंद पटेल संतीश तलरेजा कुंजराम कोशले मनीष मिश्रा पार्षद संतीश साहू नंदू वैष्णव श्रेणिक गोलछा बब्बू मंधान बंटी टंडन गेन्दू साहू ठाकुरराम साहू उमाशंकर वर्मा गोवर्धन डहरिया राजेश साहू लिकेश साहू देवेंद्र साहू कीर्तन जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**शासन और जनता के बीच सेतु बना सुशासन तिहार**

**कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की समुचित पहुँच सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया।**

## गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, नगरपालिका में सौंपा आवेदन

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** बुधवार को नगर पालिका गोबरा नवापारा में एक महत्वपूर्ण विषय गौ माता को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू को एक औपचारिक आवेदन सौंपा गया जिसमे पार्षदो ने आवेदन में उल्लेख किया कि सनातन संस्कृति और भारतीय समाज में गाय का स्थान सर्वोच्च है।

गौ माता न केवल धार्मिक रूप से पूजनीय हैं, बल्कि वे हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि की रीढ़ भी हैं। देश की सांस्कृतिक धरोहर और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए नगर पालिका के पीआईसी एवं समान्य सभा के बैठक मे प्रस्ताव लाकर एव सर्व सम्मती से पास कर राज्य सरकार तक यह मांग पहुंचाने का आग्रह अध्यक्ष से किया गया है। अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान पार्षद -अर्जुन साहू, अजय साहू, दीपाली राजपूत, हेमंत साहनी, तरुण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, फागु राम देवांगन, रामरतन निषाद उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग के विवादित क्लर्क का तबादला निरस्त, राजनांदगांव में दोबारा पदस्थापना से उठे सवाल

■ **ओवररेटिंग, कोचियागिरी और अवैध शराब कारोबार को संरक्षण देने के आरोपों के बीच वापसी से गरमाई सियासत**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** आबकारी विभाग के विवादित मुख्य लिपिक रामसिंह पाटिल का तबादला निरस्त कर पुनः राजनांदगांव पदस्थ किए जाने के बाद विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। पहले से ओवररेटिंग, अवैध शराब कारोबार को संरक्षण देने, कोचियागिरी बढ़ाने, कर्मचारियों पर दबाव बनाने और अवैध वसूली जैसे गंभीर आरोप लगने के बाद उसी कर्मचारी की दोबारा उसी जिले में वापसी ने राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश में मुख्य लिपिक रामसिंह पाटिल का संभागीय उडऩदस्ता रायपुर में किया गया अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उन्हें पुनः सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय राजनांदगांव में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश जारी होते ही विभाग की कार्यशैली पर कई सवाल उठने लगे हैं।

कुछ समय पूर्व जोगी कांग्रेस युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों ने कलेक्टर व आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपकर रामसिंह पाटिल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे। ज्ञापन में कहा गया था कि रामसिंह पाटिल लंबे समय से राजनांदगांव आबकारी विभाग में पदस्थ हैं, जबकि नियम अनुसार शासकीय कर्मचारियों का समय-समय पर स्थानांतरण होना चाहिए। आरोप लगाया गया था कि जिले में संचालित कई अवैध गतिविधियों में उनकी भूमिका रहती है और उनके संरक्षण में कोचियागिरी और शराब की ओवररेटिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिकायत में कहा गया था कि बार और शराब दुकानों में अवैध सप्लाई, दूसरे राज्यों की शराब की एंट्री और अवैध नेटवर्क संचालन में भी उनकी भूमिका संदिग्ध रही है।

**कर्मचारियों पर दबाव और अवैध वसूली के आरोप**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि जो कर्मचारी या प्लेसमेंट स्टाफ निर्देशों का पालन नहीं करता, उसे हटवाने का दबाव बनाया जाता है। छोटे-बड़े कार्यों के लिए कमीशन मांगने और बिना कमीशन काम न होने जैसे आरोप भी लगाए गए थे। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि आबकारी विभाग में कई लोकेशन अफसर उनकी पसंद से लगाए जाते हैं और उन्हीं के माध्यम से दुकानों से अवैध वसूली कराई जाती है। कुछ सुपरवाइजर व सेल्समैन को निजी दुश्मनी के चलते ब्लैकलिस्ट कराने के आरोप भी ज्ञापन में शामिल थे। विभागीय टेंडर अपने रिश्तेदारों और करीबी लोगों को दिलाने जैसे आरोपों का भी जिक्र किया था।

**जांच नहीं, उलटे उसी जिले में वापसी**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक मामले में न तो कोई सार्वजनिक जांच रिपोर्ट सामने आई और न ही किसी प्रकार की कठोर कार्रवाई दिखाई दी। इसके उलट उनका तबादला निरस्त कर पुनः उसी जिले में पदस्थ कर दिया गया, जहां पहले से विवाद बना हुआ था।

इस निर्णय के बाद शहर और राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर विभाग की ऐसी क्या मजबूरी रही कि विवादों में घिरे कर्मचारी को फिर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी गई।

**1 महीना पूरा भी नहीं हुआ और दोबारा उसी जगह पदस्थापना दे दी गई**

1 महीना पूरा भी नहीं हुआ और विवादित बाबू को फिर से उसी स्थान पर पदस्थापना दी गई है। इससे स्पष्ट होता है कि आबकारी विभाग भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है और जिले में अवैध शराब कारोबार को खुली छूट दी जा रही है।

- **बिलाल सौलिन खान,** जिला अध्यक्ष, जोगी कांग्रेस

**अवैध शराब कारोबार को लेकर भी उठे सवाल**

जिले में अवैध शराब कारोबार, ओवररेटिंग और नेटवर्क संचालन को बनाए रखने के लिए ही विवादित बाबू की वापसी कराने की चर्चा हो रही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सरकार और आबकारी विभाग इस पूरे मामले में कोई स्पष्ट जांच कर स्थिति सामने लाते हैं या नही।

**अटैचमेंट रोकने के लिए जिला कार्यालय से कोई पत्राचार नहीं हुआ**

संबंधित लिपिक के अटैचमेंट को रोकने के लिए जिला कार्यालय से कोई पत्राचार नहीं किया गया है। यह फैसला उच्च अधिकारियों का है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। जांच भी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे होंगे।

- **अभिषेक तिवारी,** जिला आबकारी अधिकारी, राजनांदगांव

## सिंघोरी अवैध खाद भंडारण, बिना बैच नंबर के 600 बोरी खाद जब्त

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** जिले में खाद संकट के बीच किसानों को अवैध खाद बिक्री करने बिना नाम और बैच नंबर के गोदाम मे डंप कर रखी गई खाद पर कृषि विभाग के अमले ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 600 बोरी खाद जप्त की है। खैरागढ़ ब्लाक के सिंघौरी में कृषि विभाग द्वारा कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान ग्राम सिंघौरी में अवैध रूप से उर्वरक भंडारण का मामला सामने आया। जांच में मोतीपाल के गोदाम में सफेद प्लास्टिक बोरियों में बिना नाम, कंपनी व बैच नंबर का उर्वरक भंडारित पाया गया। कृषि विभाग की टीम ने मौके से उर्वरक का नमूना लिया और गोदाम को सीलबंद कर जब्ती की कार्रवाई की। लगभग 600 सफेद प्लास्टिक बोरी उर्वरक पाया गया। सहायक संचालक कृषि लुकमान साहू के नेतृत्व में टीम द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## पाण्डातराई में गुणवत्ताहीन निर्माण पर चला नगर पंचायत का बुलडोजर

**पाण्डातराई/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नगरीय निकायों में निर्माण कार्य तय मानकों और गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पण्डरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में नगर पंचायत पाण्डातराई में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत के उप अभियंता ने अध्यक्ष सरिता रामकुमार सोनी, उपाध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर और लोक निर्माण सभापति रामू पाण्डेय की उपस्थिति में विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 1 स्थित कार्यालय के पास निर्माणाधीन शेड कार्य में तय मानकों के अनुरूप निर्माण नहीं पाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पाण्डातराई के निर्देशानुसार संबंधित निर्माण कार्य को जेसीबी के माध्यम से तोड़ते हुए दोबारा ले-आउट दिया गया। संबंधित ठेकेदार को निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुसार कार्य करने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई और सभी ठेकेदारों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# महतारी वंदन ई-केवाईसी में अनियमितता कबीरधाम जिले में 6 सीएससी आईडी बंद

■ **महतारी वंदन ई-केवाईसी में कबीरधाम प्रदेश में तीसरे स्थान पर, 83 प्रतिशत कार्य पूर्ण**

■ **कलेक्टर ने कहा - अनियमितता पर होगी सख्त कार्रवाई**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जिले में महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी कार्य तेजी से जारी है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी विभागीय सीएससी वीएलई को पंचायत भवन एवं वार्ड कार्यालयों में निर्धारित समयावधि के दौरान उपस्थित रहकर हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी हितग्राहियों को केंद्र तक लाने और प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को पंचायतों में समय-समय पर निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होने पर जांच के बाद जिले के 6 सीएससी वीएलई आईडी निष्क्रिय कर दी गई है। बोड़ला में 1, कवर्धा में 4 और पंडरिया में 1 सहित कुल 6 सीएससी आईडी शामिल हैं। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि महतारी वंदन योजना के ई केवायसी में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी और संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिन हितग्राहियों के आधार विवरण में त्रुटियां पाई गई हैं, उनका सुधार परियोजना कार्यालय द्वारा 2 से 3 दिवस के भीतर कराया जा रहा है, जिसके बाद पुनः ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। वर्तमान में सर्वर संबंधी किसी प्रकार की समस्या नहीं है और जिले में लगभग 83 प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य पूरा किया जा चुका है। कबीरधाम जिला महतारी वंदन योजना ई-केवाईसी कार्य में पूरे छत्तीसगढ़ में तीसरे स्थान पर है। निर्धारित समय सीमा में शेष केवायसी पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम किया जा रहा है।

## डॉ. रमन ने कबीर साहेब द्वार और मठ विकास के लिए दिए 51 लाख

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा आज अपने निवास कार्यालय में विभिन्न हितग्राहियों को मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किया गया और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम नादिया में कबीर साहेब द्वार कार्य हेतु मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की और कबीर साहेब मठ ट्रस्ट नादिया विकासखंड डोंगरगांव को मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि के तहत 11 लाख रुपए की स्वीकृति दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने राजनांदगांव की अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव को अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने की तैयारी के लिए 5 लाख रुपए की मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। ग्राम आलीखुंटा निवासी नोमेश कुमार साहू, गोदावरी बाई, नम्मूलाल साहू को 30-30 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। किलापारा पूनम सोनी को शिक्षा हेतु 10 हजार और राजनांदगांव निवासी संतोष सोनी को इलाज हेतु 10 हजार की मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिपं सदस्य देवकुमारी साहू, अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना के तहत विशेष शिविर

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** महिलाओं को राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का पूर्ण लाभ दिलाने और पात्र हितग्राहियों को योजना से वंचित न करने के उद्देश्य को लेकर आज वार्ड 46, तेली पारा स्थित अम्बेडकर भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बड़ी संख्या में पहुंचकर अपना केवायसी पूर्ण कराया और योजना का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान महिलाओं को महतारी वंदन योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई और पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। महिलाओं की भारी उपस्थिति और सकारात्मक सहभागिता यह दर्शाती है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं अब अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँच रही हैं। शिविर के आयोजक भाजयुमो जिला मंत्री सुनील सेन ने कहा हमारा निरंतर प्रयास है कि सरकार की प्रत्येक जनहितकारी व जनकल्याणकारी योजना का लाभ सरल, पारदर्शी और सुगम तरीके से समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचे, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।

# शराब दुकान कर्मी ही कर रहे थे मिलावट, चार गिरफ्तार

■ **अवैध शराब बॉटल के लिए ढक्कन, होलोग्राम और लेबलिंग सामग्री बरामद**

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** जिला मुख्यालय मे सरकारी शराब दुकान कर्मियों द्वारा ही शराब की अवैध बाटलिंग कर मिलावटी शराब बेचने का मामला सामने आया है। खैरागढ़ पुलिस और साइबर सेल की कार्यवाही में इस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। कार्यवाही में सरकारी शराब दुकान के तीन कर्मचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। किराए के मकान लेकर आरोपी शराब दुकान के सेल्समैन भागवत वर्मा और त्रिलोक यादव शराब दुकान की शराब लेकर मिलावट कर अवैध बाटलिंग और रीफिलिंग करते पाए गए। गिरफ्तार आरोपियों मे खैरागढ़ सरकारी शराब दुकान के सेल्समैन भागवत वर्मा 26 वर्ष सनडोगरी गातापार, सेल्समैन त्रिलोक यादव 29 वर्ष कुसुमकुआं दल्ली राजहरा, जालबांधा सरकारी शराब दुकान के सुपरवाइजर तिपेश सोनी 31 वर्ष डौंडी बालोद और शक्ति नारायण सिंह 43 साल दंतेवाड़ा शामिल हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने शराब में पानी मिलाकर अवैध रूप से बॉटलिंग और रीफिलिंग कर बिक्री करना स्वीकार किया है। आरोपियों के कब्जे से 130 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की सीलबंद पौवा, 10.5 लीटर संदिग्ध तरल पदार्थ शराब जैसी गंधयुक्त कुल 34 लीटर 203 नग ढक्कन, 720 लेबल स्टीकर, 3 पत्ता होलोग्राम, 1 जेरिकेन, 1 चाड़ी, 12 नग ब्लू स्टिक 67 नग खाली शराब बोतल 2 खाली वाटर केन व अन्य सामग्री जप्त की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**सुशासन तिहार:** विधानसभा अध्यक्ष ग्राम मुड़पार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में हुए शामिल

# प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में करेंगे कार्य: डॉ. रमन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मुड़पार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 4 करोड़ 50 लाख 59 हजार रूपए के 115 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम मुड़पार से खरखरा नदी तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 1 मई से 10 मई तक चलने वाले सुशासन तिहार अंतर्गत गांव-गांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में हेलीकॉप्टर से पहुंच कर ग्रामीणों का हालचाल पूछ रहे हैं। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ले रहे हैं और जनमानस की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहे है। जिसका एक माह में निराकरण कर आवेदक को सूचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रदेश में 18 लाख से अधिक नए आवास की स्वीकृति दी गई। जिसमें से 30 हजार 46 आवास निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। राजनांदगांव जिले में 10 हजार 304 आवास स्वीकृत किए गए। जिसमें से 6447 आवास पूर्ण हो चुके हैं। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रहे है। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में अपनी मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मंडी बोर्ड से 12 करोड़ रूपए एवं राजस्व विभाग से 11 करोड़ रूपए से ज्यादा कार्य स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी विकास के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत तथा विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और राजनांदगांव जिले को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाएंगे।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रशासकीय प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर लगाएं जा रहे है। जहां शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और जनमानस को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 62 शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मांग के 5 हजार तथा शिकायत के 115 आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 29 हजार आवास बने हैं और राजनांदगांव जिला प्रदेश में अव्वल रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.5 अंतर्गत 7119 गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा समूह की 42 हजार महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं।

**नाम-परिवर्तन**

मैं पूजा रानी सोरी (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पत्नी उत्तम ध्रुव निवासी पलैट नं. 104 सी-1 विंग, वुड आई लैंड अमलेश्वर, तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. ने अपना नाम पूजा रानी सोरी (पुराना नाम) से बदल कर पूजा सोरी ध्रुव (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
पूजा रानी सोरी पत्नी उत्तम ध्रुव
निवासी पलैट नं. 104 सी-1
विंग, वुड आई लैंड अमलेश्वर,
तहसील पाटन जिला दुर्ग ( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं./ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक गुलाम सिंह आ. स्व. सुखीराम सोनी निवासी बासीन तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम बासीन प.ह.न. 11 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तह. व व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 749, 759, 760/1, 760/2, 761 रकबा 0.20, 0.10, 0.60, 0.19, 0.36 हे. है। जो भूमिस्वामी नीराबाई पति गुलाम सिंह के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी नीराबाई पति गुलाम सिंह की मृत्यु दिनांक 15.12.2025 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

में शपथकर्ती जोगेश्वरी चक्रधारी (JOGESHWARI CHAKRADHARI) पति सुरेश (SURESH) उम्र 55 वर्ष, निवासी मकान नं. 240 क. कुम्हार पारा, नेवई भाठा, भिलाई, वार्ड नं. 64. पुरई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :- मैं उपरोक्त दर्शित पते पर निवास करती हूं। मेरे पति सुरेश पिता देवी प्रसाद जो कि स्टील अथारिटी ऑफइंडिया लिमिटेड, भिलाई इस्पात संयंत्र में जुनियर इंजीनियर के पद पर (Plate Mill) यांत्रिकी विभाग में कार्यरत है। यह कि, मेरे पति के विभागीय रिकार्ड, (Dependent / Nominee Details) में मेरा नाम (JOGESHWARI) दर्ज हो गया है। यह कि, मेरा वास्तविक एवं सही नाम जोगेश्वरी चक्रधारी (JOGESHWARI CHAKRADHARI) है, जो कि मेरे आधार कार्ड कमांक- 4731 9347 2743 एवं पेन कार्ड क्रमांक AVEPC4375R एवं मेरे नाम से संचालित यूनियन बैंक, शाखा-सिविक सेंटर भिलाई के खाता कमांक 074010011010259 एवं ईप्लाई पेंशन फार्म (EPFS) में मेरा नाम जोगेश्वरी चक्रधारी (JOGESHWARI CHAKRADHARI) अंकित है। मेरे पति के विभागीय रिकार्ड, (Dependent / Nominee Details) में मेरा नाम (JOGESHWARI) के स्थान पर जोगेश्वरी चक्रधारी (JOGESHWARI CHAKRADHARI) अंकित करना चाहती हूं। मेरा सही व वास्तविक जाम जोगेश्वरी चक्रधारी (JOGESHWARI CHAKRADHARI) पति सुरेश (SURESH) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे विभागीय रिकार्ड एवं शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हैं।

शपथकर्ती
जोगेश्वरी चक्रधारी पति सुरेश
निवासी मकान नं. 240 कुम्हार पारा,
नेवई भाठा, भिलाई, वार्ड नं. 64. पुरई,
तह. व जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

**नाम-परिवर्तन**

मैं रमेसरी बाई (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री स्व. मनबोधी, पूर्व निवासी ग्राम नगपुरा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), निवासी-मकान नं.-114, परसबोड, तह. व जिला राजनादंगाव (छ.ग.) ने अपना नाम रमेसरी बाई (पुराना नाम) से बदल कर केकती साहू (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
रमेसरी बाई
सुपुत्री स्व. मनबोधी,
पूर्व निवासी ग्राम नगपुरा, तह. व
जिला दुर्ग ( छ.ग. )

**नाम-परिवर्तन**

मै लाकेश्वरी (LAKESHWARI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर-160, राधा कृष्ण मंदिर वार्ड नंबर 28, पचरिपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से अपना नाम लाकेश्वरी (LAKESHWARI) (पुराना नाम) से बदल रंजीता यादव (RANJITA YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
लाकेश्वरी
शहर-160, राधा कृष्ण मंदिर
वार्ड 28 पचरीपारा दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग. )

**नाम-परिवर्तन**

मैं लता बघेल (Lata Baghel) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पत्नी श्री हेमंत बघेल (Hemant Baghel) निवासी- मकान नं.- 91, ग्राम राहटादाह, पोस्ट धमधा, तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) 491331 ने अपना नाम लता बघेल (Lata Baghel) (पुराना नाम) से बदल कर हेमलता बघेल (Hemlata Baghel) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
लता बघेल
पत्नी श्री हेमंत बघेल
निवासी- मकान नं.- 91, ग्राम
राहटादाह, पोस्ट धमधा, तह. धमधा
जिला दुर्ग ( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र/अ-74/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक चन्द्रभूषण पिता स्व. महेशराम कुर्रे निवासी ग्राम सिरसाखुर्द तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 रा.नि.मं. तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 96/3 रकबा 0.1000 हे. भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430105900030

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम नगपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी नीता वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर, हुकुम सिंह वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर, रेणुका वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर, खुशबु वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1459/2(0.6000), 1463/2 (0.2000), 1463/3(0.3000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता नीता वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर, हुकुम सिंह वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर, रेणुका वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर, खुशबु वर्मा पिता/पति माखनलाल वर्मा पता सी 12 फेस-1 हल्का एवेन्यु टाऊनशिप उसलापुर बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन/सूचना**

मैं श्रीमती सुष्मिता कुंभार (SUSHMITA KUMBHAR) पति श्री सुरज कुंभार (SURAJ KUMBHAR) उम्र 32 वर्ष, पता- क्वा.नं.5, ब्लाक-6, सड़क 08, हास्पिटल सेक्टर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं मैं अपना पुराना नाम सुष्मिता जाल (SUSHMITA JAL) पिता श्री शिबारतु जाल को बदलकर नया नाम श्रीमती सुष्मिता कुंभार (SUSHMITA KUMBHAR) पति श्री सुरज कुंभार (SURAJ KUMBHAR) रख लिया है।

शपथकर्ती
श्रीमती सुष्मिता कुंभार
पति श्री सुरज कुंभार
पता- क्वा.नं.5, ब्लाक-6, सड़क
08, हास्पिटल सेक्टर भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग )

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक डॉ. सतीश चन्द्र मिश्रा आ. स्व. जगदीश चन्द्र मिश्रा अन्य 02 निवासी पचरीपारा दुर्ग की ओर अधिवक्ता श्री अमित मिश्रा द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग मे वर्ष 1954-55 के अधिकार अभिलेख के अनुसार भूमि ख.नं. 628/1 रकबा 0.81 एकड़ (0.328 हे.) बहादुर सिंह आ. गेंद सिंह के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज थी। जिसका दु. रकबा 2070 वर्गफुट आवेदकगण की दादी श्यामराजी बेवा रामसेवक व्दारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 02.11.1951 के माध्यम से विक्रेता बहादुर सिंह गुप्ता से कय कर काबिज हुई थी। उक्त कय की गई भूमि का नामातंरण पश्चात ख.नं. 628/5 रकबा 0.05 एकड़ वर्ष 1954-55 के अधिकार अभिलेख के खाता कं0 743 में आवेदकगण की दादी श्यामराजी बेवा रामसेवक के नाम दर्ज किया गया। वर्ष 1993 में ख.नं. 628 का कुल क्षेत्रफल 2.43 एकड के अन्य सभी टुकड़ो को भी नजूल दर्ज किये जाने का आदेश पारित कर नजूल शीट 45 डी प्लाट नं. 92 के रूप में दर्ज भी कर दिया गया है। आवेदक को किसी प्रकार की जानकारी एवं सहमति के बिना आदेश पारित किया गया है।, ख.नं. 628 के अन्य सभी टूकडो को भी नजूल दर्ज किये जाने पश्चात नजूल शीट नं. 45 डी प्लाट नं. 92 कर ख.नं. 628 के अन्य क्रेतागण को राज्य शासन के व्दारा 30 वर्षीय नजुल पटटा पर आबंटित भी कर दिया गया है। अतः आवेदकगण को को पचरी पारा दुर्ग स्थित नजूल भू शीट नं. 45 डी (ख.नं. 628/5 रकबा 0.05 एकड) भूखण्ड क्रं. 92 का स्थाई पटटा प्रदान किया जाये। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.05.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

# बीजापुर में नक्सली डंपों से 65 लाख नकद बरामद, पुलिस ने 32 हथियार और विस्फोटक जब्त की

### अब तक 20 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति मिली

**बीजापुर/नवप्रदेश।** बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगलों में छिपाए गए डंपों से भारी मात्रा में नकदी, हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। बीजापुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। सुरक्षा बलों ने अलग-अलग ठिकानों से 65.52 लाख रुपए नकद, 32 घातक हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार, अब तक की कुल कार्रवाइयों में 7.2852 करोड़ रुपए नकद और 8.20 किलोग्राम सोना सहित करीब 20.0852 करोड़ रुपए की संपत्ति बरामद की जा चुकी है।

**'नक्सलमुक्त बीजापुर' अभियान के तहत कार्रवाई :** पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन के 'नक्सलमुक्त बीजापुर' अभियान के तहत पिछले एक महीने से सुदूर इलाकों में सघन सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग और मजबूत खुफिया तंत्र की मदद से के छिपे हुए नक्सली डंपों का पता लगाया गया।

**एलएमजी, एसएलआर और कार्बाइन जैसे हथियार बरामद :** बरामद हथियारों में 1 एलएमजी, 4 एसएलआर, 1 कार्बाइन, 5 .303 रायफल, 1 .315 रायफल, 5 सिंगल शॉट बंदूकें, 4 बारह बोर बंदूकें, 7 बीजीएल लॉन्चर और 1 पिस्टल शामिल हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। इनमें 33 एके-47 कारतूस, 219 एसएलआर कारतूस, 181 .303 कारतूस, 118 .315 कारतूस और 84 बीजीएल सेल शामिल हैं।

### 140 किलो विस्फोटक पदार्थ नष्ट

पामेड़ थाना क्षेत्र के कवरगुट्टा जंगल और नेशनल पार्क इलाके से सुरक्षा बलों ने 140 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट और यूरिया बरामद किया। सुरक्षा कारणों से इसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, टूल्स और दैनिक उपयोग की सामग्री भी जब्त की गई है।

### माओवादियों की सप्लाई चेन को बड़ा नुकसान

पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से नक्सलियों की लॉजिस्टिक सप्लाई, हथियार आपूर्ति और आईईडी निर्माण क्षमता को बड़ा नुकसान पहुंचा है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 से अब तक 517 हथियार और 1092 आईईडी बरामद किए जा चुके हैं। वहीं वर्ष 2025-26 में अब तक 461 हथियार जब्त किए गए हैं।

---

## न्यूज गैलरी

### मनेन्द्रगढ़ स्टेशन पर रेल आपदा प्रबंधन व एनडीआरएफ का संयुक्त मॉक ड्रिल 15 को

**मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश।** रेल दुर्घटना जैसी आपातकालीन स्थितियों में त्वरित राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा निरंतर प्रयास किए जाते हैं। इसी कड़ी में 15 मई को प्रातः 10 बजे से मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड में एक वृहद मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस संयुक्त अभ्यास में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और रेलवे की आपदा प्रबंधन टीमें हिस्सा लेंगी। अभ्यास के दौरान सवारी गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने की एक काल्पनिक स्थिति बनाई जाएगी। इसके माध्यम से मलबे में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकालने, घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने और अत्याधुनिक राहत उपकरणों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य फ्रंटलाइन स्टाफ और स्थानीय नागरिकों को आपदा के प्रति जागरूक करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को परखना है। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा आम जनता को भी सुरक्षा उपायों और आपातकालीन स्थितियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि किसी भी वास्तविक दुर्घटना के समय जीवन-रक्षा कार्यों को न्यूनतम समय में कुशलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

# छत्तीसगढ़ भाजपा कार्यसमिति में राजनीतिक और नक्सल उन्मूलन प्रस्ताव पारित

### मोदी सरकार की उपलब्धियों और नक्सलवाद के अंत पर जताया गर्व

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मंगलवार और बुधवार को राजनीतिक प्रस्ताव और नक्सल उन्मूलन संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों, नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, महिला सशक्तिकरण तथा विकास योजनाओं को प्रमुखता से रेखांकित किया गया जिसकी जानकारी आज बैठक खत्म होने के उपरांत भाजपा कार्यालय से दी गई।

राजनीतिक प्रस्ताव उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रस्तुत किया, जिसका समर्थन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा तथा महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया। वहीं नक्सल उन्मूलन प्रस्ताव उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रखा, जिसका समर्थन वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने किया।

कार्यसमिति ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को मिले ऐतिहासिक जनादेश के लिए प्रदेश की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रस्ताव में कहा गया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने 'मोदी गारंटी' के तहत किए गए अधिकांश प्रमुख वादों को पूरा कर जनता का विश्वास मजबूत किया है।

बैठक में दावा किया गया कि देशभर में भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय विचारधारा के विस्तार का संकेत बताया गया।

प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को 'सनातन पुनर्जागरण का काल' बताते हुए अयोध्या राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण, योग और आयुर्वेद को वैश्विक पहचान, जी-20 के दौरान भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रदर्शन तथा बाबा साहब आंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों के विकास जैसे कार्यों को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया।

प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा गया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को वार्षिक सहायता, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहयोग, महिलाओं को भूमि पंजीयन में छूट और रानी दुर्गावती योजना जैसी योजनाओं ने जनता का विश्वास पुनर्स्थापित किया है।

कार्यसमिति ने 'सुशासन तिहार', 'समाधान योजना' और 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्र्य अधिनियम 2026' को भी सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताया।

नक्सल उन्मूलन प्रस्ताव में कहा गया कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती माने गए माओवादी आतंक का सफाया डबल इंजन सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है। प्रस्ताव में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

बैठक में सुरक्षा बलों, डीआरजी, स्थानीय पुलिस, जनप्रतिनिधियों और आदिवासियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा गया कि भाजपा के भी सौ से अधिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि नक्सली हिंसा में शहीद हुए हैं।

प्रस्ताव में कहा गया कि नक्सलवाद केवल विकास की कमी का परिणाम नहीं, बल्कि एक वैचारिक हिंसक आंदोलन था, जिसने उन क्षेत्रों को निशाना बनाया जहां शासन की उपस्थिति सीमित थी। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने विभिन्न समयों में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से माओवादी गतिविधियों को संरक्षण दिया।कार्यसमिति में कांग्रेस पर सलवा जुडूम आंदोलन को कमजोर करने, नक्सल घटनाओं पर सुरक्षा बलों पर सवाल उठाने तथा माओवादी समर्थक रुख अपनाने के आरोप भी लगाए गए।

बैठक में कहा गया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की पुनर्वास नीति और 'पूना मारगेम-पुनर्वास से पुनर्जीवन' अभियान के माध्यम से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को आर्थिक सहायता, कौशल विकास, शिक्षा, आवास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए, जिससे बस्तर क्षेत्र में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। कार्यसमिति ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई और 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए सेना की वीरता की सराहना की।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर नारी शक्ति वंदन कानून को लागू होने से रोकने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पश्चिम एशिया संकट, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है। प्रदेश कार्यसमिति ने भाजपा कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा विपक्ष के 'दुष्प्रचार और नकारात्मक राजनीति' का जवाब देने का आह्वान किया।

---

## पेज 1 का शेष...

**छत्तीसगढ़ भाजपा में बड़े...**

जला अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष और संगठन से जुड़े करीब 400 नेता शामिल हुए।

बैठक में आगामी 2028 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, सामाजिक संतुलन, सरकार-संगठन समन्वय और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर व्यापक चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों के अनुसार कार्यसमिति बैठक में दो अहम प्रस्तावों पर भी सहमति बनने की संभावना जताई गई। पहला प्रस्ताव नक्सलवाद की समाप्ति के लिए केंद्र और राज्य सरकार को धन्यवाद देने से जुड़ा है, जबकि दूसरा प्रस्ताव महिला आरक्षण संशोधन बिल को लेकर विपक्ष के रुख की निंदा से संबंधित बताया जा रहा है।

क्या किसी डिप्टी सीएम को मिलेगी राष्ट्रीय जिम्मेदारी?

भाजपा के भीतर सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि राज्य के किसी एक उप मुख्यमंत्री को संगठन में राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस संदर्भ में विजय शर्मा का नाम सबसे अधिक चर्चा में है, हालांकि कुछ हलकों में उप मुख्यमंत्री अरुण साव का नाम भी सामने आ रहा है। पार्टी के भीतर यह माना जा रहा है कि भाजपा ऐसे नेताओं को आगे लाना चाहती है जो चुनावी प्रबंधन, आक्रामक राजनीति और संगठन विस्तार में प्रभावी साबित हुए हों। इसके साथ ही यह भी चर्चा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अपनी नई टीम तैयार कर सकते हैं। लंबे समय तक छत्तीसगढ़ प्रभारी रहने के कारण वे यहां के नेताओं की कार्यशैली से परिचित हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ के कुछ नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में जगह मिलने या दूसरे राज्यों की जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

महिला डिप्टी सीएम फॉर्मूले की चर्चा : अगर डिप्टी सीएम स्तर पर बदलाव होता है तो भाजपा किसी महिला चेहरे को आगे कर सकती है। राजनीतिक गलियारों में लता उसेंडी और रेणुका सिंह के नाम प्रमुख रूप से चर्चा में हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक भाजपा महिला प्रतिनिधित्व, आदिवासी वोट बैंक और सरगुजा-बस्तर क्षेत्रीय संतुलन को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। इस रणनीति के जरिए भाजपा एक साथ कई राजनीतिक संदेश देना चाहती है– महिला नेतृत्व को बढ़ावा, आदिवासी क्षेत्रों में राजनीतिक पकड़ मजबूत करना, सामाजिक संतुलन साधना, 2028 चुनाव से पहले नया नेतृत्व तैयार करना है।

मंत्रिमंडल फेरबदल की अटकलें तेज : सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व पर केंद्रीय नेतृत्व का भरोसा बरकरार है और फिलहाल मुख्यमंत्री बदलने जैसी कोई संभावना नहीं है। बल्कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव भी उनके नेतृत्व में लड़ने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। हालांकि मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं तेज हैं। पार्टी सूत्रों का दावा है कि 2 से 4 मंत्रियों के चेहरे बदले जा सकते हैं। इस बार पार्टी वरिष्ठता के बजाय नए और सक्रिय चेहरों को प्राथमिकता देने के मूड में दिखाई दे रही है। राजनीतिक गलियारों में जिन संभावित नामों की चर्चा है उनमें भावना बोहरा, पुरंदर मिश्रा, सुशांत शुक्ला और सरगुजा क्षेत्र की किसी आदिवासी महिला विधायक का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है।

बूथ से लेकर सत्ता तक नई रणनीति : प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में संगठन को गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी बैठकों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं के विस्तार अभियान और सामाजिक संपर्क कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा अब केवल सरकार चलाने के मोड में नहीं है, बल्कि 2028 विधानसभा चुनाव के लिए दीर्घकालिक राजनीतिक रणनीति पर काम शुरू कर चुकी है। पार्टी युवा, आक्रामक और सामाजिक संतुलन वाले नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में सक्रिय दिखाई दे रही है। बरहाल संगठनात्मक संकेतों और बदलते आंतरिक समीकरणों ने साफ कर दिया है कि आने वाले महीनों में छत्तीसगढ़ भाजपा में सत्ता और संगठन दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**ऊर्जा संरक्षण का हर कदम...**

उपयोग की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने कहा की कि उनके आधिकारिक भ्रमणों के दौरान अब केवल अत्यावश्यक वाहनों को ही कारकेड में शामिल किया जाएगा। साथ ही मंत्रीगणों तथा विभिन्न निगम-मंडलों के पदाधिकारियों से भी वाहनों एवं अन्य सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया गया है।

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह...**

अनुकरणीय है और ऐसे समय में प्रत्येक जनप्रतिनिधि और नागरिक का दायित्व बनता है कि वह संयम, सादगी और जिम्मेदारी का परिचय दे।

**ट्रम्प का 8 साल बाद चीन...**

एप्पल सीईओ टिम कुक और बोइंग सीईओ समेत 17 बड़े अमेरिकी कारोबारी भी गए हैं। हालांकि चिप कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग इस दौरे में शामिल नहीं होंगे।

**विजय सरकार फ्लोर टेस्ट...**

नेता उदयनिधि स्टालिन ने एआईएडीएमके के बागी विधायकों और विजय की मुलाकात पर कहा कि यह मुलाकात बदलाव है या सौदेबाजी? क्या यही आपकी साफ-सुथरी सरकार है? टीवीके सरकार को इंस्टाग्राम रील के जरिए नहीं, बल्कि रियल गवर्नेंस करनी चाहिए। इस पर सीएम विजय ने कहा हमारी सरकार सेक्युलर तरीके से घोड़े की रफ्तार से काम करेगी न कि हॉर्स ट्रेडिंग में शामिल होगी।

**एन. रंगासामी 5वीं बार...**

नमस्सिवायम 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पिछली पुडुचेरी सरकार में वे गृह मंत्री थे। 4 मई को आए पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के परिणामों में रंगासामी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को 30 में से 16 सीटें मिली थी।

**वीर शहीद गुंडाधुर के...**

द्वारा फॉरेस्ट रेस्ट हाउस को आईईडी विस्फोट से उड़ा दिया गया था। वहीं एक अन्य आईईडी विस्फोट में दरभा थाना प्रभारी सहित सात जवान शहीद हुए थे। नक्सलमुक्त होने के बाद गांव में पहली बार किसी केंद्रीय मंत्री का आगमन हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। मंगलवार को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने नेतानार गांव का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। गांव स्थित पुलिस कैंप के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा हेलीपैड तैयार किया जा रहा है।

**केवल परीक्षा नहीं, लाखों...**

रद्द होने की स्थिति ने छात्रों की चिंता और अविश्वास को और गहरा कर दिया है। यह घटनाएं केवल समाचार नहीं होतीं। इनके पीछे लाखों छात्रों की टूटी हुई मानसिक स्थिति, परिवारों की बेचैनी और वर्षों की मेहनत का दर्द छिपा होता है। एक छात्र अकेला तैयारी नहीं करता। उसके साथ पूरा परिवार तैयारी करता है।

## स्कॉर्पियो ने स्वास्थ्य कर्मी को टक्कर मारी, मौत

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** पटना क्षेत्र के ग्राम डुमरिया में सोमवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी दिनेश साहू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। ग्राम आजो खुर्द निवासी दिनेश साहू स्वास्थ्य विभाग में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के पद पर छिदिया में कार्यरत थे। सोमवार को वे अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी रॉन्ग साइड से आ रही एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।

## बोर्ड परीक्षा : फेल व सप्लीमेंट्री छात्रों के लिए लगाई जाएंगी विशेष कक्षाएं

**जांजगीर/नवप्रदेश।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं परिणाम में गिरावट पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। राज्य रैंकिंग में जिला 32वें स्थान पर पहुंच गया है, जिसे गंभीर माना गया है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने सभी सरकारी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को तत्काल निर्देश जारी किए हैं। इस वर्ष 10वीं का परिणाम 60 प्रतिशत और 12वीं का 65 प्रतिशत रहा है, जिसे विभाग ने चिंताजनक स्थिति बताया है। बड़ी संख्या में छात्र अनुत्तीर्ण और पूरक होने के कारण अब जुलाई में होने वाली अवसर परीक्षा पर फोकस किया गया है। डीईओ ने निर्देश दिए हैं कि इन छात्रों के लिए अवकाश नहीं रहेगा और स्कूल स्तर पर नियमित ऑफलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी। कक्षाओं का समय सुबह 7 बजे से 10.30 बजे तक तय किया गया है। प्राचार्यों और शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परिणाम का विश्लेषण कर कमजोर विषयों और अध्यायों की पहचान करें।


**न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलवंत देवांगन पिता/पति भालू देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवकर में दिनांक 12/02/2000 को आवेदक के पिता / पति / माता / पत्नी /पुत्र /पुत्री सुमित्रा की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म / मृत्यु / प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्रप्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष /दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 15/05/2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया ।

दिनांक ....

स्थान - देवकर

तहसीलदार
देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालोद (छ.ग.)**

निविदा क्र. 01/ले.शा./ का.अ. / लो.स्वा.यां. खण्ड / 2026

बालोद, दिनांक- 07-05-2026

**संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा जारी बालोद जिले के विकासखण्ड बालोद, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में स्थित पेयजल स्त्रोतों में फ्लोराईड रिमूव्हल प्लांट स्थापना कार्य (समूह क्र. 01 से 07) निविदा सूचना क्र. 01 / दिनांक 07.05.2026 (जी क्रमांक 00598) में एक जगह त्रुटिवश **"ऑनलाईन निविदा"** अंकित हो गया था, जो कि **"मैनुअल निविदा"** हैं। अतः जिस स्थान पर **"ऑनलाईन निविदा"** अंकित हो गया है उसे **"मैनुअल निविदा"** पढ़ा जाए। बाकी निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जी- 262700699/2 जिला-बालोद (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी**
**जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

**// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना //**

क्र./457/ई-टेण्डर/लो.नि.वि./2026-27 अं.चौकी, दिनांक-11/05/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत अं. चौकी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है -

| सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 190622 | वार्ड क्र. 09 पुराना बस स्टैण्ड में उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य (क्षमता 250 KL) | 35.35 लाख | 02.06.2026 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी प्रकार का संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पंचायत अं. चौकी



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, सुकमा (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 190455 निविदा सूचना क्र . 05 / व.ले.लि./2026-27 दि. 12.05.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **02.06.2026** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है-

**कार्य का नाम - सुकमा जिले के विकासखण्ड सुकमा में निलावरम हाईड्रो पॉवर योजना (शीर्ष कार्य) का मरम्मत कार्य।**

**अनुमानित लागत - रू. 42.49 लाख**
**(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.05.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** - निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जी- 262700677/2 जल संसाधन संभाग सुकमा



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 190525/निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि./2026-27 दि. 13.05.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **03.06.2026** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है -

**कार्य का नाम - सुकमा जिले में सुकमा नगर पंचायत के वॉर्ड क्रमांक 05 में रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 400 मी. ।**

**अनुमानित लागत - रू. 259.24 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)**
**(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **20.05.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट**- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, सुकमा
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जी- 262700696/10 जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

# नकली एवरेस्ट मीट मसाला बेचने की आशंका, 50 हजार का माल किया गया सीज

*बिलासपुर/नवप्रदेश। नकली मसाले के कारोबार की आशंका पर खाद्य एवं औषधि विभाग ने व्यापार विहार स्थित एक ट्रांसपोर्ट परिसर में छापेमारी की। जहां से एवरेस्ट मीट मसाला के संदिग्ध पैकेट जब्त किए हैं। शुरुआती जांच में मसाले के नकली होने की आशंका जताई गई है। फिलहाल विभाग पूरे सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटा हुआ है। इस कार्रवाई में करीब 50 हजार रुपए कीमती मसाले को सीज किया गया है।*

दरअसल खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने व्यापार विहार स्थित श्री मारुति गुड्स गैरेज में जांच की। इस दौरान एवरेस्ट मसाला कंपनी के प्रतिनिधि भी साथ थे। जिसने यह पुष्टि की कि एवरेस्ट मीट मसाला नकली होने की आशंका है, जिसके आधार कार्रवाई करते हुए एवरेस्ट मीट मसाला के 9 बॉक्स संदिग्ध पाए गए। जांच के दौरान मौजूद एवरेस्ट मसाला कंपनी के प्रतिनिधि ने पैकिंग और उत्पाद को देखकर पहली नजर में इसे संदिग्ध बताया।

### ट्रांसपोर्टर के यहां मिला माल

खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जहां से मसाला जब्त किया गया है, वह एक ट्रांसपोर्टर का परिसर है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि, यह माल किस व्यापारी का है, इसे कहां सप्लाई किया जाना था। विभाग लगातार ट्रांसपोर्टर से पूछताछ कर रहा है। उसे नोटिस जारी कर माल से संबंधित दस्तावेज, बुकिंग डिटेल और सप्लाई से जुड़ी जानकारी मांगी गई है।

### अफसर बोले- सैंपल भेजकर कराई जाएगी जांच

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के डीओ आरआर देवांगन ने बताया कि शुरुआती जांच में एवरेस्ट मीट मसाला संदिग्ध लग रहा है, इसलिए उसे सीज किया गया है। कंपनी के प्रतिनिधि से भी पुष्टि की गई है। फिलहाल जांच जारी है। सैंपल परीक्षण के लिए भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट और कंपनी से प्राप्त जानकारी के आधार पर आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सैंपल की होगी जांच

विभाग ने एवरेस्ट कंपनी से भी विस्तृत जानकारी मांगी है। इसमें यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि जब्त मसाला असली है, नकली है या पैकिंग में किसी प्रकार की गड़बड़ी का मामला है। इसके साथ ही मसाले के नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। कंपनी के साथ समन्वय कर तकनीकी रिपोर्ट भी जुटाई जा रही है, ताकि पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सके। विभाग यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि संदिग्ध मसाला कहां से आया, किसके माध्यम से भेजा गया और किस बाजार में इसकी सप्लाई होनी थी। इसके लिए मुखबिरों के जरिए भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल अब तक कोई व्यापारी या संस्था सामने नहीं आया है, जिसने जब्त मसाले पर अपना दावा किया हो।

## न्यूज गैलरी

### डीपीएस में बारहवीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर में अध्ययनरत बारहवीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी शानदार परीक्षा परिणामों से संस्था का नाम रोशन किया। कक्षा बारहवीं में संस्था के कुल 179 विद्यार्थियों में सभी उत्तीर्ण हुए 7 95 तथा उससे अधिक प्रतिशत पाने वाले कुल 3 विद्यार्थियों ने संस्था का नाम रोशन किया, जिनमे ओवर आल टॉपर 96.8% श्रृष्टि पांडेय, पीसीएम विभूति श्रीवास्तव 90.4%, पीसीबी से अभिनव सोनी 91.4%, कॉमर्स से 93.8% सुयशी अग्रवाल, तथा ह्यूमैनिटिस से 96.8% श्रृष्टि पांडेय शीर्ष पर रहे। 95 % 3 , 90 से 95 % 17 , 80 से 90% 40, 75 से 80% 22, 60 से 75 % 70 तथा 60% प्रतिशत पाने वाले 27 विद्यार्थियों ने सफलता पाई जिन्होंने संस्था का नाम रोशन किया।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक से मारपीट

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शराब पीने के लिए पैसा मांगने पर मना करने से युवक पर नुकीली वस्तु से हमला कर मारपीट की गई व आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अमन चौहान पिता संतोष चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी बापू नगर मरहीं माता मंदिर तोरवा के पास द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि रात्रि करीब 10 बजे आरोपी प्रियांशु बक्सेल पिता विश्वास बक्सेल उम्र 25 वर्ष निवासी न्यू लोको पायलट कॉलोनी नया पारा सिरगिट्टी द्वारा शराब पीने के लिए पैसा मांगने पर मना करने से प्रार्थी पर नुकीली वस्तु से हमला कर मारपीट की गई एवं आरोपी मौके से फरार हो गया।

### हाईकोर्ट ने नया प्रावधान किया लागू, फैसले पहले से कहीं ज्यादा स्पष्ट, व्यवस्थित और समझने योग्य होंगे

# आपराधिक मामला: अदालतों के फैसलों में अब दिखेगा सबूतों का पूरा हिसाब

*बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की अदालतों में अब आपराधिक मामलों के फैसले पढ़ना और समझना आसान हो जाएगा। हाई कोर्ट ने छत्तीसगढ़ नियम एवं आदेश (आपराधिक) में बड़ा बदलाव किया है। अब हर फैसले के आखिर में एक इंडेक्स या चार्ट जोड़ना अनिवार्य होगा, इसमें गवाहों, दस्तावेजों और सामानों की पूरी जानकारी होगी।*

हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक मामले में दिए गए आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ नियम एवं आदेश (आपराधिक) में बड़ा बदलाव किया है। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब अदालतों के जजों को हर फैसले के अंत में तीन तरह की लिस्ट देनी होंगी। पहली लिस्ट गवाहों की होगी, इसमें गवाह के नाम के साथ उल्लेख करना होगा कि वह केस में किस तरह का गवाह है। दूसरी लिस्ट में कोर्ट में पेश किए गए एफआईआर, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों का नंबर और उन्हें साबित करने वाले व्यक्ति का नाम देना होगा। वहीं तीसरी लिस्ट में वारदात में इस्तेमाल हथियार, मोबाइल, वाहन या कपड़े जैसे भौतिक सबूतों की जानकारी देनी होगी। यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से प्रदेश की सभी निचली अदालतों में लागू कर दी गई है।



### क्यों किया गया बदलाव

इस बदलाव से संबंधित मामले की पूरी तस्वीर एक नजर में साफ हो जाएगी। ऊपर की अदालतों को रिकॉर्ड और सबूत खोजने में मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। वहीं, आम लोगों के लिए कोर्ट के उलझे हुए फैसलों को समझना आसान होगा। किसी केस में गवाहों या दस्तावेजों की संख्या बहुत ज्यादा है, तो जज केवल मुख्य और जरूरी गवाहों की सूची तैयार कर सकेंगे। यह नियम बचाव पक्ष के सबूतों पर भी उसी तरह लागू होगा।

### हर निर्णय के साथ तीन अलग-अलग सूचियां जोड़ी जाएंगी

हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब हर निर्णय के साथ तीन अलग-अलग सूचियां जोड़ी जाएंगी। पहली सूची में केस से जुड़े गवाहों के नाम और उनकी भूमिका का उल्लेख रहेगा। दूसरी सूची में एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, जब्ती पंचनामा सहित अदालत में पेश दस्तावेजों का विवरण और उन्हें प्रमाणित करने वाले व्यक्ति का नाम दर्ज किया जाएगा। वहीं तीसरी सूची में हथियार, मोबाइल, वाहन, कपड़े या अन्य भौतिक साक्ष्यों की पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन में किया गया है और इसे तत्काल प्रभाव से प्रदेश की सभी निचली अदालतों में लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था से उच्च अदालतों को अपील के दौरान रिकार्ड और सबूत तलाशने में आसानी होगी। साथ ही, जटिल मामलों की पूरी तस्वीर एक नजर में स्पष्ट दिखाई दे सकेगी। यदि किसी मामले में गवाहों या दस्तावेजों की संख्या अधिक होगी, तो न्यायाधीश मुख्य और आवश्यक साक्ष्यों की सूची तैयार कर सकेंगे। यह नियम अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों के सबूतों पर समान रूप से लागू रहेगा।

## रीति-नीति से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भाजपा की विचारधार, नीति-रीति, कार्यप्रणाली व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चन्द्रप्रकाश सूर्या के प्रयास से मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेता ने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं को पार्टी का गमछा पहनाकर उनका स्वागत कर पाट्री की सदस्यता ग्रहण कराई। नवप्रवेशी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे भाजपा द्वारा जनहित में किये जा रहे विकास कार्य, महतारी वंदन योजना, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयास सहित अन्य नीतिगत कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है और हमारा उद्देश्य होगा की हम पाट्री का सिपाही बनकर इस विशाल भाजपा पाट्री को और मजबूती प्रदान करें। इसके साथ ही और अधिक से अधिक लोगों को पाट्री की विचारधारा से अवगत करायें। इसके साथ ही उन्होने भाजपा नेता चन्द्रप्रकाश सूर्या का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा पार्टी नहीं एक परिवार: सूर्या

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चन्द्रप्रकाश सूर्या ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता के लिए जो कार्य किया है। वह आजादी के बाद से अब तक नही हुआ। हाल ही में हुए तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में जो बहुमत आया है। उससे यह स्पष्ट है कि प्रदेश ही नही पूरे देश में भाजपा की लहर है और देशवासी भाजपा की नीति रीति व कार्यप्रणाली से खुश है। भाजपा का मूल मंत्र व नारा ही है सबका साथ सबका विकास। आप लोगों की तरह ही मैं भी भाजपा का एक कार्यकर्ता व सिपाही हूं। हम सबको मिलकर पाट्री को और अधिक मजबूत बनाना है। और भाजपा की नीति-रीति को जन जन तक पहुंचाना है। भाजपा एक पाट्री नही हम सबका परिवार है। और परिवार में कोई बड़ा छोटा नही होता सब एक समान होते है। और हम सबको मिलकर इस परिवार को और मजबूत करना है।

## सीपत-बलौदा सड़क मार्ग जर्जर, 15 दिनों में नहीं सुधरी तो चक्काजाम

**सीपत/नवप्रदेश।** सीपत-बलौदा जर्जर मार्ग निर्माण की मांग और नहीं बनने की स्थिति में 16 मई से रखड़ व कोयला परिवहन करने वाले भारी वाहनों के अनिश्चितकालीन चक्काजाम की चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।

सोमवार को क्षेत्र के सरपंचों व ग्रामीणों द्वारा बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपे जाने के अगले ही दिन मंगलवार को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की टीम ग्राम ग्राम खम्हरिया पहुंची और जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ बैठक कर सड़क की समस्या पर चर्चा की। बैठक में एसडीओपी लालचंद मोहले, नायब तहसीलदार पूनम कन्नौजे, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रविंद्र अकेला और थाना प्रभारी राजेश मिश्रा मौजूद रहे।अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर सड़क की स्थिति और आंदोलन की चेतावनी को लेकर जानकारी ली। धनिया सरपंच दुष्यंत यादव ने कहा कि सड़क की आखिरी रिपेयरिंग अक्टूबर 2025 के महीने में हुई थी। उसके बाद से कोई मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क की हालत और बदतर हो गई है। रोजाना हादसे हो रहे हैं और लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।

## भक्ति, संगीत और सेवा भाव से सजी अविस्मरणीय संध्या, डॉ. मोनिका सम्मानित

*बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर महाराज के आशीर्वाद से आयोजित 'अनसंग हीरोज़ अवार्ड' समारोह भक्ति, संगीत और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर एक प्रेरणादायी आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य उन अनमोल व्यक्तित्वों को सम्मानित करना था, जो निस्वार्थ सेवा, प्रेरणा और मानवता के कार्यों के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।*

लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में देश-विदेश में अपनी मधुर प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ लिविंग गायक प्रवीण मेहता ने अपनी भावपूर्ण भक्ति संगीत प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों और संगीत ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भक्ति संगीत की इस संध्या को अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर योग और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने के लिए शुद्ध योग केंद्र की संरक्षक डॉ. मोनिका पाठक को 'अनसंग एवरी डे हीरोज अवार्ड' से सम्मानित किया गया। डॉ. मोनिका पाठक लंबे समय से योग, स्वास्थ्य जागरूकता और फिटनेस के क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके कार्यों की सराहना करते हुए आयोजकों ने कहा कि समाज में ऐसे व्यक्तित्व ही वास्तविक प्रेरणा के स्रोत होते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, आध्यात्मिक एवं खेल जगत से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि - 26/05/2026

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सु दिनांक | सिस्टम निविदा क्र. निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 34/2026-27 दिनांक11/05/2026 | 190684 (प्रथम आमंत्रण) | जिला एवं सत्र न्यायालय जगदलपुर के प्रथम तल में न्यायालय कक्ष का निर्माण कार्य। | 49.96 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर
जी- 262700706/4

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
दूरभाष 0788-2210876 दुर्ग, दिनांक- 05.05.2026
(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 25.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 30/190354 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत जिला के खनिज प्रभावित लोगों के लिये वेंटिंग हॉल का निर्माण कार्य | 18.44 |
| 31/190355 | मोहला-मानपुर-अं.चौकी संभाग के अंतर्गत सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न कार्य | 20.00 |

**टीप** - 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। 2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
जी- 262700681/1

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No. 03-11/SE(HR)-III/HR/E-Veh./W-T-116/393 Raipur Date: 12.05.2026
**TENDER NOTICE**
CSPGCL invites sealed bids from prospective bidders/contractors for the following works :-

| क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03-11/ HR/SE(HR)-III/ E-Veh./ W-T-116/393 dated 12.05.2026. | Hiring of VIP category E-Vehicle 07 seater SUV or equivalent for Chairman, CSPGCL, for a period of 02 years. | रु. 885/- वापसी योग्य नहीं (जीएसटी सहित) | रु. 48000/- वापसी योग्य |
| 2 | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | 18.05.2026 | 17:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की तिथि व समय | | 19.05.2026 | 15:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | | 19.05.2026 | 16:00 बजे |
| 5 | निविदा की संपूर्ण जानकारी हेतु कंपनी की वेबसाइट http://www.cspc.co.in/cspgcl/tender/ tendernotices /CentralOffices से प्राप्त की जा सकती है । निविदा संबंधी किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी वेबसाईट पर ही उपलब्ध होगी। | | | |
| 6 | निविदा खोला जाना या रद्द करना कंपनी के क्षेत्राधिकार में आता है । | | | |

SAVE ELECTRICITY S- 47812/3
EXECUTIVE DIRECTOR (HR)
CSPGCL: RAIPUR

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**Zone-03**
Email:- rmczone3@gmail.com
**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
**(2nd Call)**
**NIT NO: 11/ZONE-3/2026-27** **RAIPUR DATED: 13.05.2026**
Online bids are invited for the following works up to 28.05.2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 190378 | गुरू घासीदास वार्ड 48 सीमा नगर स्थित आंगनबाड़ी से उत्कल भवन तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। **(अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि)** | 10.00 Lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 13.05.2026, 17.30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

**NOTE: -**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through, Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-03
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

**नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण**
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नया रायपुर अटल नगर,
जिला रायपुर (छ.ग.) 492002 दूरभाष 0771-2612500,
ई-मेल: ceo.nranvp@cg.gov.in

क्रमांक 3624 /6 (1)/भू-प्रभाग/2026 नया रायपुर अटल नगर, दिनांक 12.05.2026

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित व्यक्तियों ने अपनी भूमिस्वामित्व हक की भूमि को उनके समक्ष दर्शाये अनुसार नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण रायपुर के पक्ष में **"नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण अटल नगर, आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2017"** यथा संशोधित 2025 के तहत विक्रय करने हेतु आवेदन दिया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय आदि की कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर पर्यावास भवन सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण नवा रायपुर के कार्यालय में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

| क्र. | आवेदक का नाम | खसरा | रकबा हे. में |
|---|---|---|---|
| | **ग्राम-कुरूं, प.ह.नं.-02, रा.नि.मं.- तोरला, तहसील-गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर** | | |
| 1 | शांतीबाई, कांती, केवरी पिता आनंदराम | 109 | 0.320 |
| 2 | संतोष वर्मा, ललिता वर्मा पिता सुखीराम वर्मा | 143/1 | 0.030 |
| 3 | महेन्द वर्मा, प्रदीप कुमार पिता सुखराम वर्मा | 143/2 | 0.020 |
| 4 | शिवकुमार पिता नरोत्तम | 143/3 | 0.030 |
| 5 | जगेश्वर वर्मा पिता नरोत्तम | 143/4 | 0.020 |
| 6 | प्रहलाद सहिस, भगतसिह मंगलसिंह, रोहित पिता स्व. लक्ष्मण | 131 | 0.310 |
| 7 | गोल्डन स्टार इन्फ्राटेड द्वारा भागीदार गंगाधर अग्रवाल पिता रामचंद अग्रवाल | 129 | 0.140 |
| 8 | खूबचंद, चित्रसेन पिता संतोष वर्मा, लताबाई पति संतोष वर्मा | 152 | 0.770 |
| | | 153/2 | 0.100 |
| | **योग** | **2** | **0.870** |
| 9 | रामअवतार पिता रामु वर्मा | 130/2 | 0.690 |
| 10 | भगवती पिता घसिया | 133 | 0.580 |
| 11 | रमेशचंद पिता रघुवीर | 137 | 0.270 |
| | | 151 | 0.220 |
| | **योग** | **2** | **0.490** |
| 12 | मोहित वर्मा पिता देवचरण वगैरह | 134 | 0.340 |
| 13 | लखन पिता झाडु | 126 | 1.090 |
| | **ग्राम-परसदा, प.ह.नं.-25, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील -मंदिर हसौद, जिला-रायपुर** | | |
| 14 | जगमोहन, उत्तमकुमार पिता उदल, राजकुमारी पति उदल | 548/1 | 0.710 |
| 15 | विनोद सचदेव पिता राजकुमार | 600/1 | 0.095 |
| 16 | सन्नी रिजवानी पिता राजकुमार | 600/2 | 0.095 |
| | **ग्राम-पलौद, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर** | | |
| 17 | बंटी पति शरद गोयल | 229 | 0.290 |

प्रबंधक (भूमि)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)
संवाद- 47808/3

# जगदलपुर में 'आग उगलती जमीन' से दहशत

## बंद पड़ी केमिकल फैक्ट्री में धधक रहा वेस्ट, चार बच्चे झुलसे, प्रशासन ने इलाके को किया चिन्हित,एसडीआरएफऔर दमकल टीम ने संभाला मोर्चा

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर के बलिराम कश्यप वार्ड स्थित वर्षों से बंद पड़ी एक केमिकल फैक्ट्री अब स्थानीय लोगों के लिए जानलेवा खतरा बन गई है। फैक्ट्री परिसर में पड़े केमिकल वेस्ट मटेरियल के भीतर लगातार आग धधक रही है। जमीन के नीचे अंगारों जैसे हालात बनने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस धधकती जमीन की चपेट में आकर अब तक चार बच्चे झुलस चुके हैं, जिनमें से दो बच्चों को उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार फैक्ट्री करीब 30 से 40 वर्षों से बंद पड़ी है। यहां पहले साल के पेड़ के छिलके से ओलियानोलिक एसिड बनाया जाता था। फैक्ट्री परिसर में वर्षों से पड़े केमिकल वेस्ट में अब भीतर ही भीतर आग सुलग रही है। लोगों का दावा है कि करीब चार हजार वर्गफीट क्षेत्र इसकी चपेट में है। कई जगहों से गर्म धुआं और भाप निकल रही है तथा जमीन पर पैर रखते ही धंसने जैसी स्थिति बन रही है।

खुले और जर्जर परिसर के कारण आसपास के बच्चे वहां खेलने पहुंच जाते हैं। खेलते-खेलते बच्चे धधकती जमीन पर पहुंच रहे हैं, जिससे उनके पैर गंभीर रूप से झुलस रहे हैं। वार्डवासियों ने प्रशासन से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था और स्थायी समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर निगम और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। दमकल वाहनों की मदद से सतही आग को शांत करने का प्रयास किया गया, हालांकि जमीन के भीतर अब भी आग धधकने की आशंका बनी हुई है। मौके पर एसडीआरएफकी टीम को भी लगाया गया है और इलाके को प्रतिबंधित करने की तैयारी की जा रही है।

महापौर संजय पांडे ने बताया कि यह निजी स्वामित्व वाली बंद पड़ी केमिकल फैक्ट्री है। वार्ड पार्षद से सूचना मिलने के बाद निगम अमला मौके पर पहुंचा और प्रारंभिक तौर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि जांच कराई जाएगी कि आग जमीन के कितने नीचे तक फैली है तथा क्षेत्र में प्रवेश निषेध बोर्ड लगाए जाएंगे।

नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने बताया कि फैक्ट्री में पूर्व में साल के छिलके से ओलियानोलिक एसिड तैयार किया जाता था और उसी के बायप्रोडक्ट में आग लगी हुई है। उन्होंने कहा कि संबंधित कंपनी के प्रबंधन को बुलाकर जानकारी ली जा रही है। झुलसे लोगों की ओर से पुलिस में मामला भी दर्ज कराया गया है तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### खंडहर फैक्ट्री बनी मौत का जाल

बलिराम कश्यप वार्ड स्थित बंद पड़ी केमिकल फैक्ट्री का परिसर अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। चारदीवारी कई जगहों से टूटी हुई है, जिससे लोग और बच्चे आसानी से अंदर पहुंच जाते हैं। जमीन के भीतर लगातार धधक रही आग के कारण पूरा इलाका बेहद खतरनाक बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि परिसर को पूरी तरह सील कर वैज्ञानिक जांच नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

### जांच की जाएगी

फायर ब्रिगेड की सहायता से प्रारंभिक तौर पर आग पर काबू पाया गया है। जांच की जाएगी कि आग जमीन के कितने नीचे तक फैली हुई है।

– **महापौर** संजय पांडे

### साल के छिलके से ओलियानोलिक एसिड बनाया जाता था

यहां पूर्व में साल के छिलके से ओलियानोलिक एसिड बनाया जाता था। उसी के बायप्रोडक्ट में आग लगी है,जो जमीन के काफी नीचे तक फैली हुई है।

– **प्रवीण** कुमार वर्मा, **आयुक्त निनि**

# गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य शुरू

- **लगभग 21 लाख रुपए की लागत से होंगे विकास कार्य**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** विगत दिनों 24 करोड़ 72 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं महापौर संजय पांडे द्वारा किया गया था। इसके अंतर्गत दलपत सागर के विकास एवं सौंदर्यीकरण,मुक्तिधाम से समूद चौक,पावर हाउस से पंच पथ चौक और आमागुड़ा चौक तक मार्ग चौड़ीकरण सहित शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य शामिल हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक-36 में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं वार्डवासियों ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वार्ड में ग्रीन सिटी में कश्यप के घर के सामने से गोविंदनी विला तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 9 लाख 98 हजार रुपये, सड़क पारा मानव संग्रहालय के साम पीसी नाली एवं सीसी सड़क निर्माण 7 लाख 50 हजार रुप फूलों गली एमपीएम ? हॉस्पिटल के आगे अगहनपर स्कल के बाज में सीसी सडक एवंहॉस्पिटल के आगे अगहनपुर स्कूल के बाजू में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। कुल मिलाकर 20 लाख 98 हजार रुपये के विकास कार्य किए जाएंगे।

निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर वार्डवासियों ने विधायक किरण सिंह देव,सांसद महेश कश्यप,महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर संजय पांडे ने कहा कि जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से संचालित हो रहे हैं और जनता की मांग के अनुरूप लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर की तस्वीर बदल रही है तथा सरकार के नेतृत्व में चौमुखी विकास कार्य अनवरत जारी रहेंगे।

वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा ने विधायक,सांसद एवं महापौर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से सड़क एवं नाली निर्माण की मांग थी,जो अब पूरी हो रही है। इससे वार्ड में हर्ष का माहौल है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरसिंग राव, लोक कर्म विभाग सभापति निर्मल पाणिग्रही, स्वच्छता सभापति सुरेश गुप्ता, आवास नियोजन सभापति योगेंद्र पांडे,पार्षद नेहा ध्रुव, संतोष गौर,श्यामसुंदर बघेल,सुरेश कश्यप,वाईवीएस राव, किशोर कुमार कश्यप,एम भगत,देवासिस विश्वास, सत्यनारायण जोशी,राजेंद्र नाग,बिलास साहा,देवकी भगत,आरती फिलिप्स,ममता खरे,सब इंजीनियर दिलीप मरकाम,ठेकेदार मुकेश गुप्ता,शांति कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### वार्डवासियों ने निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर जताई खुशी

गुरु गोविंद सिंह वार्ड में शुरू हुए सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को जलभराव, कीचड़ और आवागमन की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे वार्डवासियों ने निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर खुशी जताई। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिससे शहर के विकास को नई गति मिल रही है।

# आगनबाड़ी के नौनिहालों ने सीखा जल संरक्षण का महत्व

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** भीषण गर्मी के बीच जिले के 126 आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों ने एक अनूठी पहल के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश सीखा।

'तितली' संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को बेहद रोचक और मनोरंजक गतिविधियों के जरिए पानी के महत्व से अवगत कराया गया। खेल-खेल में बच्चों ने समझा कि गर्मी के मौसम में शरीर को स्वस्थ, ऊर्जावान और ठंडा बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना कितना जरूरी है।

कार्यक्रम में बच्चों को केवल स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ही नहीं दी गई,बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाया गया। गतिविधियों के माध्यम से नन्हे बच्चों ने जाना कि पानी केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं,बल्कि जीवन का आधार है। उन्हें यह भी बताया गया कि जल प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसकी सुरक्षा करना और उसे व्यर्थ बहने से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।गई, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाया गया। गतिविधियों के माध्यम से नन्हे बच्चों ने जाना कि पानी केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। उन्हें यह भी बताया गया कि जल प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसकी सुरक्षा करना और उसे व्यर्थ बहने से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह और सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते हुए जल संरक्षण के महत्व को समझा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा ली। आयोजन के अंत में बच्चों ने सामूहिक रूप से ÷पानी बचाओ, स्वस्थ जीवन अपनाओ÷ का संकल्प लिया और समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

### बच्चों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने की यह पहल

- गर्मी के मौसम में बच्चों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने की यह पहल बेहद प्रभावी साबित हुई।
- आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित गतिविधियों ने बच्चों को कम उम्र में ही जल संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का महत्व समझाया।

## पंडरीपानी सुशासन शिविर में योजनाओं की सौगात

# कमिश्नर ने योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

- **ग्रामीणों को आवास, स्वास्थ्य,कृषि और सामाजिक योजनाओं का मिला लाभ**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जगदलपुर विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी में बुधवार को सुशासन तिहार अंतर्गत सुशासन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर आमजन से प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-स्वामियों को डिजिटल किसान किताब, खसरा एवं बी-वन नकल उपलब्ध कराने और वनाधिकार मान्यता पत्रों का फौती-नामांतरण करने के निर्देश भी दिए।

शिविर के दौरान कमिश्नर ने प्रत्येक शिविर में स्वास्थ्य जांच व्यवस्था सुदृढ़ रखने, ग्रामीणों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा मोतियाबिंद पीड़ितों की पहचान कर आवश्यकतानुसार जिला अथवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार और ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने दिव्यांगजनों की जांच कर जरूरत के अनुरूप कृत्रिम अंग एवं उपकरण उपलब्ध कराने तथा आधार पंजीयन शिविरों के माध्यम से मोबाइल नंबर सीडिंग और नए आधार पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अंतर्गत सात महिलाओं को लाभान्वित किया गया। साथ ही पांच बच्चों का अन्नप्राशन और छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर सामाजिक सरोकारों का निर्वहन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंडरीपानी के धरमू और सुनकी को नए आवास की चाबियां सौंपी गईं। सहकारिता विभाग ने सात किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए,जबकि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग ने रागी बीज, आम और ऑयल पॉम पौधों का वितरण किया। मत्स्यपालन विभाग ने दो हितग्राहियों को मछली पकड़ने के जाल प्रदान किए।

### प्रशासनिक अफसरों ने मौके पर ही आवेदनों की सुनवाई कर निराकरण किया

सुशासन शिविर में ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ मिला। शिविर में स्वास्थ्य, आवास,कृषि,खाद्य,शिक्षा,सामाजिक सुरक्षा और आधार पंजीयन जैसी सेवाओं की उपलब्धता से ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर ही आवेदनों की सुनवाई कर निराकरण प्रक्रिया तेज करने का भरोसा दिलाया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित हुए। अंत में जनपद पंचायत जगदलपुर अध्यक्ष पदलाम नाग सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य ही संपदा इंदिरा स्टेडियम में 3 दिवसीय विराट योग उत्सव 15 मई से

- **जिला-पुलिस प्रशासन और पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** विश्व योग दिवस से पूर्व ÷फिट बस्तर-हिट बस्तर÷ अभियान के तहत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं पतंजलि योग समिति बस्तर के संयुक्त तत्वावधान में 15, 16 और 17 मई 2026 को नगर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में त्रिदिवसीय विराट योग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होने वाले इस योग उत्सव में हजारों योग साधकों की सहभागिता रहने की संभावना है। आयोजन की थीम ÷स्वास्थ्य ही संपदा÷ रखी गई है, जिसमें नगर के विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठनों का नेतृत्व भी रहेगा।

आयोजकों के अनुसार वर्तमान समय में युवाओं में हार्ट अटैक, शुगर, बीपी और मोटापे जैसी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इन्हीं बीमारियों से बचाव के लिए योग शिविर में विशेष यौगिक अभ्यास, खानपान संबंधी जानकारी एवं हेल्थ टिप्स दिए जाएंगे। शिविर के दौरान शुगर, बीपी और वजन की जांच के साथ प्राकृतिक चिकित्सा के अंतर्गत जल नेती, आई वॉश, कर्ण पूरण तथा औषधीय पेय की सुविधा भी योग साधकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

## महापौर ने बच्चों और अभिभावकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ, समर कैंप में व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी पर दिया गया जोर

# शिक्षा के साथ स्वच्छता और संस्कार भी जरूरी: संजय पाण्डेय

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बुधवार को चिड़ईपदर स्थित संस्कार द गुरुकुल स्कूल में सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित पर्सनालिटी डेवलपमेंट कैम्प (समर कैंप) में महापौर संजय पाण्डेय ने सहभागिता कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वच्छता, अनुशासन और संस्कारों का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के संस्कार विकसित करना, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के दौरान महापौर ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवन जीने का तरीका और एक महत्वपूर्ण संस्कार है, जिसे बचपन से अपनाना आवश्यक है। यदि बच्चे प्रारंभ से ही स्वच्छता को अपनी आदत बना लें तो आने वाले समय में समाज और शहर दोनों स्वच्छ एवं स्वस्थ बन सकते हैं।

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना भी उतना ही आवश्यक है। केवल शिक्षा प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि व्यक्ति के भीतर नैतिक मूल्य, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भी होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार हों तो वही व्यक्ति समाज और देश के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता बच्चों के दैनिक व्यवहार और आदतों का हिस्सा बननी चाहिए। जब बच्चे स्वच्छता अपनाते हैं तब पूरा परिवार उससे प्रेरित होता है और धीरे-धीरे समाज में भी सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि उनमें अच्छे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करें।

कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण,कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक मुक्त जीवन,साफ-सफाई के महत्व तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों की जानकारी भी दी गई। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता,आत्मविश्वास,अनुशासन, सामाजिक सहभागिता एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में हेमंत शर्मा,सचिन द्विवेदी,रतनलाल जैन,अमित जैन एवं हेमलता सहित अनेक अतिथियों की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने बच्चों के उत्साह एवं आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

### शिक्षा के साथ अनुशासन, नैतिक मूल्य आवश्यक

स्वच्छता एवं संस्कार आधारित इस समर कैंप में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। बच्चों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने,पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शिक्षा के साथ अनुशासन,नैतिक मूल्य और स्वच्छता की भावना भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

# इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने से ज्वेलरी उद्योग की मुसीबतें और बढ़ीं

## इंदौर में सोना 5600 और चांदी 12 हजार रुपए तक हुई महंगी

**शैलेश पाठक**

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक साल सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद अब सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ा दिए जाने से ज्वेलरी उद्योग और सराफा व्यापारियों की परेशानी और बढ़ गई। हालांकि ज्वेलर्स को ड्यूटी में बढ़ोतरी का अंदेशा पहले ही हो गया था और वैसा ही हुआ। केंद्र सरकार ने चांदी-सोने पर आयात शुल्क 5 फीसदी से बड़ा बढ़कर 10 फीसदी कर दिया है और सेस 1 फीसदी से बढ़कर 5 फीसदी कर दिया है। सोने और चांदी में जो ड्यूटी 6 फीसदी लगती थी वह बढ़कर अब 15 फीसदी लगेगी। यानी कुल मिलाकर सोने और चांदी के आयात के लिए अब हमें 9 फीसदी ज्यादा ड्यूटी ज्यादा देना पड़ेगी। इसके चलते बुधवार को भारतीय बाजारों में दोनों धातुओं की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। हालांकि बढ़ते दामों पर बाजार में ग्राहकों का सन्नाटा देखने को मिला है। बुधवार को इंदौर सराफा बाजारों में सोना केडबरी 5600 रुपये उछलकर 157000 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 12 हजार रुपये उछलकर 269000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई जबकि अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में भी सोना कमजोर रहा। कॉमेक्स पर सोना वायदा 10 डॉलर टूटकर 4690 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया। वहीं चांदी वायदा 249 सेंट उछलकर 86.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। सराफा व्यवसायी नीलेश सारडा का कहना है कि सरकार ने सोने के इंपोर्ट को कम करने और बढ़ते राजकोषीय घाटे के साथ भारतीय रुपये के अवमूल्यन को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है की भारत के आयात बिल का 9 फीसदी हिस्सा सोने का है। हालांकि वर्ष दर वर्ष सोने की आयात की मात्रा में तो थोड़ी कमी आ रही है, पर लगातार बढ़ते भाव से बिल में इजाफा हो रहा है और हमें ज्यादा डॉलर देना पड़ रहे हैं। बुलियन एवं आभूषण इंडस्ट्री की बात करें तो प्रधानमंत्री की अपील से और बढ़ाई गई आयात ड्यूटी से इस इंडस्ट्री पर नकारात्मक असर पड़ना तय है। आने वाले दो वर्ष इस ज्वेलरी इंडस्ट्री के लिए बहुत ज्यादा चुनौती पूर्ण होने की संभावना है। मध्य पूर्व तनाव के शुरू होते ही विश्व व्यापी ऊर्जा संकट का माहौल है और क्रूड ऑयल के दाम जो लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल हुआ करते थे वह अब 100 डॉलर के ऊपर पहुंच गए हैं। पूरे विश्व में पेट्रोल-डीजल के दाम में इजाफा देखा जा रहा है लेकिन भारत में अभी तक पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढे हैं। बुधवार को डॉलर की दर 96 डॉलर के करीब पहुंच गई है। आयातकों के लिए बड़ी चिंता की बात है। सोने और चांदी की आयात ड्यूटी में वृद्धि का यह कदम एक शुरुआत है और जल्दी ही पेट्रोल-डीजल के दामों में भी परिवर्तन होने की संभावना है जिसके बाद परिवहन और माल ढुलाई लागत में वृद्धि होगी। इससे महंगाई और बढ़ने का संकेत है। सूत्रों की माने तो आगे भले ही मध्य पूर्व तनाव खत्म हो जाएगा लेकिन उसके दुष्परिणाम अगले 1 वर्ष तक पूरे विश्व को झेलने पड़ेंगे।

कॉमेक्स वायदा- सोना वायदा 4690 डॉलर तक जाने के बाद ऊपर में 4726 डॉलर और नीचे में 4685 डॉलर प्रति औंस और चांदी 86.55 डॉलर तक जाने के बाद ऊपर में 87.78 डॉलर और नीचे में 85.52 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।

इंदौर के बंद भाव- सोना केडबरी रवा नकद में 157000, सोना आरटीजीएस में 159000 (जीएसटी अतिरिक्त), सोना 22 कैरेट 145700 रुपये प्रति दस ग्राम (जीएसटी अतिरिक्त) है। मंगलवार को सोना 151400 रुपये पर बंद हुआ। चांदी चौरसा 269000, चांदी आरटीजीएस 278000 चांदी टंच 269500 रुपये प्रति किलो और चांदी सिक्का 2880 रु. प्रति नग बिका। मंगलवार को चांदी 257000 रु. पर बंद हुई थी। उज्जैन। सोना केडबरी 157000, सोना रवा 156500 रु. दस ग्राम और चांदी पाट 270000, चांदी टंच 269000 रुपये प्रति किलो, चांदी सिक्का 2700 रुपये प्रति नग के भाव बोले गए।

## आयात घटने और डॉलर में मजबूती से बादाम की कीमतों में जोरदार तेजी

**इंदौर।** बादाम के प्रमुख उत्पादक केंद्रों कैलिफोर्निया में उत्पादन फिलहाल मामूली कम बताया जा रहा है लेकिन कैलिफोर्निया में आने वाले महीनों में मौसम का खतरा अभी भी बना हुआ है। मार्केट अब मौसम, पानी की उपलब्धता और शिपमेंट की मांग पर करीब से नजर रखेगा। कैलिफोर्निया के बादाम बड़े व्यापारी-स्टॉकिस्ट भी माल रोक-रोककर बेच रहे है जिससे वहां भी तेजी का वातावरण बना हुआ है। कैलिफोर्निया में अप्रैल महीने में भारत के लिए आयात सौदे मात्र 995 कंटेनर हुए जो 2026 मार्च की तुलना में 315 कंटेनर कम है 2026 मार्च में 1310 कंटेनर के सौदे हुए थे। इसी प्रकार 2025 अप्रैल में 1407 कंटेनर जारी हुए है। इसके अलावा डॉलर लगभग 96 डॉलर तक पहुंच गया है। आयातकों के लिए बड़ी चिंता की बात है। ईंधन की कीमतें कभी भी बढ़ सकती हैं। परिवहन और माल ढुलाई लागत में वृद्धि होगी। कीमतें कम होने की संभावना नहीं है। भारतीय आयातकों को बादाम की आयात पड़तल भी काफी ऊंची बैठ रही है। दिल्ली-मुंबई में बादाम की आयात पड़तल 950 रुपये से अधिक बैठ रही है जिससे बादाम की कीमतों में बुधवार को भी तेजी दर्ज की गई। बुधवार को बादाम के दाम करीब 20 रुपये प्रति किलो तक उछल गए है। पिछले 11 दिनों में बादाम के दामों में करीब 70 रुपये की तेजी प्रति किलो पर आ चुकी है। इंदौर में बादाम इंडिपेंडेट बढ़कर 790 से 810 अमेरिकन 880 से 900, मोटा दाना 950 से 1000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। बादाम के वर्मतान दामों में और करीब 50 रुपये प्रति किलो आगे देखने को मिल सकती है। इधर, नारियल, खोपरा गोला और बूरे में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा। नारियल की आवक एक गाड़ी की रही। नारियल 120 भरती 2600, 160 भरती 2600, 200 भरती 2800, 250 भरती 2800 रुपये प्रति बोरी। खोपरा गोला बाक्स में 390-421, कट्टे में 375-380 रु. प्रति किलो, खोपरा बूरा 3300-6600 रुपये प्रति 15 किलो के भाव बोले गए। इंदौर में शकर की मांग सीमित रूप से बनी हुई है। मिलें भी अधिक से अधिक मात्रा में शकर की बिक्री कर रही है। इसके बावजूद शकर के दाम मजबूती पर टिके हुए है। शकर नीचे में 4180 ऊपर में 4240 रुपये प्रति क्विंटल तक बोली गई। शकर की आवक तीन गाड़ी की रही। शकर- शकर 4180-4200, बेस्ट क्वालिटी 4220-4240, गुड़ भैली 4500-4600 कटोरा 4900-5000, लड्डू 5200-5300, खोड़ी 5500-5600, महाराष्ट्र गुड़ ग्लास 5300-5600, रुपये प्रति क्विंटल। नारियल- नारियल 120 भरती 2600, 160 भरती 2600, 200 भरती 2800, 250 भरती 2800 रुपये प्रति बोरी। खोपरा गोला बाक्स में 390-421, कट्टे में 375-380 रु. प्रति किलो, खोपरा बूरा 3300-6600 रुपये प्रति 15 किलो के भाव बोले गए।



पूजन सामग्री- देशी कपूर 850 से 860 बेस्ट 875 से 900, पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 रुपये और सिंदूर (25 किलो) 7300 रुपये। केसर 225-271 रुपये। फलाहारी- साबूदाना सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) 1 किग्रा 6125, 500 ग्राम 6225, 200 ग्राम 6525, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) लूज 5625, रायलरतन साबूदाना (1 किलो) 6275, (500 ग्राम) 6375, रायलरतन साबूदाना लूज 5725, सच्चामोती पोहा (रजिस्टर्ड) 1 किलो 5750, (500 ग्राम) 5850, सच्चामोती खोपरा बूरा (1 किग्रा पैक) 4200 (15 किलो कट्टा), सच्चामोती मोरधन 500 ग्राम 7100, रायलरतन मोरधन 500 ग्राम 12000 रुपये के भाव बोले गए। मसाले- कालीमिर्च 740 से 760,, मिनिमटर 770 से 790, मटरदाना 800 से 820, हल्दी निजामाबाद 210 से 230, हल्दी सांगली 275-280, जीरा 225 से 250, मीडियम 250 से 275 बेस्ट 270 से 280, सौंफ मोटी 120 से 150, बेस्ट 275 से 350, एक्सट्रा बेस्ट 350 से 400, बारीक 180 से 300, लौंग चालू 730 से 755, बेस्ट 770 से 785, दालचीनी 250 से 255, जायफल 850 से 880, बेस्ट 925 , जावत्री 1875 से 1975, बेस्ट 2100 से 2150, बड़ी इलायची 1625 से 1675, बेस्ट 1850 से 1900, पत्थरफूल 235 से 255, बेस्ट 325-425, बाद्यान फूल 425 से 475, बेस्ट 525-550, शाहजीरा खर 350-400, ग्रीन 950 से 1100, तेजपान 92 से 98, नागकेसर 975, सौंठ 320 से 340, धोली मूसली 1475, हींग 751-3450, पाउच में 10 ग्राम 3550, 121-50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3350, 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3150, पाउडर 850 से 900, हरी इलायची 1700 से 1800, मीडियम 1850 से 1900, बेस्ट 1950 से 2100, एक्स्ट्रा बेस्ट 2300 से 2400 और पानबार 1600-1650 रुपये।

सूखे मेवे- काजू डब्ल्यू 240 नंबर 920-950, डब्ल्यू 320 नंबर 830-860, काजू डब्ल्यू 300 नंबर 790 से 810, काजू जेएच 820-840, काजू टुकड़ी 760-800, बादाम इंडिपेंडेट 790 से 810 अमेरिकन 880 से 900, मोटा दाना 950 से 1000, टांच 750 से 775, खसखस चालू 800 से 950, बेस्ट 1050 से 1350, खारक 75 से 80, मीडियम 90 से 125, बेस्ट 148 से 260, किशमिश कंधारी 450 से 500, बेस्ट 550 से 600, इंडियन 400 से 450 बेस्ट 450-500, चारौली 1500 से 1650, बेस्ट 1750 से 1800, मुनक्का 350 से 575, बेस्ट 675 से 950, अंजीर 650 से 850 बेस्ट 975-1250, तरबूज मगज बेस्ट 520-550 बारिक 280-300, मखाना 800-950 बेस्ट 1150-1200, एक्सट्रा बेस्ट 1250-1300, पिस्ता कंधारी 2800-2900, पिशोरी 3100-3200, ईरानी बड़ा पिस्ता 2075-2150, नमकीन पिस्ता 950-1200, बेस्ट 1200-1250, अखरोट 550-650, चिली बेस्ट 700-750 अखरोट गिरी 1250-1350, बेस्ट 1400-1450, जर्दालू 375 से 475, बेस्ट 550-650 केसर खुली ईरानी 190-220 केसर पेकिंग 240-250 रुपये।

## देसी-विदेशी तुवर की आवक में कमी

**इंदौर।** तुवर दाल में मांग का दबाव धीरे-धीरे बढ़ने लगा हैं। इस वजह से तुवर बाजार में मजबूती का रुख देखने को मिल सकता हैं। तुवर दाल में ताजा मांग निकलने के साथ ही प्रमुख स्पॉट बाजारों में देसी तुवर की आवक बेहद कमजोर रहने से बाजार को अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं लेमन तुवर में भी मामूली सुधार का रुख बना हुआ है। लातूर, हिंगनघाट, मलकापुर, खामगांव सहित कर्नाटक की प्रमुख मंडियों में भी आवक कम हो रही है। आयात की स्थिति पर नजर डालें तो बर्मा से तुवर आयात पिछले कुछ समय से अपेक्षाकृत कम है। पहले ऊँची डिस्पैरिटी के कारण आयात बेहद ही सीमित है, हालांकि अब आयात पैरिटी स्पॉट बाजार के लगभग बराबर आ चुकी है। इसके बावजूद बर्मा से बिकवाली फिलहाल सीमित रहने से घरेलू बाजार को मजबूती बनी हुई है। नाफेट द्वारा अभी तक लगभग 3.00 लाख टन तुवर खरीदी पूरी हो चुकी है और बफर में 4.40 लाख टन पुराना स्टॉक भी मौजूद है। यानि की सरकारी स्टॉक कुल लगभग 7.40 लाख टन पहुँच गया है। तुवर बाजार को जून से सपोर्ट मिलने की उम्मीद है इसका प्रमुख कारण मॉनसून बारिश के साथ तुवर दाल में डिमांड बढ़ने की उम्मीद है। वहीं अच्छी क्वालिटी की आवक की कमी है और अगस्त-सितम्बर में एल नीनो की संभावना से कम बारिश होती है तो यील्ड पर असर पड़ सकता है।

### काबुली चने में 150 रुपए टूटे

वहीं काबुली चने में ग्राहकी बेहद सुस्त बनी हुई है जबकि हलके-मीडिमम मालों की आवक खूब हो रही है जिसेस काबुली चने की कीमतों में नरमी रही। बुधवार को काबुली चना करीब 100-150 रुपये तक टूट गया। आवक 3200 बोरी के करीब बताई गई। अन्य दाल-दलहन में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं देखा गया। कंटेनर में नया काबुली (डॉलर) चना 42/44 9600, 44/46 9300, 50/52 8250, 58/60 7100, 60/62 7690 रुपये प्रति क्विंटल भाव बताए गए। दलहन- चना कांटा 5725-5775, विशाल चना 5650-5700, महाराष्ट्र विशाल 5750-5800, काबुली डॉलर 7400-8500, काबुली रशियन 5800-6000, बिटकी 5000-5300, मसूर 6050-6100, तुवर महाराष्ट्र सफेद 7200-7400, महाराष्ट्र लाल 7500-7700, कर्नाटक नई 7700-7900 नई निमाड़ी तुवर 6000-7300, मूंग बेस्ट गर्मी नई 7500-7600, बेस्ट 8200-8500, मीडियम 7600-7800, एवरेज गर्मी 7000-7200, मोगर 5500-6500, उड़द बोल्ड 8500-8700, एवरेज 7000-8000, हलका उड़द 4000-6000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बताए गए। दालों के दाम- चना दाल 6950-7050, मीडियम 7150-7250, बेस्ट 7450-7650, मसूर 7900-7900, बेस्ट 8000-8100, मूंग दाल 9500-9600, बेस्ट 10000-10100 मूंग मोगर 10400-10600, बेस्ट 10800-11000, तुवर दाल 7400-7600, मीडियम 8600-8800, बेस्ट 10000-10200, ए.बेस्ट 11000-11100, ब्रांडेड व्हाइटरोज तुवर दाल 12300, उड़द दाल 9800-10000, बेस्ट 10300-10500, उड़द मोगर 10500-10700 बेस्ट 10900-11100, रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोले गए। इंदौर चावल भाव- दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 12000-13000, तिबार 10500-11500, बासमती दुबार पोनिया 9500-10000, मिनी दुबार 8000-8500, मोगरा 5000-7000, बासमती सेला 7500-9500 कालीमूंछ डिनरकिंग 9000, राजभोग 7500, दुबराज 4500-5500, परमल 3400-3500, हंसा सफेद 2900-3100, पोहा 4500-5100 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्लांटों की ऊंचे दामों पर खरीदी घटने के बावजूद सोयाबीन में बड़ी मंदी नहीं

**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड आयाल के दामों में काफी ऊंचे होने के साथ ही भारतीय बाजारों में भी सोयाबीन की आवक पिछले 10-15 दिनों से काफी घट गई है जिससे सोयाबीन की कीमतों में एकतरफा तेजी की स्थिति बनी हुई है। प्लांटों की सोयाबीन में हर दामों पर खरीदी बनी हुई है। प्लांट खरीदी भाव 5800 रुपये थे तब से तेजी का बिगुल बचा जो वर्मातन में 7430 रुपये प्रति क्विंटल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। अभी भी सोयाबीन का फंडामेंटल मजबूत बताया जा रहा है। हालांकि कुछ बड़े प्लांटों की ऊंचे दामों पर खरीदी कमजोर देखने को मिली है। इसके बावजूद बड़ी मंदी की उम्मीद कम नजर आ रही है। महाराष्ट्र और राजस्थान के प्लांटों की खरीदी मजबूत बनी हुई है। ऐसे में सोयाबीन में बड़ी मंदी की आशंका कमजोर पड़ जाएगी। इसका एक कारण यह भी है कि सोयाबीन की आवक अब बढ़ने की उम्मीद कम है जिससे बाजार और बढ़ना तय है। दूसरी ओर भारतीय बाजार में सोयाबीन तेल की सप्लाई कमजोर रहने से सुधार का रुख जारी रहा। बुधवार को सोयाबीन तेल इंदौर आंशिक सुधरकर 1460-1465, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1400-1405, इंदौर पाम तेल 1530 रुपये प्रति दस किलो पर पहुंच गया। दूसरी ओर विदेशों में पाम तेल क्लोजिंग तक निचले स्तरों से रिकवर जरूर हुआ, लेकिन एमपीओबी के अप्रैल डेटा और कमजोर चाइना पाम ओलिन बाजार ने रिकवरी की रफ्तार सीमित देखी गई। यूएसडीए ने रिपोर्ट दी है कि अमेरिका में सोयाबीन का स्टॉक 12.8 फीसदी कम है जो अप्रैल के अनुमान से कम है। कमजोर एनर्जी और चाइना वेज ऑयल बाजार से पाम ऑयल पर दबाव बरकरार है। पाम ऑयल मिडडे तक तेज कमजोरी के साथ ट्रेड करता दिखा। कुल मिलाकर, मार्केट अभी भी मुख्य रूप से फ्यूचर्स-ड्रिवन बना हुआ है, जबकि पर्याप्त साउथ अमेरिकी सप्लाई फिजिकल बाजार पर दबाव बनाए हुए है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक क्रूड ऑयल और व्यापक वेज ऑयल बाजार स्थिर नहीं होते, तब तक रिकवरी पर ऊंचे स्तरों पर बिकवाली देखने को मिल सकती है। देशभर में सोयाबीन की आवक 1 लाख 30 हजार बोरी की रही जिसमें से मध्यप्रदेश में 70 हजार बोरी, महाराष्ट्र में 40 हजार बोरी, राजस्थान में 7000 बोरी और अन्य राज्यों में कुल 8000 बोरी की आवक दर्ज की गई।

**छावनी अनाज मंडी** - मंडी में सरसों निमाड़ी 7400-7500, रायडा 6400-6500, सोयाबीन 6700-7000 रु. क्विंटल के भाव रहे। लूज तेल - मुंगफली तेल इंदौर 1570-1570, मुंबई मूंगफली तेल 1610, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1460-1465, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1400-1405, इंदौर पाम तेल 1530, मुंबई सोया रिफाइंड 1485, मुंबई पाम तेल 1470, राजकोट तेलिया 2470, गुजरात लूज 1550, कपास्या तेल इंदौर 1440 रुपये प्रति दस किलो।

**प्लांट सोयाबीन भाव** - बेतुल ऑयल सतना 7430, बेतुल ऑयल 7425, प्रकाश 7375, धुलिया 7250, धीरेंद्र सोया 7411, एमएस सॉल्वेक्स नीमच 7350, नीमच प्रोटीन 7350, एबीआईएस बदनावर 7325, लिविंग फूड्स 7301, मित्तल 7301, केएन इटारसी 7411, अवी एग्रों 7375, प्रेटीज 7350, सांवरिया 7350, सूर्या फूड्स 7350, सिहल 7300, केपी निवाड़ी 7250, अमृत 7250, दिव्य ज्योति 7250, रामा 7200, महेश रिफाइनरी 7200, आइडिया लक्ष्मी देवास 7200, खंडवा ऑयल 7150 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोले गए।

**कपास्या खली-** इंदौर 2525, देवास 2525, उज्जैन 2525, खंडवा 2500, बुरहानपुर 2500, अकोला 3900 रुपये के भाव बताए गए। कमजोर क्रूड ऑयल कीमतों, नरम सबीओटी सोया ऑयल और चाइना वेज ऑयल बाजार में लगातार कमजोरी ने बाजार के सेंटीमेंट को दबाव में रखा।

## तुवर की एमएसपी 450 और उड़द 400 रुपए बढ़ी

**इंदौर।** मोदी कैबिनेट ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है, जिसमें तुवर, उड़द, मूंग और अन्य दालें शामिल हैं। इस फैसले का उद्देश्य किसानों को उनकी फसलों के लिए बेहतर लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना है। जानकारी के मुताबिक तुवर की एमएसपी 450 रुपये बढ़कर 8450 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द की एमएसपी 400 रुपये बढ़कर 8200 रुपये प्रति क्विंटलत और मूंग की एमएसपी मात्र 12 रुपये बढ़कर 8780 रुपये प्रति क्विंटल तय गई गई।

## डॉलर की उड़ान से इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में करंट, लैपटॉप और मोबाइल होंगे महंगे

**इंदौर।** सोने-चांदी और खाद्य तेलों के बाद अब आम आदमी की जेब पर इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की बढ़ती कीमतें भी बोझ डालने वाली हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर के 96 डॉलर के करीब पहुँचने और मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण शिपिंग लागत में हुई वृद्धि का सीधा असर गैजेट्स और घरेलू उपकरणों पर दिखने लगा है।

### आयात लागत में 10 से 12 फीसदी की वृद्धि

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जों और चिपसेट के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। डॉलर महंगा होने से आयातकों को अब पहले के मुकाबले अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। इसके चलते आने वाले दिनों में निम्नलिखित उत्पादों की कीमतों में 5 से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी तय मानी जा रही हैः -

**स्मार्टफोन और लैपटॉपः** सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले पैनल महंगे होने से ब्रांड्स अपनी कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं।

**होम एप्लायंसेसः** एसी, फ्रिज और वाशिंग मशीन की मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल होने वाले तांबे (Copper) और एल्युमिनियम की लागत भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ गई है।

# 10 साल से खांसी में खून की समस्या झेल रहे युवक को अम्बेडकर अस्पताल में मिली नई जिंदगी

**इमरजेंसी में सफल लोबेक्टॉमी सर्जरी, फेफड़े का संक्रमित हिस्सा काटकर निकाला, बीमारी से दी राहत**

**रायपुर/नवप्रदेश।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने एक अत्यंत जटिल एवं जीवनरक्षक सर्जरी कर 25 वर्षीय युवक की जान बचाने में सफलता प्राप्त की है। मरीज लंबे समय से खांसी के साथ खून आने की गंभीर समस्या से पीड़ित था। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी थी कि प्रत्येक बार खांसने पर लगभग 50 से 70 एमएल तक खून निकल रहा था। डॉक्टरों के अनुसार यदि समय रहते ऑपरेशन नहीं किया जाता तो अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मरीज की जान भी जा सकती थी।

अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग में छाती एवं फेफड़ों के अधिकांश ऑपरेशन उन्नत तकनीक से की जा रही है। अभनपुर के पास चटौद निवासी 25 वर्षीय युवक को पिछले लगभग 10 वर्षों से खांसी के साथ बलगम में खून आने की शिकायत थी। प्रारंभ में यह समस्या कम थी, लेकिन पिछले एक माह से लगातार बढ़ रही थी। पिछले कुछ दिनों में स्थिति और गंभीर हो गई तथा हर बार खांसने पर अत्यधिक मात्रा में खून आने लगा।

मरीज ने पूर्व में टीबी की दवाइयों का सेवन भी किया था तथा उपचार के लिए कई बड़े अस्पतालों में परामर्श लिया, लेकिन उसे राहत नहीं मिली। जांच के दौरान मरीज का सीटी स्कैन कराया गया, जिसमें दाएं फेफड़े के निचले हिस्से (लोअर लोब) में बड़ी कैविटी बनने एवं उसमें एस्परजिलोमा नामक फंगल संक्रमण होने की पुष्टि हुई। यह बीमारी सामान्यतः टीबी से पीड़ित मरीजों में देखने को मिलती है।

सीटी स्कैन रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद डॉ. साहू ने बताया कि मरीज की जान बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन आवश्यक था। इस सर्जिकल प्रक्रिया को मेडिकल भाषा में लोबेक्टॉमी (लोअर लोब ऑफ राइट लंग) कहा जाता है, जिसमें फेफड़े के संक्रमित हिस्से को काटकर निकाला जाता है। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल एवं हाई-रिस्क सर्जरी की श्रेणी में आता है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान फेफड़ों की प्रमुख रक्त वाहिनियों- पल्मोनरी आर्टरी एवं पल्मोनरी वेन, को क्षति पहुंचने का खतरा बना रहता है।

परिजनों की सहमति मिलने के बाद मरीज का अगले ही दिन आपातकालीन ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान अत्याधुनिक लंग स्टेपलर गन तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे ऑपरेशन के बाद एयर लीक जैसी जटिलताओं की संभावना कम हो सके। सफल सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और कुछ दिनों बाद उसे पूर्णतः स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। यह संपूर्ण उपचार आयुष्मान योजना के अंतर्गत निशुल्क किया गया।

डॉ. साहू ने बताया कि खांसी के साथ खून आने की स्थिति को मेडिकल भाषा में हीमोप्टाइसिस कहा जाता है। इसके प्रमुख कारणों में फेफड़ों की टीबी, फेफड़ों का कैंसर, पल्मोनरी एवी मालफॉर्मेशन, ब्रोंकाइटिस तथा अन्य गंभीर फेफड़ा संबंधी रोग शामिल हैं। पंडित नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी का कहना है कि चिकित्सकों की टीम ने समन्वित प्रयास करते हुए समय पर सफल सर्जरी कर मरीज को नया जीवन दिया। भविष्य में भी हमारा संस्थान इसी प्रकार मरीजों को बेहतर, सुलभ एवं उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर कहते हैं कि अस्पताल प्रबंधन का निरंतर यह प्रयास रहा है कि आयुष्मान योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को उच्चस्तरीय एवं निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाए और इस दिशा में हमें सफलता भी मिल रही है। वर्तमान में इस योजना से कई मरीज लाभांवित भी हो रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### मजदूरों से पंजीयन के नाम पर अवैध वसूली, संघ ने कलेक्टर से की शिकायत

**फरसगांव/नवप्रदेश।** कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लॉक में भोले-भाले ग्रामीणों और मजदूरों को सरकारी योजनाओं का झांसा देकर उनसे अवैध रूप से पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। 'राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ' ने इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संघ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 'छग मजदूर शक्ति संघ बिलासपुर' नामक संस्था के प्रतिनिधि माकड़ी ब्लॉक के ग्राम खुड़ी, धवड़ामाल और पीटापाल जैसे अंदरूनी क्षेत्रों में सक्रिय हैं। आरोप है कि सुनील रत्नाकर (निवासी जांजगीर-चांपा) नामक व्यक्ति खुद को श्रम विभाग का अधिकारी बताकर ग्रामीणों को गुमराह कर रहा है। वह मजदूर पंजीयन और सरकारी योजनाओं के आवेदन के नाम पर प्रति मजदूर 500-500 रुपये की अवैध वसूली कर रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पैसे लेने के बदले मजदूरों को किसी भी प्रकार की रसीद या पावती नहीं दी जा रही है। आरोपी ने खुद को स्थानीय संघ का सदस्य बताकर लोगों का विश्वास जीता, जबकि राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ ने स्पष्ट किया है कि उक्त व्यक्ति या उसकी संस्था का उनके संघ से कोई लेना-देना नहीं है।

### प्रधानमंत्री आवास निर्माण तेजी से पूरा कराने लगी जनचौपाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय-सीमा में पूरा कराने के लिए जिला प्रशासन बलरामपुर-रामानुजगंज ने निगरानी और समीक्षा तेज कर दी है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बदौली में जिला पंचायत सीईओ की मौजूदगी में विशेष जनचौपाल और समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत बदौली, कुन्दीकला और शिवपुर के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक के दौरान हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनके आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। जिन आवासों का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ उन्हें तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिन आवासों का निर्माण प्लिंथ से टॉप स्तर तक पहुंच चुका है, उनका कार्य आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण किया जाए। इसके अलावा टॉप लेवल पूरा होने के 10 दिनों के भीतर सेंट्रिंग और ढलाई का कार्य अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत सिधमा और खोखनिया के सचिवों की अनुपस्थिति के मामले में दोनों सचिवों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**कार्रवाई:** ऑक्सीजन जोन भंवरमरा में अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# दो ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर मशीन जब्त 50 ट्रिप रेत निकाल चुके थे माफिया

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और रेत कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑक्सीजन जोन भंवरमरा में अवैध रेत भंडारण का खुलासा किया है। कलेक्टर जीतेन्द्र यादव के निर्देश पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित रेत जब्त की।

नव प्रदेश खबर का असर

जानकारी के अनुसार राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत भंवरमरा ऑक्सीजन जोन में संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि अविनाश सोनी द्वारा शिवनाथ नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर उसका भंडारण किया गया था। मौके पर बड़ी मात्रा में रेत जमा मिली, जिसे तत्काल जप्त कर लिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मौके पर लगभग 40 से 50 ट्रैक्टर-ट्रॉली के बराबर रेत भंडारित पाई गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर मशीन भी जप्त की। जप्त वाहनों को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना सुरगी में सुरक्षित रखा गया है।

**खनिज माफियाओं पर प्रशासन सख्त**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण और परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफलगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत कारोबार के खिलाफप्रशासन की बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों में भी इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक सख्ती को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**रेत और चूनापत्थर से भरे 3 हाईवा वाहन जब्त, एक लाख से अधिक अर्थदण्ड की होगी वसूली**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा 12 मई को मारो एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खनिजों का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर रेत से भरे 01 हाईवा वाहन तथा खनिज चूनापत्थर से भरे 02 हाईवा वाहनों को जप्त किया गया। खनिज विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए जप्त सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी मारो में खड़ा कराया गया है। साथ ही संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मामलों में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। तीनों प्रकरणों में कुल 1 लाख 500 रुपये की अर्थदण्ड राशि वसूली करते हुए प्रशमन की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज संपदा के संरक्षण तथा शासन के राजस्व की सुरक्षा के लिए आगे भी लगातार जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

### गोंडाहूर धान खरीदी केंद्र पर प्रवासी मजदूरों का भुगतान अटका

**पखांजूर /नवप्रदेश।** पखांजूर क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र गोंडाहुर में कार्यरत प्रवासी मजदूरों और हमालों को पिछले लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने का मामला सामने आया है। मजदूरों का आरोप है कि लेम्स प्रबंधक एवं संबंधित केंद्र प्रभारी द्वारा भुगतान को लेकर मजदूर से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। प्रबंधक द्वारा मजदूरों को शासन के तय निर्धारित राशि को नजरअंदाज कर भुगतान कर रहे है जबकि हमलों ने इसका विरोध कर पूर्ण भुगतान की मांग कर रहे है। मजदूरों ने बताया कि वे पिछले दो महीनों से लगातार धान उठाव और अन्य कार्यों में लगे हुए हैं, लेकिन अब तक उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। कई मजदूरों ने उधार लेकर किसी तरह अपना गुजारा चलाने की बात कही। प्रवासी मजदूरों का कहना है कि जब भी वे भुगतान की मांग करते हैं, तो उन्हें लैंप प्रबंधक उन्हें कार्यालय से दुत्कारते हुए बाहर निकाल देते है। आलम यह है कि पैसा नहीं होने के कारण मायूस और हताश हमलों ने 13 किलोमीटर पैदल चलकर पखांजूर तहसीलदार से लिखित शिकायत कर भुगतान करवाने की मांग किया।बिहार राज्य से 19 मजदूरों को धान खरीदी केंद्र गोंडाहुर में दो महीने से काम लिया गया है।

## विद्युत विभाग की कार्यशैली से उपभोक्ता एवं अधिकारी परेशान

**पखांजूर/नवप्रदेश।** पखांजूर विद्युत विभाग में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री रामलाल प्रजा की कार्यशैली को लेकर उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि विभागीय समस्याओं और बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क करने पर संबंधित अधिकारी फोन रिसीव नहीं करते, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बिजली कटौती, ट्रांसफार्मर खराब होने, लो-वोल्टेज तथा बिल संबंधी समस्याओं को लेकर उपभोक्ता लगातार विभाग से संपर्क करने का प्रयास करते हैं, लेकिन कनिष्ठ यंत्री का मोबाइल अधिकांश समय बंद या रिसीव नहीं होता। खास बात यह है कि विद्युत बिल में शिकायत एवं संपर्क हेतु इसी अधिकारी का मोबाइल नंबर अंकित है, बावजूद इसके उपभोक्ताओं को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है। मामले को लेकर पखांजूर नगर पंचायत के कई पार्षदों ने भी नाराजगी जाहिर की है। पार्षदों का कहना है कि जनहित के मुद्दों और क्षेत्र में उत्पन्न विद्युत समस्याओं को लेकर जब भी कनिष्ठ यंत्री से संपर्क करने का प्रयास किया जाता है, वे फोन नहीं उठाते। इससे जनप्रतिनिधियों को भी लोगों के बीच जवाब देने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## कोरबा बेहाल और सरकार सुशासन तिहार मना रहा: जयसिंह

**पूर्व राजस्व मंत्री ने पूछा- मनाने की जरूरत क्यों आन पड़ी मंत्री को!**

भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ कोरबा जिला पंचायत अध्यक्ष का जंगी प्रदर्शन

नव प्रदेश लगातार

**कोरबा/नवप्रदेश।** जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) की बैठक में जिला पंचायत सीईओ के नहीं पहुंचने और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से नाराज जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह एवं भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। धरना के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष को मनाने पहुंचे मंत्री लखनलान देवांगन की भी किरकिरी हो रही है। इसे लेकर पूर्व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने राज्य सरकार के मंत्री लखनलाल देवांगन पर सवाल उठाए हैं।

**जनप्रतिनिधियों से मिलने के लिए अफसरों को फुर्सत नहीं:** पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश में 'सुशासन तिहार' के तहत लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन कोरबा में जनप्रतिनिधियों के कार्य ही नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों को अधिकारियों से मिलने का समय नहीं मिल रहा है, तब आम जनता की समस्याओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**अधिकारियों को कमीशन लेने की खुली छूट:** अग्रवाल ने कहा कि भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों पर कमीशनखोरी के आरोप लगाए हैं और ऐसे मामलों में जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धरने की सूचना मिलने पर मंत्री लखनलाल देवांगन मौके पर पहुंचे और नाराज नेताओं से चर्चा की, लेकिन मामला तत्काल शांत नहीं हो सका।

**जिले में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी:** पूर्व मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में मनमाने ढंग से राखड़ डलवाई जा रही है तथा रेत, डीजल, कबाड़ और कोयला चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जिले में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी बढ़ी है, जिससे जनप्रतिनिधियों और आम लोगों में नाराजगी है। फिलहाल अभी तक प्रशासन या जिला पंचायत सीईओ की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# साझा करने का विज्ञान : 'स्व' से 'सर्वस्व' तक की यात्रा

**डॉ. अच्युत सामंत**

**रायपुर/नवप्रदेश।** एक प्रश्न है जिसने सदियों से दार्शनिकों, संतों और वैज्ञानिकों को समान रूप से सोचने पर मजबूर किया है। प्रश्न इतना सरल है कि कोई बच्चा भी पूछ सकता है—आख़िर देने से अच्छा क्यों लगता है? यह अच्छा लगना वैसा नहीं है जैसा कुछ पाने पर होता है। पाने का सुख क्षणिक होता है—वस्तु मिलते ही उसका आकर्षण धीरे-धीरे कम होने लगता है। लेकिन देने से जो अनुभूति होती है, वह बिल्कुल अलग होती है। वह एक शांत, स्थायी और गहरी ऊष्मा होती है, जो लंबे समय तक मन में बनी रहती है। ऐसा संतोष जो बदले में कुछ नहीं मांगता, और आश्चर्य यह कि जो हमें खाली नहीं बल्कि और अधिक पूर्ण बना देता है।

हर सभ्यता ने इस प्रश्न का उत्तर खोजने की कोशिश की है, और लगभग हर सभ्यता एक ही निष्कर्ष पर पहुँची है। भागवत गीता इसे निष्काम कर्म कहती है—फल की इच्छा के बिना कर्म करना। दो, और फिर उसे छोड़ दो। इस अपेक्षा से मत दो कि बदले में कुछ मिलेगा या लोग तुम्हें देखेंगे और सराहेंगे। दो, क्योंकि देना उस आत्मा का स्वाभाविक गुण है जिसने ब्रह्मांड में अपना स्थान समझ लिया है। श्रीकृष्ण कहते हैं—फल तुम्हारा अधिकार नहीं, कर्म तुम्हारा अधिकार है। और देने का कर्म अपने आप में पूर्ण है।

गौतम बुद्ध ने तो उदारता यानी दान को ध्यान, अनुशासन और ज्ञान से भी पहले रखा। क्योंकि जो हाथ केवल संग्रह करना जानते हैं, वे ध्यान नहीं कर सकते। जो हृदय हर चीज़ से चिपका रहता है, वह कभी शांत नहीं हो सकता। उदारता कोई ऐसा गुण नहीं जो ज्ञान प्राप्ति के बाद आता हो; वह तो वह द्वार है जिससे ज्ञान भीतर प्रवेश करता है। कुरान में सदक़ा को केवल दान नहीं बल्कि आत्मशुद्धि कहा गया है। जो तुम देते हो वह पवित्र नहीं होता, बल्कि उसे छोड़कर तुम स्वयं अधिक निर्मल हो जाते हो। यहूदी परंपरा में त्ज़ेदकाह दया नहीं बल्कि न्याय है। साझा करना कोई विशेष उदारता नहीं; यह उस संतुलन की पुनर्स्थापना है जिसे संग्रह करने की प्रवृत्ति ने बिगाड़ दिया है। और अब, इन शिक्षाओं के लगभग ढाई हजार वर्ष बाद, आधुनिक विज्ञान भी उसी निष्कर्ष तक पहुँच गया है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ के शोध बताते हैं कि जब कोई व्यक्ति दूसरों को कुछ देता है, तो मस्तिष्क का वही भाग सक्रिय हो जाता है जो भोजन, संगीत या प्रिय व्यक्ति के चेहरे को देखकर सक्रिय होता है। शरीर में ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन जैसे रसायन बढ़ते हैं, जबकि तनाव का हार्मोन कॉर्टिसोल घटता है। अर्थात् देने वाला व्यक्ति केवल मानसिक रूप से नहीं, बल्कि

शारीरिक रूप से भी अधिक स्वस्थ होता है।

मार्टिन सेलिंगमैन ने अपने शोध में पाया कि उदारता मानव जीवन की स्थायी प्रसन्नता का सबसे विश्वसनीय आधार है। प्राचीन लोग यह सब बिना प्रयोगशालाओं के जानते थे। उन्होंने जीवन को देखा और समझा। उन्होंने उस किसान को देखा जो अपना अनाज बाँटता था और पाया कि उसके खेत कभी सूखे नहीं। उन्होंने उस माँ को देखा जो पूरे मोहल्ले के बच्चों को खिलाती थी और पाया कि उसके अपने बच्चे कभी भूखे नहीं रहे। उन्होंने उस साधु को देखा जिसके पास कुछ नहीं था, फिर भी उसे किसी चीज़ की कमी नहीं थी। और उन्होंने निष्कर्ष निकाला—साझा करने से कुछ घटता नहीं, बल्कि बढ़ता है। मैंने यह शिक्षा न शास्त्रों से सीखी, न विज्ञान से। मैंने इसे एक कप चाय से सीखा।

कलराबंक गाँव में मेरा बचपन अत्यंत गरीबी में बीता। चार वर्ष की आयु में पिता का निधन हो गया। माँ ने सात बच्चों को पाला। कई दिन ऐसे होते थे जब खाने को भी कुछ नहीं होता था। पाँच वर्ष की आयु से मैंने छोटे-मोटे काम करने शुरू किए। जो कुछ कमाता, उसे दोस्तों के साथ बाँट देता—चाय, नाश्ता, कभी फिल्म का टिकट। तब मुझे निष्काम कर्म शब्द नहीं पता था। मैंने गीता नहीं पढ़ी थी। पर एक बच्चे की सहज समझ से इतना जानता था कि बाँटने से चाय का स्वाद बेहतर हो जाता है, साथ चलने से रास्ता हल्का लगता है, और गरीबी भी कम भारी प्रतीत होती है।

वही भावना आगे चलकर कीट बनी—पाँच हजार रुपये और दो किराए के कमरों से शुरू हुआ एक विश्वविद्यालय। वही भावना कीस बनी—अस्सी हजार आदिवासी बच्चों का घर और विद्यालय। और 2013 में वही भावना Art of Giving बन गई। Art of Giving कोई संगठन नहीं, बल्कि एक अनुभूति है। यह समझ कि देने की इच्छा हर मनुष्य के भीतर पहले से मौजूद है। वह उस दादी में है जो सुबह पक्षियों को दाना खिलाती है। उस ऑटो चालक में है जो बुजुर्ग यात्री से किराया नहीं लेता। उस छात्र में है जो अपने कमजोर सहपाठी को पढ़ाने के लिए रुक जाता है। यह भावना हर जगह है; उसे केवल अभिव्यक्ति की अनुमति चाहिए।

आज, तेरह वर्षों बाद, Art of Giving को दुनिया के 220 देशों में दो करोड़ से अधिक लोग मनाते हैं। वर्ष 2026 को संयुक्त राष्ट्र ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए स्वयंसेवा का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है, और Art of Giving को इस अभियान में सहयोगी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

इस वर्ष का विषय है—"Share to Shine"।

इसका अर्थ केवल धन देना नहीं है। इसका अर्थ है—जो तुम हो, उसे साझा करना। अपना समय, अपना ज्ञान, अपनी शांति, अपना ध्यान, अपनी उपस्थिति। किसी ऐसे व्यक्ति के साथ जो शायद चुपचाप उसकी प्रतीक्षा कर रहा हो।

उपनिषदों की एक पंक्ति मुझे वर्षों से प्रेरित करती रही है—

'पूर्णमदः पूर्णमिदम्।'

वह पूर्ण है, यह पूर्ण है। पूर्ण में से पूर्ण निकाल लेने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है। साझा करने का इससे सुंदर वर्णन शायद कभी नहीं लिखा गया। जब आप पूर्णता से देते हैं, तब कुछ कम नहीं होता। दीपक दूसरे दीपक को जलाता है, पर उसकी लौ कम नहीं होती। कमरा केवल अधिक प्रकाशमय हो जाता है। यह केवल दर्शन नहीं है। यह विज्ञान है। यह जीवविज्ञान है। और यह हर उस मनुष्य का अनुभव है जिसने बिना गिने, बिना अपेक्षा के कुछ दिया और आश्चर्य से पाया कि उसके पास पहले से अधिक बचा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com